www.navpradesh.com

दैनिक **नवप्रदेश**

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 9 | कारोबार/खेल

रायपुर, मंगलवार, 22 सितंबर 2026 | शुक्ल पक्ष-एकादशी, | विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 223 | पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

भूपेश सरकार में प्रोत्साहन राशि बढ़ाने की नोटशीट से बैठक तक के रिकॉर्ड, ईडी को सौंपे दस्तावेज

■ कस्टम मिलिंग घोटाला: विशेष प्रोत्साहन राशि 40 रुपये से बढ़ाकर 120 रुपये प्रति क्विंटल की गई थी

रायपुर/नवप्रदेश। भूपेश सरकार के कार्यकाल में कस्टम मिलिंग की प्रोत्साहन राशि बढ़ाए जाने के फैसले की ईडी जांच कर रही है। ईडी के पत्र के बाद राज्य सरकार ने इस सिलसिले में करीब साढ़े तीन सौ पेज की जानकारी उपलब्ध कराई है। ईडी ने जानना चाहा था कि किन परिस्थितियों में

खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में धान की कस्टम मिलिंग के लिए राइस मिलर्स को दी जाने वाली विशेष प्रोत्साहन राशि 40 रुपये से बढ़ाकर 120 रुपये प्रति क्विंटल की गई।

ईडी कस्टम मिलिंग घोटाला मामले की पड़ताल तेज कर दी है। आरोप है कि प्रोत्साहन राशि में 80 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि के बाद इसमें से 20 रुपये प्रति क्विंटल की दो किस्तों में कुल 40 रुपये मिलर्स से कथित रूप से वसूले गए। इस मामले में करीब 140 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप है।

प्रकरण की जांच ईओडब्ल्यू-एसीबी भी कर रही है। इसमें कांग्रेस के प्रदेश कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, मार्कफेड के पूर्व एमडी मनोज सोनी और राइस मिलर रोशन ■ शेष पृष्ठ 8 पर

घोटाले में अफसर से लेकर मिलर्स पदाधिकारी रहे शामिल

ईडी के मुताबिक छत्तीसगढ़ में 140 करोड़ रुपये से ज्यादा का कस्टम मिलिंग घोटाला हुआ। आरोप है कि कस्टम मिलिंग के नाम पर 140 करोड़ रुपये से ज्यादा की अवैध वसूली की गई है। इसमें अफसर से लेकर मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी तक शामिल हैं। अलग-अलग राइस मिलर्स के द्वारा नागरिक आपूर्ति निगम और एफसीआई में कस्टम मिलिंग का चावल जमा किया जाता रहा। इस घोटाले में अनवर ढेबर और अनिल टुटेजा को भी आरोपी बनाया गया है। दोनों के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने मामला दर्ज कर कोर्ट में चालान पेश किया था, जिसके बाद दोनों को जेल भेजा गया था।

ईडी ने दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियां मांगी

सूत्रों के मुताबिक ईडी ने ईओडब्ल्यू-एसीबी की जांच के बाद सरकार से प्रोत्साहन राशि में वृद्धि से जुड़े मूल दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियां मांगी हैं। बताया गया कि खाद्य विभाग ने प्रक्रिया की शुरुआत से लेकर अधिसूचना जारी होने तक की सभी नोटशीट की प्रतियां उपलब्ध कराई हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ स्टेट राइस मिलर्स एसोसिएशन और अन्य संगठनों की ओर से दिए गए आवेदन व पत्रों का ब्यौरा भी भेजा गया है। प्रोत्साहन राशि बढ़ाने के फैसले को लेकर हुई बैठकों और चर्चाओं से संबंधित रिकॉर्ड भी इसमें शामिल हैं।

जांच में डेढ़ सौ से अधिक राइस मिलर्स के बयान दर्ज करने की बात

आरोप है कि मार्कफेड के अधिकारियों और राइस मिलर्स एसोसिएशन से जुड़े लोगों के माध्यम से मिलर्स के बिलों के भुगतान को कथित वसूली से जोड़ा गया। जांच में डेढ़ सौ से अधिक राइस मिलर्स के बयान दर्ज किए जाने की बात सामने आई है। बताया गया कि वर्ष 2023 में आयकर विभाग की कार्रवाई और बाद में ईडी की जांच से यह मामला सामने आया। ईडी से मिले इनपुट के आधार पर ईओडब्ल्यू-एसीबी ने भी प्रकरण दर्ज किया। जांच एजेंसी ने मनोज सोनी और रोशन चंद्राकर के खिलाफ चालान पेश किया था। बाद में अनवर ढेबर और अनिल टुटेजा के खिलाफ भी चालान पेश किया गया। मामले में आगे और कार्रवाई होने की संभावना है।

आज बेबाक

समझ में नहीं आता कि बेचारे अंडों और टमाटरों ने किसी का क्या बिगाड़ा है? खाने की इन चीजों को किसी पर फेंककर बर्बाद करने वाले बुड़बकों को आखिर क्या हासिल होता है? हाल ही में बंगाल में दूसरी बार सांसद महुआ मोइत्रा पर अंडों की बौछार हुई। अब पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के काफिले पर अंडे और टमाटर बरसाए गए। ऐसे टमाटर और अंडा फेंकू लोगों के खिलाफ तो सख्त से सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए। खाद्य वस्तुओं का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान। अगर फेंकना ही है तो कीचड़ फेंको, कचरा फेंको, लेकिन अंडे और टमाटर को बख्शो।

कोर्ट की दो टूक : दोबारा पकड़ने से पहले मजिस्ट्रेट की मंजूरी जरूरी, सुप्रीम कोर्ट ने तय किए नियम

गिरफ्तारी की वजह नहीं बताई तो एक्शन गैरकानूनी कहलाएगा: सुको

■ सुप्रीम कोर्ट ने फैसले की प्रति सभी राज्यों को भेजने के दिए निर्देश

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करते समय उसे गिरफ्तारी की वजह लिखित में बताना जरूरी है। ऐसा नहीं करने पर गिरफ्तारी गैरकानूनी मानी जाएगी।

कोर्ट ने कहा कि अगर ऐसी गिरफ्तारी के बाद व्यक्ति को रिहा कर दिया जाता है और जांच एजेंसी उसे दोबारा गिरफ्तार करना चाहती है, तो पुलिस सीधे उसे नहीं पकड़ सकती। इसके लिए पहले मजिस्ट्रेट से मंजूरी लेनी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि पहली गिरफ्तारी में नियमों का उल्लंघन करने वाले पुलिस अधिकारी के खिलाफ विभागीय जांच होगी। दोबारा गिरफ्तारी की स्थिति में मामले की आगे की जांच किसी दूसरे अधिकारी को सौंपी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले की प्रति सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस महानिदेशकों को भेजने का निर्देश भी दिया।

जसरकरनजीत सिंह की गिरफ्तारी मामले में फैसला

कोर्ट ने ये टिप्पणियां शिरोमणि अकाली दल से जुड़े मुल्लांपुर दाखा विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी जसरकरनजीत सिंह की अपील पर कीं। नाबालिग से यौन अपराध के आरोपों से जुड़े मामले में उनकी गिरफ्तारी की वजह लिखित में नहीं बताई गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी को गैरकानूनी माना। सिंह ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश के बाद सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था, जिसमें स्थानीय अदालत के उनकी गिरफ्तारी को गैरकानूनी बताने और तत्काल रिहाई के आदेश पर रोक लगा दी गई थी।

गिरफ्तारी की वजह लिखित में देनी होगी

जस्टिस उज्जल भुइयां और जस्टिस अतुल चंद्रकुर की बेंच ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 22(1) के तहत आरोपी को गिरफ्तारी की वजह लिखित में और ऐसी भाषा में बतानी होगी, जिसे वह समझ सके। इसकी कॉपी भी उसे जल्द से जल्द देनी होगी। कोर्ट ने कहा कि यह सिर्फ कानूनी प्रक्रिया नहीं, बल्कि व्यक्ति का मौलिक और वैधानिक अधिकार है। इसका उल्लंघन होने पर गिरफ्तारी असंवैधानिक हो जाएगी और आरोपी को तत्काल रिहाई का अधिकार होगा।

सिर्फ नोट जेब में मिलने से साबित नहीं होता रिश्वत लेना : हाई कोर्ट

■ घूस मामले में हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, लेखपाल आरोपों से बरी

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने भ्रष्टाचार से जुड़े करीब एक दशक पुराने मामले में अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने साफ किया कि आरोपी के पास रिश्वत की रकम बरामद होना अपने आप में दोष सिद्ध करने के लिए पर्याप्त नहीं है। अभियोजन को यह स्थापित करना होगा कि आरोपी ने रिश्वत की मांग की और उसे स्वीकार भी किया था। मांग का ठोस प्रमाण नहीं होने पर केवल रकम बरामदगी के आधार पर सजा कायम नहीं रखी जा सकती।

यह फैसला न्यायमूर्ति नरेश कुमार चंद्रवंशी की एकलपीठ ने 18 सितंबर को सुनाया। अदालत ने सूरजपुर विशेष न्यायालय के मार्च 2017 ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ऑडियो रिकॉर्डिंग पर कोर्ट में उठे सवाल

अभियोजन ने कथित रिश्वत मांग को साबित करने के लिए बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग पर भी भरोसा किया था। लेकिन हाईकोर्ट ने इसकी प्रमाणिकता पर भी सवाल उठाए। अदालत के सामने यह बात आई कि रिकॉर्डिंग के संबंध में भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 65-बी के तहत आवश्यक प्रमाणपत्र नहीं लिया गया था। आरोपी की आवाज का नमूना लेने और रिकॉर्डिंग में मौजूद आवाज का फॉरेंसिक परीक्षण कराने की प्रक्रिया भी पूरी नहीं की गई थी। ऐसे में रिकॉर्डिंग को रिश्वत की मांग साबित करने वाला विश्वसनीय इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य नहीं माना गया।

राम मंदिर में 70 नहीं 105 बार चढ़ावा चोरी

■ सुप्रीम कोर्ट में एसआईटी बोली- सभी घटनाएं सीसीटीवी में रिकॉर्ड

अयोध्या/ए.। अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी केस में बड़ा खुलासा हुआ है। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि मंदिर के सीसीटीवी फुटेज में चढ़ावा चोरी की 70 नहीं, 105 घटनाएं कैद हुई हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम की स्टेटस रिपोर्ट के आधार पर कोर्ट को ■ शेष पृष्ठ 8 पर

25 सितंबर तक चार्जशीट

सॉलिसिटर जनरल ने बताया कि एसआईटी 25 सितंबर तक चार्जशीट दाखिल कर देगी। सुप्रीम कोर्ट ने मजिस्ट्रेट को कानून के मुताबिक चार्जशीट पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ताओं ने एसआईटी रिपोर्ट की कॉपी मांगी थी।

स्कूलों में दशहरा-दिवाली और शीतकालीन पर 5-5 दिन छुट्टी

■ छत्तीसगढ़ में दशहरा-दीपावली और क्रिसमस की छुट्टियां घोषित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के स्कूली विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए शिक्षा विभाग ने शिक्षा सत्र 2026-27 के दीर्घकालीन अवकाश का कार्यक्रम जारी कर दिया है। राज्य शासन की ओर से 21 सितंबर 2026 को जारी आदेश के अनुसार दशहरा, दीपावली और शीतकालीन अवकाश के लिए पांच-पांच दिन निर्धारित किए ■ शेष पृष्ठ 8 पर

दशहरा में 17 से 21 अक्टूबर तक छुट्टी

दशहरा पर्व के अवसर पर स्कूलों में पांच दिन का अवकाश रहेगा। यह छुट्टी 17 अक्टूबर से 21 अक्टूबर 2026 तक होगी। इस दौरान संबंधित स्कूल और शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे।

बीजापुर के जंगल में एके-47 समेत हथियारों का जखीरा बरामद

बीजापुर/नवप्रदेश। बीजापुर पुलिस ने भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम उतला के जंगल में बड़ी कार्रवाई करते हुए जमीन के अंदर छिपाकर रखा गया नक्सली डंप बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक यह कार्रवाई आत्मसमर्पित नक्सलियों से मिली सूचना के आधार पर की गई। पुलिस अधीक्षक उमेश प्रसाद गुप्ता के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (नक्सल) अमन झा के नेतृत्व में डीआरजी एवं थाना भैरमगढ़ की टीम को ग्राम उतला के जंगल में भेजा गया था। एसडीओपी भैरमगढ़ नवीन एक्का की ब्रीफिंग के बाद जवानों ने सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए जमीन में गाड़कर रखे गए डंप को बरामद किया।

गरमा-गरम

असम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश और गौरव गोगोई के काफिले पर पथराव

गुवाहाटी/ए.। असम के नागांव उपचुनाव के दौरान कांग्रेस ने बड़ा आरोप लगाया है। कांग्रेस नेता और सांसद गौरव गोगोई ने दावा किया कि चुनावी रैली में जाते समय उनकी और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कार पर हमला किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी कार्यकर्ताओं ने उनकी गाड़ी पर पत्थर और बोतलें फेंकीं, जिससे वाहन के शीशे और खिड़कियां टूट गईं।

गौरव गोगोई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि वह और भूपेश बघेल नागांव में एक चुनावी रैली के लिए जा रहे थे, तभी उनकी कार को निशाना बनाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि भीड़ ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गोगोई ने असम पुलिस पर उठाए सवाल

कांग्रेस नेता गोगोई ने असम पुलिस पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस को मुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देश पर हस्तक्षेप नहीं करने के लिए कहा गया था। गोगोई का कहना है कि कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक रात पहले से ही संभावित तनाव को लेकर पुलिस को आगाह किया था, इसके बावजूद घटना को नहीं रोका गया।

जीएसटी इंटेलिजेंस ने पकड़ी 30 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी

■ तंबाकू, गुटखा बनाने की फैक्ट्री में छापेमारी, चोरी छिपे संचालित की जा रही थी फैक्ट्री

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल में सेंट्रल जीएसटी इंटेलिजेंस की छापेमारी की कार्रवाई में तीस करोड़ रुपए की टैक्स चोरी का खुलासा हुआ है। इस छापेमारी में अभी टैक्स चोरी 60 करोड़ रुपए से अधिक तक पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

जीएसटी इंटेलिजेंस की टीम ने यह कार्रवाई न्यू चौकसे नगर नवीबाग में अवैध रूप से संचालित तंबाकू और गुटखे की फैक्ट्री में छापा मारकर की है। जीएसटी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गुरु नाम से बनता था गुटखा

न्यू चौकसे नगर नवीबाग में संचालित की जा रही फैक्ट्री का संचालक सुरेश सिंह को बताया जा रहा है जो गुरु नाम से तंबाकू और गुटखा बनाता था। यह फैक्ट्री इस इलाके में चोरी छिपे संचालित की जा रही थी और इसके लीगल दस्तावेजों में भी कमी पाई गई है। इसलिए यहां की जा रही जीएसटी की टैक्स चोरी का आंकड़ा 60 करोड़ से अधिक तक पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। अब तक तीस करोड़ रुपए की टैक्स चोरी का खुलासा हो चुका है।

पुलिस ने पकड़ा 58.57 लाख का गांजा

■ ओडिशा से भिलाई ले जाई जा रही थी गांजे की खेप, 4 आरोपी गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। पुलिस और एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने गांजा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 117.15 किलो गांजा जब्त किया है। इसकी अनुमानित कीमत 58 लाख 57 हजार 500 रुपए बताई गई है। पुलिस ने गांजा परिवहन में इस्तेमाल दो कारों समेत कुल 71 लाख 96 हजार 500 रुपए की संपत्ति जब्त करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इनमें एक आरोपी नाबालिग बताया गया है। पुलिस के अनुसार 20 सितंबर को मुखबिर से सूचना मिली ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ट्रॉली बैग और बोरियों में छिपाकर रखा था गांजा

पुलिस ने दोनों वाहनों की तलाशी ली। इस दौरान कार क्रमांक 23 बीएच 9438 जी के अंदर ट्रॉली बैग और प्लास्टिक बोरियों में रखा 117.15 किलो गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने गांजा ओडिशा से लाकर भिलाई ले जाना बताया। पुलिस ने गांजे के साथ दोनों कार, चार मोबाइल फोन और सोने जैसे दिखने वाले आभूषण भी जब्त किए। पुलिस ने मामले में लोकेश मीणा (32), अभिषेक गोचर (27), राकेश मीणा (30) और 17 वर्ष 10 माह के एक नाबालिग को पकड़ा है। तीनों वयस्क आरोपी राजस्थान के रहने वाले हैं, जबकि लोकेश वर्तमान में भिलाई में रह रहा था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

एशियन गेम्स में भारत को अब तक 6 मेडल, 4 सिल्वर, 2 ब्रॉन्ज

■ भारत ने पाकिस्तान को टेबल टेनिस में क्लीन स्वीप किया

नई दिल्ली/ए.। भारत ने जापान के नगोया में चल रहे एशियन गेम्स में अब तक 6 मेडल जीते हैं। इनमें से 5 मेडल शूटर्स ने दिलाए। एक मिक्स्ड मार्शल आर्टस में आया। वहीं, टेबल टेनिस में भारत की दोनों टीमों ने पाकिस्तान पर जीत दर्ज की। इन मैचों में पाकिस्तानी एक भी गेम नहीं जीत सके।

सोमवार को भारतीय निशानेबाजों ने 3 मेडल जीते। मेंस 10 मीटर राइफल इवेंट में हिमांशु ■ शेष पृष्ठ 8 पर

भारत 10वें स्थान पर पहुंचा, चीन नंबर-1

भारत एशियन गेम्स की मेडल टैली में 10वें स्थान पर है। उसके खाते में अब 4 सिल्वर समेत 6 मेडल हैं। चीन 18 गोल्ड समेत 32 मेडल लेकर पहले स्थान पर है। जापान 8 गोल्ड समेत 28 मेडल के साथ दूसरे और साउथ कोरिया 5 गोल्ड समेत 21 मेडल के सहारे तीसरे स्थान पर है।

नोटिस मिलने का मतलब नाम कटना नहीं: सीईओ

नई दिल्ली/ए.। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) ने मतदाता सूची के एसआईआर को लेकर सोशल मीडिया पर उठ रहे सवालों के बीच स्पष्टीकरण जारी किया है। सीईओ कार्यालय ने कहा है कि मतदाताओं को जारी किए जा रहे नोटिस का मतलब यह नहीं है कि उनका नाम दिल्ली की मतदाता सूची से काट दिया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने रविवार को प्रेस रिलीज जारी कर कहा, ड्राफ्ट इलेक्टोरल रोल 31 अगस्त 2026 को प्रकाशित किया गया था। यह ड्राफ्ट मतदाता सूची, मतदाताओं की ओर से बूथ लेवल ऑफिसर को दिए गए गणना फॉर्म में उपलब्ध कराई गई जानकारी के आधार पर तैयार की गई है।

कविता से अभिव्यक्ति : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा-माँ का सम्मान हमारी संस्कृति और संस्कारों का आधार

माँ का अपमान बर्दाश्त नहीं, सीएम साय ने राहुल को दी नसीहत

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने माँ के प्रति सम्मान और भारतीय संस्कृति में माँ के सर्वोच्च स्थान को रेखांकित करते हुए सोशल मीडिया पर एक भावपूर्ण वीडियो साझा किया है। मुख्यमंत्री ने इसके साथ ही अपनी भावनाओं को कविता की पंक्तियों में अभिव्यक्त करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में उल्लेख किया है

'माँ है ममता, माँ है करुणा,
माँ जीवन का आधार है,
माँ के चरणों में समर्पित पूरा ये संसार है।
माँ का करे अपमान वो कुपुत्र ही कहलायेगा,
माँ का करे तिरस्कार वो कहीं ठौर न पायेगा।'

■ मुख्यमंत्री ने मां की महिमा पर साझा किया भावपूर्ण वीडियो

■ मां के चरणों में समर्पित पूरा ये संसार है, मां का करे अपमान वो कुपुत्र ही कहलाएगा

श्री साय ने किसी राजनीतिक व्यक्ति का नाम लिए बिना अपने संदेश के माध्यम से माँ के प्रति सम्मान और मर्यादा बनाए रखने की सीख दी है। उन्होंने यह संदेश ऐसे समय साझा किया है, जब इंदौर में आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में एक कॉमेडी प्रस्तुति को लेकर राजनीतिक विवाद चल रहा है।उल्लेखनीय है कि इंदौर में आयोजित उक्त कार्यक्रम में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की उपस्थिति में स्टैंड-अप कॉमेडियन पुलकित मणि ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बोलने की शैली और हाव-भाव की मिमिक्री की थी। प्रस्तुति के एक हिस्से में प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान भीड़ में मौजूद बुजुर्ग माताजी के लिए कुर्सी उपलब्ध कराने को कहने से जुड़े प्रसंग को भी शामिल किया गया। इसे लेकर भाजपा के अनेक नेताओं ने कड़ी आपत्ति जताते हुए आरोप लगाया है कि हास्य के नाम पर माँ और मातृशक्ति के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मां के प्रति सम्मान की मर्यादा अक्षुण्ण रहनी चाहिए: साय

मुख्यमंत्री श्री साय के संदेश का भाव स्पष्ट है कि मां केवल एक संबंध नहीं, बल्कि ममता, करुणा, त्याग और संस्कार का स्वरूप है। भारतीय संस्कृति में मां को सर्वोच्च स्थान दिया गया है और उनका सम्मान सामाजिक एवं सांस्कृतिक मर्यादा का अभिन्न हिस्सा है। वैचारिक अथवा राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हो सकते हैं, लेकिन माँ के प्रति सम्मान की मर्यादा सदैव अक्षुण्ण रहनी चाहिए।मुख्यमंत्री द्वारा साझा की गई पंक्तियां इसी सांस्कृतिक चेतना को अभिव्यक्त करती हैं कि जिस माँ के स्नेह, त्याग और संस्कारों से व्यक्ति का जीवन आकार लेता है, उसका सम्मान प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक दायित्व है।

लिंगराज मंदिर पहुंचे सीएम साय, खुशहाली का मांगा आशीर्वाद

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ओडिशा के राज्यपाल डॉ. हरि बाबू कंभमपति से की शिष्टाचार भेंट

■ भुवनेश्वर के प्रसिद्ध लिंगराज मंदिर में सीएम विष्णु देव साय ने सपत्नीक दर्शन-पूजन किया

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोमवार भुवनेश्वर प्रवास के दौरान प्रसिद्ध भगवान लिंगराज मंदिर पहुंचकर सपत्नीक दर्शन-पूजन किया। मुख्यमंत्री ने विधि-विधान से भगवान लिंगराज की पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ के सभी नागरिकों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। मुख्यमंत्री साय ने लिंगराज मंदिर की भव्य स्थापत्य कला का उल्लेख करते हुए

प्रदेश की प्रगति के लिए की प्रार्थना

इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि, भगवान लिंगराज के दर्शन और उनकी पावन भूमि पर आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मंदिर परिसर की दिव्यता और आध्यात्मिक वातावरण मन को असीम शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा से भर देता है। उन्होंने भगवान लिंगराज से छत्तीसगढ़ की निरंतर प्रगति तथा प्रत्येक परिवार के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की।

कहा कि, हमारे प्राचीन मंदिर केवल आस्था के केंद्र ही नहीं, बल्कि भारत की हजारों वर्षों पुरानी सभ्यता, संस्कृति और अद्भुत शिल्प परंपरा के जीवंत प्रतीक भी हैं। लिंगराज मंदिर की भव्यता और उत्कृष्ट वास्तुकला हमारी सनातन संस्कृति की समृद्ध विरासत का सुंदर दर्शन कराती है।प्रवासी नेटवर्क जुड़ें। उन्होंने कहा कि, ओडिशा और छत्तीसगढ़ भौगोलिक रूप से पड़ोसी होने के साथ-साथ सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से भी गहराई से जुड़े हुए हैं। दोनों राज्यों की लोक परंपराओं, आस्था और सांस्कृतिक विरासत में अनेक समानताएं देखने को मिलती हैं।

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से की सौजन्य भेंट।

न्यूज गैलरी

आस की कच्ची छत से विश्वास के पक्के मकान तक : सोनिबाई की कहानी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की संवेदनशीलता के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ में विकास की बयार हर जरूरतमंद के द्वार तक पहुँच रही है। राज्य सरकार की सुशासन नीति से दूरस्थ और ग्रामीण अंचलों के ऐसे हज़ारों परिवारों के सपने साकार हो रहे हैं, जो वर्षों से एक पक्की छत की आस में संघर्षरत थे। ऐसी ही एक सुखद और जीवन बदलने वाली कहानी नारायणपुर जिले के ग्राम पंचायत भरंडा की रहने वाली श्रीमती सोनिबाई पति श्री संनु राम की है। सोनिबाई और उनका परिवार सालों से कच्चे और जर्जर मकान में रहने को मजबूर था। बारिश के दिनों में टपकती छत, कड़कड़ाती ठंड में ठिठुरती रातें और तेज आंधियों का डर–हर मौसम उनके लिए एक नया इंतहान लेकर आता था। कच्चे घरौंदे में असुरक्षा और परेशानियों के बीच बीतते हर दिन के साथ एक सुरक्षित और पक्के मकान की आस धुंधली पड़ती जा रही थी। ?लेकिन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) सोनिबाई के परिवार के लिए एक नया सवेरा और वरदान बनकर आई। योजना के तहत स्वीकृत राशि और प्रशासन की सहज प्रक्रिया से उनका पक्के घर का सपना हकीकत में बदल गया। जब घर की पक्की नींव पड़ी और छत ढली, तो केवल एक मकान ही नहीं खड़ा हुआ, बल्कि उस परिवार का आत्मसम्मान और नए कल का भरोसा भी सुदृढ़ हुआ। अपनी खुशी और अनुभव साझा करते हुए श्रीमती सोनिबाई कहती हैं कि पुराने दिनों की तकलीफें याद कर आज भी मन सिहर उठता है। टपकती छत और कड़कड़ाती ठंड में नींद उड़ जाती थी। अब पक्का मकान मिलने से जिंदगी से असुरक्षा का साया हमेशा के लिए हट गया है। यह योजना हमारे जैसे गरीब परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि राज्य के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से पहुँचे। ग्राम भरंडा की सोनिबाई की यह सफलता की कहानी केवल एक परिवार की नहीं, बल्कि राज्य सरकार के उस अटूट संकल्प की प्रतीक है, जो हर नागरिक को सम्मानजनक, सुरक्षित और खुशहाल जीवन देने के लिए कटिबद्ध है।

लिवर कैंसर को मात देकर बस्तर के नितेश कश्यप को मिला नया जीवन

रायपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले के तोकापाल ब्लॉक अंतर्गत ग्राम करंजी

निवासी 27 वर्षीय नितेश कश्यप के लिए शासन की आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना जीवनदायिनी साबित हुई है। लंबे समय से पेट दर्द की असहनीय पीड़ा झेल रहे नितेश जब अपने गांव के आयुष्मान आरोग्य मंदिर पहुंचे, तो वहां प्राथमिक उपचार और दवाएं दी गईं। हालांकि, दवाइयों से राहत न मिलने पर जब वे दोबारा पहुंचे, तो केंद्र में पदस्थ कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर प्रीति बघेल ने मामले की गंभीरता को समझा और त्वरित निर्णय लेते हुए उन्हें तुरंत महारानी जिला अस्पताल जगदलपुर के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा खून की जांच, अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन जैसी विस्तृत एवं आधुनिक जांचें कराई गईं, जिनमें नितेश के लिवर कैंसर से ग्रसित होने की पुष्टि हुई। इस गंभीर बीमारी की खबर से सहमे परिवार को डॉक्टरों ने ढांढस बंधाया और आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत उपलब्ध निःशुल्क उपचार का सहारा लेने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद योजना के तहत मिले 5 लाख रुपये तक के कैशलेस सुरक्षा कवच के माध्यम से बिना किसी आर्थिक बाधा के उनका जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। सफल उपचार के बाद पूर्णतः स्वस्थ हो चुके नितेश ने भावुक होते हुए कहा कि आयुष्मान भारत योजना ने उन्हें वास्तव में एक नई जिंदगी दी है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे इस जनहितैषी योजना का लाभ जरूर उठाएं। साथ ही उन्होंने त्वरित परामर्श देने वाले स्वास्थ्य कर्मियों, उपचार करने वाले चिकित्सकों और सरकार के प्रति अपना गहरा आभार व्यक्त किया। सही समय पर स्वास्थ्य अमले के मार्गदर्शन और योजना के वित्तीय संबल ने एक बार फिर यह साबित किया है कि आयुष्मान भारत आम नागरिक के लिए एक सशक्त सुरक्षा ढाल बन चुका है।

पंजीयन शुल्क में 50 प्रतिशत छूट से रचना सोनी ने बचाए 35 हजार

रायपुर/नवप्रदेश। शासन की जनहितकारी नीतियों का लाभ जब किसी परिवार की आर्थिक योजना को आसान बनाता है, तो उसका प्रभाव केवल कागजों पर नहीं, बल्कि परिवार के भविष्य में भी दिखाई देता है। बिलासपुर की रचना सोनी के लिए महिलाओं के नाम संपत्ति पंजीयन पर पंजीयन शुल्क में 50 प्रतिशत की रियायत ऐसा ही एक अवसर लेकर आई। अपने नाम संपत्ति का पंजीयन कराने पर उन्हें लगभग 35 हजार रुपये की बचत हुई। रचना सोनी ने बताया कि शुल्क में मिली इस राहत से संपत्ति पंजीयन का खर्च कम हुआ और परिवार के लिए आर्थिक रूप से भी सहूलियत मिली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के विकसित छत्तीसगढ़ के विजन के अनुरूप, वित्त एवं पंजीयन मंत्री ओ.पी. चौधरी के मार्गदर्शन में पंजीयन सेवाओं को सरल, सुगम और नागरिकों के लिए सुविधाजनक बनाने की दिशा में विभिन्न सुधार किए जा रहे हैं।

सेवा संकल्प अभियान को जनभागीदारी का व्यापक अभियान बनाने के निर्देश

■ मुख्य सचिव ने कलेक्टर्स के साथ की वीडियो कॉन्फ्रेंस

सेवा संकल्प अभियान के ■ अंतर्गत संचालित गतिविधियों की समीक्षा की

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य सचिव श्री विकासशील की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन से राज्य के सभी जिलों के कलेक्टरों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की समीक्षा की गई।

प्रदेश में सेवा संकल्प अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक संचालित किया जा रहा है। वीडियो कॉन्फ्रेंस में मुख्य सचिव ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान को केवल एक आयोजन के रूप में नहीं लेकर इसे जनभागीदारी और एक-दूसरे की मदद की संस्कृति को मजबूत करने के अवसर के रूप में लिया जाना चाहिए। उन्होंने कलेक्टरों एवं अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में अभियान की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से आयोजित करते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों, स्वयंसेवी संस्थाओं और सामाजिक संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

मुख्य सचिव ने कलेक्टरों से कहा कि जिलों में प्रभारी मंत्री के मार्गदर्शन में ब्लाक एवं तहसील स्तर पर सेवा संकल्प अभियान के दौरान आयोजित होने वाले शिविरों में लोगों को भागीदार बनाकर उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए। इस संबंध में माननीय मंत्रीगणों से आवश्यक बैठक एवं चर्चा सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव ने कहा कि शिविरों में केन्द्र शासन की चिन्हित 26 प्रमुख योजनाओं को शामिल किया जाना है।

सेवा मेरा योगदान के तहत विभिन्न गतिविधियां

23 से 25 सितंबर तक सभी जिलों के नगरीय निकाय क्षेत्रों में तथा 2 से 8 अक्टूबर तक प्रदेशभर में सेवा मेरा योगदान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें सेवा एवं स्वच्छता, अन्न एवं वस्त्र दान, विद्या दान एवं शिक्षा सहयोग, कौशल एवं ज्ञान दान, हरित छत्तीसगढ़ एवं पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य एवं रक्तदान, अंगदान एवं देहदान, सामाजिक सुरक्षा एवं जागरूकता तथा स्थानीय उत्पादन एवं महिला सशक्तिकरण जैसी गतिविधियां शामिल हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि इन गतिविधियों में एनसीसी, एनएसएस, स्वयंसेवक, स्व-सहायता समूह, सामाजिक संस्थाओं, युवा संगठनों तथा 'मेरा युवा भारत' सहित विभिन्न सहयोगी संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। सभी गतिविधियों को माय भारत पोर्टल पर फोटोग्राफ्स सहित अपलोड करने के निर्देश दिए गए।

देहदान, अंग दान करने वाले परिवारों को किया जाए सम्मानित

मुख्य सचिव ने कलेक्टरों से कहा है कि जिन परिवारों के मृत परिजनों द्वारा देह एवं अंग दान किया जाता है उन परिवारों को सम्मानित किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि जिन लोगों को दान के अंगों का उपयोग किया गया है। उनके परिवारों को भी कार्यक्रम में शामिल किया जाए एवं उनसे उनकी त्वरित प्रतिक्रिया भी ली जाए। यह कार्यक्रम सिर्फ अभियान तक सीमित न रहे इसके लिए समय-समय पर लोगों के लिए ज्यादा से ज्यादा जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित हो, जिससे लोग अंग दान करने सहर्ष तैयार हो एवं आगे आए।

कथक, ओड़िसी और लोक संगीत के बीच सजेगा 'त्रिवेणी संगम

रायपुर/नवप्रदेश। चक्रधर समारोह की आठवीं शाम सोमवार को नृत्य और संगीत की विविध प्रस्तुतियों से सजेगी। शाम 4:45 बजे से रात 11:30 बजे तक होने वाले कार्यक्रम की शुरुआत रायगढ़ की मायरा श्रीवास्तव के कथक नृत्य से होगी। इसके बाद निमृत पात्रा सेमी क्लासिकल नृत्य, अनन्या अग्रवाल एवं नैना कुसुम लोकमंच और आर्या नंदे ओड़िसी नृत्य प्रस्तुत करेंगी। शाम 6 बजे जबलपुर का संस्कार कला संघ 22 कलाकारों के साथ नृत्य नाटिका प्रस्तुत करेगा। इसके बाद रायगढ़ का नृत्यांजलि दल बनारस घराने का कथक पेश करेगा। शाम 7 बजे सोनू गुप्ता एवं उनके दल की लोक संगीत प्रस्तुति होगी। रात 8:10 बजे वासंती वैष्णव कलाकारों के साथ कथक की सामूहिक प्रस्तुति देंगी। रात 9:10 बजे बनारस के रुद्रशंकर मिश्रा एवं साथी बनारस घराने के कथक की प्रस्तुति देंगे। समारोह की अंतिम प्रस्तुति रात 10:10 से 11:30 बजे तक 'त्रिवेणी संगम' होगी।

विदेशी विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर विश्वविद्यालयों की बैठक

विदेशी विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय/कॉलेज परिसर में सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

रायपुर नवप्रदेश।, 21 सितंबर 2026/ विदेशी विद्यार्थियों की सुरक्षा, शैक्षणिक वातावरण एवं स्थानीय स्तर पर कानून-व्यवस्था से संबंधित विषयों को लेकर आज कलेक्ट्रेट रायपुर में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह एवं पुलिस अधीक्षक रायपुर ग्रामीण श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के द्वारा रायपुर जिले में संचालित विभिन्नविश्वविद्यालयों/शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों की बैठक ली गई। बैठक में विदेशी विद्यार्थियों के सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आवास, संस्थानों की जिम्मेदारी तथा स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस के साथ समन्वय को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने कहा कि विदेशी विद्यार्थियों की सुरक्षा के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा एवं क्षेत्र में शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विदेशी विद्यार्थी भारत में अध्ययन के लिए आते हैं, इसलिए उनके लिए सुरक्षित, अनुशासित एवं सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना विश्वविद्यालयों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

कानून व्यवस्था एवं अपराधों की रोकथाम पर विशेष जोर

बैठक में विश्वविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों को निर्देशित किया गया कि विदेशी विद्यार्थियों के आवास एवं आवागमन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। वर्तमान में जो विदेशी विद्यार्थी विश्वविद्यालय/कॉलेज के छात्रावास से बाहर निजी मकानों, पीजी अथवा अन्य स्थानों पर रह रहे हैं, उन्हें अगले 15 से 30 दिनों के भीतर संस्थान द्वारा उपलब्ध कराए गए अथवा संस्थान से संबद्ध सुरक्षित छात्रावास में स्थानांतरित करने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस संबंध में संस्थानों को विद्यार्थियों की सुविधा, सुरक्षा, स्थानीय परिस्थितियों एवं उपलब्ध आवासीय व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया।बैठक में कहा गया कि किसी भी अप्रिय घटना, दुर्घटना अथवा कानून-विरोधी गतिविधि की स्थिति उत्पन्न होने से पहले ही उसके संभावित कारणों की पहचान कर आवश्यक निरोधात्मक कदम उठाए जाएं। प्रशासन एवं पुलिस को स्थानीय नागरिकों से समय-समय पर विदेशी विद्यार्थियों से संबंधित शिकायतें एवं सूचनाएं प्राप्त होती रही हैं। कुछ मामलों में विद्यार्थियों द्वारा अनुशासनहीनता अथवा कानून-विरोधीगतिविधियों में संलिप्त होने की आशंका से संबंधित शिकायतें भी सामने आई हैं।

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला-सुकमा, (छ.ग.)

Ph. & Fax No. - 07864284401, Toll Free No. -18002332845, Email Id - deo.sukma2012@gmail.com

क्रमांक/2088/ जि.शि.अ./STEM/2026-27 — सुकमा, दिनांक 18/09/2026

// रूचि की अभिव्यक्ति //

जिला सुकमा में कार्यालय जिला खनिज संस्थान न्यास जिला सुकमा छत्तीसगढ़ का प्रशासकीय स्वीकृति आदेश क्रमांक / 260146699864 सुकमा दिनांक 07.07.2026 के तहत् 'विज्ञानदूत-मोबाईल STEM BIK LAB, योजना का संचालन किया जाना है। उक्त कार्य हेतु रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित किया जाता है। उक्त कार्य से संबंधित विस्तृत शर्त, आवेदन एवं अन्य जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में उपस्थित होकर रूपये 1000.00 (अक्षरी एक हजार रूपये मात्र) का भुगतान कर दिनांक 29/09/2026 तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकते है।

निविदा फार्म विक्रय की अंतिम तिथि	-	29/09/2026 सायं 5.30 बजे तक।
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि	-	30/09/2026 अपरान्ह 2.00 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि	-	30/09/2026 अपरान्ह 2.00 बजे।
प्रस्तुतिकरण तिथि	-	30/09/2026 अपरान्ह 3.00 बजे से।

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला - सुकमा (छ.ग.)

जी-262703395/3

कार्यालय अस्पताल अधीक्षक एवं एकेडेमिक इंचार्ज
दाऊ कल्याण सिंह स्नाकोत्तर संस्थान एवं अनुसंधान केन्द्र, रायपुर (छ.ग.)

(वेबसाईट www.dkspgi.in ई-मेल dkspgi@gmail.com)

क्रमांक / 4853/ डी.के.एस./ रख-रखाव — रायपुर, दिनांक 16/09/2026

// निविदा सूचना //

दाऊ कल्याण सिंह स्नातकोत्तर संस्थान एवं अनुसंधान केन्द्र, रायपुर मे स्थापित 50 नग Mindray Monitor Machine (IMEC 12) के सामग्रियों सहित सर्विस/ मरम्मत कार्य हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा शुल्क राशि रूपये 1000/- (रूपये एक हजार मात्र) का **'अस्पताल अधीक्षक एवं एकेडेमिक इंचार्ज, डी.के.एस. पोस्ट ग्रेज्युएट इंस्टीट्यूट एवं रिसर्च सेंटर** के नाम से देय डिमांड ड्राफ्ट दिनांक 17/09/2026 से कार्यालयीन दिवस में आवेदन प्रस्तुत कर जमा किए जा सकते है, जो वापसी योग्य नहीं है।

निविदा प्रारंभ तिथि	दिनांक 16-09-2026 से प्रारंभ
जेम पोर्टल पर ऑनलाईन माध्यम से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि	दिनांक 16-10-2026 समय दोपहर 2.00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि	दिनांक 17-10-2026 समय दोपहर 2.00 बजे

नोट- निविदा संबंधी शेष जानकारी जेम पोर्टल पर उपलब्ध है।

अस्पताल अधीक्षक एवं एकेडेमिक इंचार्ज
दाऊ कल्याण सिंह स्नाकोत्तर संस्थान एवं
अनुसंधान केन्द्र रायपुर (छ.ग.)

जी-262703389/3

न्यायालय नायब तहसीलदार, दुर्ग 04 (छ.ग.)

मामला क्र. /R9202526430100800007/अ6/ 2025-26

// उद्घोषणा - पत्र //

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष पिता स्व. जेठूराम निवासी ग्राम गनियारी, पो. भेड़सर, थाना पुलगांव, तह. व जिला दर्ग (छ. ग) के द्वारा मौजा ग्राम गनियारी प.ह.नं. 05 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 50, 87, 164 रकबा 0.4500, 0.3800, 0.7000 हे. भूमि आवेदक एवं अनुज छबिराम, नंदकुमारी, कमला, बिमला मितला सभी पिता जेठूराम, रामबाई पति जेठूराम के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। जिसमें भूमिस्वामी सहखातेदार छबिराम एवं रामबाई की मृत्यु हो जाने के कारण मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर वारीशानों का नाम दर्ज किये जाने बाबत आवेदन इस न्यायालय में पेश किया गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 29.09.2026 तक स्वयं अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16/9/2026 को मेरे स्वंय के हस्ताक्षर एंवं न्यायालय के पद मुद्रा से यह पत्र प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ0ग0)

न्यायालय नायब तहसीलदार दूर्ग, जिला दुर्ग

// उद्घोषणा//

रा.प्र.क.202609103000028/अ-6(अ)/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका हेमबती साहू पिता स्व. गोपाल निवासी ग्राम वार्ड नंबर-54, पोटिया कला दुर्ग, तसहील व जिला दुर्ग के द्वारा कास्तकार ग्राम पाउवारा प.ह.नं. 55 रा.नि.मं. उतई तहसील व जिला दुर्ग में स्थित खसरा नंबर 111, 133, 134, 712/2 1132 रकबा 0.1400, 0.2100, 0.1400, 0.0300, 0.9700 हे. भूमि आवेदिका व अन्य सहखातेदार के सामिलात नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। जो कि उक्त भूमि में त्रुटिवश आवेदिका का नाम मेहतरीन पिता गोपाल दर्ज हो गया है। जबकि आवेदिका आधार कार्ड पेन कार्ड परिचय पत्र एवं अन्य दस्तावेजो में उनका सही व वास्तविक नाम हेमबती साहू दर्ज है। एवं उक्त संबंध में आवेदिका द्वारा छत्तीसगढ़ राजपत्र प्राधिकार से प्रकाशित भी किया गया है। अतः आवेदिका द्वारा उक्त भूमि के वर्तमान राजस्व अभिलेख मे दर्ज त्रुटिपूर्ण नाम मेहतरीन पिता गोपाल को राजपत्र (गजट प्रकाशन) आधार कार्ड, व पेनकार्ड व अन्य दस्तावेजो के अनुसार सुधार करते हुए हेमबती पिता गोपाल वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज कर त्रुटिसुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 28/09/2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03/09/2026 को यह उदघोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार,
दुर्ग जिला-दुर्ग (छ0ग0)

न्यायालय तहसीलदार भिलाई नगर तहसील व जिला दुर्ग

-: ईश्तहार :-

रा.प्र.क्र. अ-6 वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अभिषेक विश्वकर्मा पिता स्व. राम नयन विश्वकर्मा निवासी कैलाश नगर भिलाई द्वारा ग्राम कुरूद प0ह0नं0 46 स्थित भूमि ख0नं0 1560/75 रकबा 0.020 हे0 भूमि आवेदक के पिता के नाम पर दर्ज है भूमिस्वामी की मृत्यु हो जाने से भूमिस्वामी का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारीसानो का नाम दर्ज किये जाने के संबंध में आवेदन-पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 05.10.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10.09.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 199529/निविदा सूचना क्र. 02/व.ले.लि./2026-27/2079 दि. 18.09.2026

निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 09.10.2026 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का नाम - राजीव समोदा निसदा व्यपवर्तन योजना (द्वितीय चरण) के मुख्य नहर के कि.मी. 49.99 से कि.मी. 61.30 तक शेष मिट्टी कार्य एवं 14 नग पक्के कार्यों के शेष कार्य एवं 01 नग ड्रेनेज साइफन तथा 7 नग प्रत्यक्ष जलद्वार का निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत - रू. 497.79 लाख (जी.एस.टी. छोड़कर)

(एस.ओ.आर. दिनांक 01.05.2025 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 08.08.2025))

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 25.09.2026 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। इस निविदा में जल संसाधन विभाग द्वारा जारी निविदा पूर्व अर्हता प्रमाण पत्र जिसकी वैधता दिनांक 30.09.2026 तक है, वह लागू होगी।

कार्यपालन अभियंता
म.ज.प. द्वितीय चरण कार्य संभाग, रायपुर
कुते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

जी -262703402/5

स्कूल शिक्षा विभाग में व्याख्याता के 854 पदों पर होगी भर्ती

■ हिन्दी, अंग्रेजी और संस्कृत में सर्वाधिक 120-120 पद, भर्ती परीक्षा 29 नवम्बर को संभावित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग में व्याख्याता के 854 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत 5 हजार शिक्षकीय पदों पर भर्ती की घोषणा के क्रम में विभाग द्वारा व्याख्याता पदों की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया जा रहा है।

लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ द्वारा जारी जानकारी के अनुसार व्याख्याता के कुल 854 पदों में ई-संवर्ग की शालाओं में 424 पद तथा टी-संवर्ग की शालाओं में 430 पद भरे जाएंगे। विषयवार रिक्त पदों में हिन्दी के 120, अंग्रेजी के 120, संस्कृत के 120, भौतिकी के 94, राजनीति शास्त्र के 100, इतिहास के 100, भूगोल के 100 तथा अर्थशास्त्र के 100 पद शामिल हैं।

भर्ती की संभावित तिथि 29 नवम्बर: भर्ती के लिए आवश्यक शैक्षणिक अर्हता, आयु सीमा एवं अन्य शर्तों की विस्तृत जानकारी भर्ती विज्ञापन में दी जाएगी। भर्ती परीक्षा का पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाएगा। विस्तृत विज्ञापन व्यापमं की वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। व्याख्याता पदों के लिए लिखित भर्ती परीक्षा का आयोजन छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल द्वारा किया जाएगा। भर्ती परीक्षा की संभावित तिथि 29 नवम्बर 2026 निर्धारित की गई है। आवेदन भरने की तिथि एवं अन्य आवश्यक जानकारी पृथक से जारी की जाएगी।

छतों पर सामान ढो रही 49 स्लीपर बसों पर 2.64 लाख जुर्माना

■ परिवहन उड़नदस्ता ने चलाया अभियान

■ अधिक किराया वसूलने वाली बसों पर भी कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। यात्री बसों में सामान ढोने एवं नियम विरूद्ध बसों का संचालन करने की लगातार मिल रही शिकायतों पर परिवहन उड़नदस्ता रायपुर द्वारा अभियान चलाया गया। कठोर कार्य वाही की गई।परिवहन आयुक्त सहसचिव एस. प्रकाश एवं अपर परिवहन आयुक्त डी रविशंकर के निर्देश पर छत पर सामान ढोने वाली 49 स्लीपर बसों पर 2 लाख 64 हजार की चालानी कार्रवाई की गई।

परिवहन विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक बसों की छत पर सामान ढोना नियम विरूद्ध एवं सड़क सुरक्षा मानकों के विपरीत है। इससे लगातार दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। परिवहन उड़नदस्ता रायपुरप्रभारी चन्द्र कुमार साहू के नेतृत्व में अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड भाठागांव में सघन जाँच अभियान चलाया गया एवं चालानी कार्रवाई की गई। इसके अलावा प्रमुख मार्गो पर बसो के दस्तावेज, फिटनेस/परमिट की वैधता की भी जांच की गई। इसी तरह शासन द्वारा निर्धारित दर से अधिक किराया अथवा बिना किराया सूची चस्पा किए एवं अन्य नियमों का उल्लंघन करने के मामले में कुल 111 वाहनों से 42 हजार 8 सौ रुपए शास्ति वसूल की गई।इस तरह कुल 160 यात्री बसो पर 3 लाख 6 हजर 8 सौ रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। परिवहन विभाग की इस कार्रवाई से बस संचालको में हड़कंप है । बस संचालक अपनी बसों में तत्काल आवश्यक सुधार करने में लगे हुए हैं।

न्यूज गैलरी

दूसरे दिन ब्लॉक अध्यक्षों को कई विषयों पर प्रशिक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। संभाग स्तरीय प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन ब्लॉक अध्यक्षों और जिलों के मास्टर ट्रेनरों के प्रशिक्षण के दूसरे दिन की शुरूआत ध्वजारोहण और योगा से हुई। सत्र के प्रारंभ में प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू ने प्रतिभागियों की जिलेवार उपस्थिति दर्ज की। उसके बाद विभिन्न विषयों पर व्याख्यान हुआ। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने संगठन का महत्व, निर्माण एवं दायित्व विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। पूर्व मंत्री, सीडब्ल्यूसी सदस्य ताम्रध्वज साहू ने सत्ता एवं संगठन का समन्वय, राजनीतिक दिशा एवं रणनीति पर मार्गदर्शन पर उद्बोधन दिया। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष धनेन्द्र साहू ने कृषि एवं सिंचाई योजना में कांग्रेस का योगदान पर जानकारी दिया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेश वितारी ने सर्वोदय विकास, संविधान का प्रारूप पर विचार व्यक्त किया। कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने आरएसएस का मिथक तथा मीडिया मैनेजमेंट पर व्याख्यान दिया। मणी वैष्णव ने सोशल मीडिया तथा महामंत्री दीपक मिश्रा ने कनेक्ट सेंटर के कार्य पर व्याख्यान दिया।

त्रिशूल दिखाकर डराया और मारपीट कर लूटा मोबाइल

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के मठपारा स्थित दूधाधारी मठ मंदिर के पास युवक से मारपीट कर मोबाइल लूटने का मामला सामने आया है। आरोप है कि तीन युवकों ने पहले गाली-गलौज की और फिर त्रिशूल दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद हाथ-मुक्के से मारपीट कर जेब में रखा करीब 10 हजार रुपए का मोबाइल लूट लिया। घटना के 10 दिन बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित का नाम चंदन दाहिया और आरोपियों का नाम लवकुश जोशी, अजीत जोशी और नीरज जोशी बताया जा रहा है। शिकायतकर्ता चंदन दाहिया ने पुलिस को बताया, कि वो सतना जिले के ग्राम सेमरवरा निवासी है। प्राइवेट कार ड्राइवर है। 10 सितंबर को सुबह करीब 10 बजे वह अल्टो कार से अरुण जोशी और शारदा जोशी को पन्ना टिगड़िया से लेकर रायपुर के दूधाधारी मठ मंदिर पहुंचा था। मंदिर के पास उसे लवकुश जोशी, अजीत जोशी और नीरज जोशी मिले। तीनों को वह पहले से जानता है, क्योंकि वह उनके यहां गाड़ी चला चुका है। आरोप है कि युवकों ने उसे देखकर कहा कि तू बहुत हीरो बनता है और हमारी गाड़ी क्यों नहीं चलाता। इसके बाद तीनों ने एक राय होकर गाली-गलौज शुरू कर दी।पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए उसके साथ हाथ-मुक्के से मारपीट की। इसी दौरान त्रिशूल दिखाकर उसे डराया गया और जेब में रखा मोबाइल लूट लिया और गाड़ी में बैठकर फरार हो गए।

लंबित पेंशन प्रकरणों का 30 सितंबर तक करें निराकरण

रायपुर/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा विभाग ने लंबित पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण के साथ ही सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों एवं कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका और पासबुक समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय द्वारा प्रदेश के समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए पत्र जारी किया गया है। विभाग द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि विभिन्न स्तरों पर पेंशन प्रकरण लंबित रहने की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही हैं। इसे देखते हुए सभी लंबित पेंशन प्रकरणों की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा कर 30 सितंबर 2026 तक उनका निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।साथ ही मार्च 2027 तक सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों एवं कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका तथा पासबुक को पहले से पूर्ण करने कहा गया है। सेवा पुस्तिका में वेतन निर्धारण की जांच एवं सत्यापन कोष एवं लेखा से करवाने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि सेवानिवृत्ति के समय पेंशन एवं अन्य स्वत्वों के भुगतान में अनावश्यक विलंब न हो। विभाग ने प्रत्येक सत्र में 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक विकासखंड स्तर पर विशेष कैम्प आयोजित कर सेवा पुस्तिका एवं पासबुक पूर्ण करवाने के निर्देश दिए हैं।

किसानों के रास्ते में 'डिजिटल स्पीड ब्रेकर' लगा रही साय सरकार: कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। एग्री स्टेक पंजीयन की जटिलता के बीच अब संयुक्त खाताधारकों और सहखातेदारों के लिए अलग-अलग पंजीयन की अनिवार्यता के फरमान को भाजपा सरकार का किसान विरोधी षड्यंत्र करार देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि एग्री स्टेक के नाम पर भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ के अन्नदाता को परेशान करने का कुचक्र रचा है। नियम आसान करने के बजाय रोज नए पेच फंसाकर धान खरीदी का रकबा घटाने की नीयत साफ दिख रही है। प्रदेश की भाजपा सरकार डिजिटल सुधार के नाम पर छत्तीसगढ़ के किसानों पर अत्याचार कर रही है। पहले एग्री स्टेक पोर्टल के सर्वर ने किसानों का पसीना छुड़ाया और अब संयुक्त खाताधारकों व सह-खातेदारों के अलग-अलग पंजीयन का नया फरमान थोप दिया गया है। यह नीतियां पारदर्शिता के लिए नहीं, बल्कि किसानों को प्रक्रिया में उलझाकर धान खरीदी का रकबा कम करने की सुनियोजित साजिश है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि इस अव्यवहारिक नियम को तत्काल वापस लिया जाए। श्री वर्मा ने कहा है कि भाजपा सरकार डिजिटल क्रांति और पारदर्शी धान खरीदी का दावा कर रही है।

गणेश विसर्जन स्थल की सम्पूर्ण व्यवस्था के लिए आयुक्त ने गठित की समिति

गणेश विसर्जन झांकियां 25 को निगम अफसरों की जिम्मेदारी तय

■ विसर्जन स्थल पर 25 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक लगी अफसरों की ड्यूटी

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम के आयुक्त संबित मिश्रा ने आदेश जारी किया है कि गणेश प्रतिमा स्थापना के11वें दिन शुकवार अर्थात 25 सितम्बर 2026 अनंत चतुर्दशी को गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी खारून नदी के किनारे महादेवघाट में निर्मित विसर्जन कुंड में श्री गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन का निर्णय लिया गया है। इस वर्ष भी झांकी शारदा चौक से होगी। जहां उन्हें नंबर दिया जायेगा।

शारदा चौक से जयस्तंभ, कोतवाली, सदर बाजार, सत्ती बाजार, कंकाली तालाब, पुरानी बस्ती थाना चौक, लीली चौक, लाखेनगर चौक, सुन्दरनगर, महादेवघाट रिंगरोड चौक होते हुए रायपुरा महादेव घाट के पास निर्मित विसर्जन कुंड स्थल पर जाकर विसर्जित होगी। लाखेनगर चौक से महादेवघाट रिंगरोड तक वन वे ट्रैफिक रहेगा। श्री गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन की प्रशासनिक व्यवस्था के लिए 25 सितम्बर को प्रातः 6 बजे से 1 अक्टूबर 2026 को प्रातः 6 बजे तक के लिए चक्रानुसार जोनवार प्रशासनिक व्यवस्था के लिए सभी जोन कमिश्नरों, जोन कार्यपालन अभियंताओं, सहायक अभियंताओं, उपअभियंताओं, समयपालों, सभी मजदूरों की ड्यूटी लगाई गई है। आयुक्त ने गणेश उत्सव एवं गणेश विसर्जन के अवसर पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एवं शासन द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करने के लिए कहा है । खारून नदी के किनारे निर्मित विसर्जन कुंड में गणेश विसर्जन के पूर्व पूजन सामग्रियों को अलग कराकर उपयुक्त स्थल पर रखा जाए। एनजीटी के निर्देशानुसार मूर्तियों का विसर्जन नदी में किसी भी परिस्थिति में न किया जाए। साथ ही नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण रखने हेतु जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को सूचित कर समन्वय स्थापित कर कार्यवाही करें।

अफसरों के मोबाइल नंबर भी जारी

आयुक्त ने श्री गणेश विसर्जन कुण्ड स्थल पर केन, मंच की व्यवस्था, कंट्रोल रूम, टार्च, मोटर बोट, गोताखोर, मजबूत एवं अच्छे किस्म का रस्सा, लांग बूट, रेन कोट, बड़े साईज के छाते की व्यवस्था जोन 8 कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल मो.नं. 9238343470 द्वारा की जायेगी एवं होमगार्ड कार्यालय से समन्वय कर अग्निशमन वाहनों की व्यवस्था करने हेतु कमाण्डेंट होमगार्ड को पत्र भेजेंगे। लाखे नगर चौक में सर्च लाईट, पंडाल, मंच, माईक, कंट्रोल रूम की व्यवस्था जोन 5 जोन कमिश्नर खीरसागर नायक मो. नं. 9406050199 द्वारा की जायेगी। लाखे नगर चौक पर प्राथमिक उपचार व्यवस्था, एम्बुलेंस, स्टाफ के साथ चिकित्सा शिविर, मेडिकल कैम्प, श्री गणेश विसर्जन स्थल पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के दल सहित एम्बुलेंस चिकित्सक टीम, आवश्यक दवाइयों के साथ उपलब्ध करवाने इसके लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सूचित करने हेतु उपलब्ध रहेंगे।

समिति का गठन

आयुक्त ने नगर पालिक निगम रायपुर की ओर से श्री गणेश विसर्जन स्थल महादेव घाट खारून नदी के तट पर सम्पूर्ण प्रशासनिक व्यवस्था करने निगम अधिकारियों की एक समिति गठित कर दी है। इस समिति के नोडल अधिकारी अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय मो. नं. 9424264100 को बनाया गया है। समिति में प्रभारी अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर मो.नं. 9425502640, प्रभारी अधीक्षण अभियंता इमरान खान मो. नं. 8447256234, प्रभारी नगर निवेशक आभास मिश्रा मो. नं. 9907992294, जोन 8 कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल मो.नं. 9238343470, जोन 5 जोन कमिश्नर खीरसागर नायक मो. नं. 9406050199, उपायुक्त स्वास्थ्य जसदेव बाबरा मो. नं. 9677273941 को सम्मिलित किया गया है। यह प्रशासनिक समिति श्री गणेश विसर्जन हेतु क्रेन, शामियाना, लाईट, माईक, गोताखोर, चिकित्सा सुविधा आदि की व्यवस्था करेगी। इस समिति को आवश्यक सहयोग देने जोन 8 कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल मो.नं. 9238343470 को निर्देशित किया गया है।

रायपुर पुलिस ने पकड़ा 10 लाख का गांजा, एक गिरफ्तार

■ ओडिशा से कार में गांजा लेकर दुर्ग जा रहा था तस्कर

रायपुर/नवप्रदेश। अंतरराज्यीय गांजा तस्करी के खिलाफ रायपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। माना कैंप थाना पुलिस ने ओडिशा से कार में गांजा लेकर दुर्ग जा रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 21.964 किलो गांजा बरामद हुआ है। इसकी कीमत करीब 10.98 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने गांजा और कार समेत कुल 13.48 लाख रुपए का माल जब्त किया है।

पुलिस के मुताबिक, 20 सितंबर की रात करीब 11.45 बजे मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति कार से ओडिशा से गांजा लेकर दुर्ग की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही माना कैंप पुलिस ने मछली मार्केट के पास नाकेबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की। इसी दौरान पुलिस ने अल्टो कार सीजी 04 एनएन 6018 को रुकने का इशारा किया। चालक ने कार रोकने के बजाय रफ्तार बढ़ाकर भागने की कोशिश की। कुछ दूर जाने के बाद कार अन्य वाहन और हाट बाजार के पास डिवाइडर से टकराकर रुक गई। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर चालक को पकड़ लिया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम राजेंद्र यादव, निवासी पिथौरा, महासमुंद बताया। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो डिक्की में रखे दो सफेद-पीले रंग के बैग मिले। बैग के अंदर खाकी रंग के टेप से पैक किए गए 11 पैकेट गांजा छिपाकर रखे थे। वजन करने पर गांजा 21.964 किलो निकला।

एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने ओडिशा से गांजा लाकर दुर्ग में बिक्री के लिए ले जाने की बात बताई। पुलिस ने गांजा और कार जब्त कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। अब पुलिस आरोपी से गांजा के स्रोत और दुर्ग में इसकी सप्लाई लेने वाले लोगों के बारे में पूछताछ कर रही है।

लोक कला दलों को वाद्य यंत्रों के लिए मिलेगा अनुदान, 28 सितंबर तक आवेदन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक कला लोक संगीत और सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित एवं संवर्धित करने तथा प्रदेश के लोक कलाकारों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा छत्तीसगढ़ द्वारा वित्तीय वर्ष 2026.27 में प्रदेश के कार्यशील लोक कला दलों को वाद्य यंत्र उपलब्ध कराने के लिए वित्तीय सहायता अनुदान प्रदान किया जाएगा। इस पहल से पारंपरिक लोक कला से जुड़े कलाकारों और दलों को अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए आवश्यक वाद्य यंत्र उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी।

संगीत की दुर्लभ शैलियों व वाद्यों हेतु संचालित योजना के अंतर्गत लोक कला दलों को वाद्य यंत्र क्रय करने के लिए सहायक अनुदान उपलब्ध कराया जाना है। योजना का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोक संगीत शैलियोंए दुर्लभ वाद्य यंत्रों और लोक सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों को संरक्षण प्रदान करते हुए उन्हें नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। इसके माध्यम से प्रदेश में सक्रिय लोक कला दलों को अपनी सांस्कृतिक गतिविधियों को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक सहयोग मिल सकेगा।

प्रदेशभर के कार्यशील लोक कला दल कर सकेंगे आवेदन: योजना के तहत प्रदेश के पात्र एवं कार्यशील लोक कला दल निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। लोक कला दलों को निर्धारित प्रारूप में आवश्यक जानकारी एवं दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन संबंधित जनपद पंचायत अथवा नगरीय निकाय कार्यालय में जमा करना होगा।आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 28 सितंबर 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक लोक कला दल समय.सीमा का विशेष ध्यान रखते हुए निर्धारित तिथि तक अपना आवेदन संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

जिला स्तर पर अधिकारियों को जारी किए गए निर्देश: संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा द्वारा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा.निर्देश जारी किए गए हैं। इसके अनुपालन में संबंधित जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को परिपत्र जारी कर दिया गया है।अधिकारियों को अपने.अपने क्षेत्र में कार्यरत लोक कला दलों तक योजना की जानकारी पहुंचाने तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

181 अपराधियों पर एक्शन, चाकूबाज-बदमाश और वारंटियों को भेजा गया जेल

■ गणेशोत्व में रायपुर पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ चलाया अभियान

रायपुर/नवप्रदेश। गणेशोत्सव और आगमक झांकी कार्यक्रम को देखते हुए रायपुर पुलिस ने असामाजिक तत्वों और बदमाशों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है।पश्चिम क्षेत्र के 9 थाना क्षेत्रों में सप्ताहभर चले विशेष अभियान में 181 लोगों पर कार्रवाई की गई। इसमें चाकूबाज, नशे के कारोबारी, अवैध शराब बेचने वाले, फरार वारंटी और निगरानी बदमाश शामिल हैं। अभियान के दौरान पुलिस ने 13 चाकूबाजों पर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर चाकू जब्त किए। वहीं एनडीपीएस एक्ट के 4 मामलों में 210 नशीली टेबलेट्स, 77 नशीले सिरप और 15.500 किलो गांजा बरामद किया गया। आबकारी एक्ट के 18 प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए 51.16 बल्क लीटर अवैध शराब जब्त की गई।

104 लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

पुलिस ने पुराने मामलों में फरार आरोपियों की धरपकड़ भी की। अभियान के दौरान 7 स्थायी वारंट और 33 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए। इसके अलावा बीएनएसएस की धारा 170 के तहत 104 लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। पुलिस टीमों ने 57 गुंडा-बदमाशों और 39 निगरानी बदमाशों की भी चेकिंग की।

गांजा-नशीली गोलियां बेचने वालों पर कार्रवाई

थाना स्तर पर न्यू राजेंद्र नगर पुलिस ने 110 नशीली टेबलेट्स, मुजगहन पुलिस ने 15.500 किलो गांजा, आजाद चौक पुलिस ने 100 नशीली टेबलेट्स और सरस्वती नगर पुलिस ने 77 नशीले सिरप जब्त किए। टिकरापारा, डीडी नगर, आमानाका, पुरानी बस्ती और कबीर नगर समेत अन्य थाना क्षेत्रों में भी शराब, चाकू और वारंटियों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

विरोध: स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से की मुलाकात, ग्रेड-पे वेतनमान लागू करने की रखी मांग

अनिश्चितकालीन हड़ताल की तैयारी में नर्सिंग एसोसिएशन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नर्सिंग अफसरों ने अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसिएशन ने स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल से मुलाकात कर ग्रेड-पे वेतनमान लागू करने की मांग रखी है।एसोसिएशन ने कहा है कि मांग पर जल्द फैसला नहीं हुआ तो प्रदेशभर के नर्सिंग संवर्ग के कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा सकते हैं

एसोसिएशन ने सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री को पत्र देकर बताया कि नर्सिंग संवर्ग ग्रेड-पे और वेतनमान की मांग को लेकर लंबे समय से सरकार के सामने अपनी बात रख रहा है। एसोसिएशन के मुताबिक यह मांग करीब 14 साल से लंबित है।

9 से 11 सितंबर तक अस्पताल परिसर में प्रदर्शन

एसोसिएशन ने पत्र में बताया कि शासन स्तर पर मांगों पर फैसला नहीं होने के कारण 9, 10 और 11 सितंबर को अस्पताल परिसर में दो-दो घंटे का सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके बाद हुई बैठक में अनिश्चितकालीन आंदोलन करने का फैसला लिया गया।नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसिएशन की मुख्य मांग ग्रेड-पे वेतनमान पर बने प्रस्ताव को जल्द लागू करने की है। एसोसिएशन ने स्वास्थ्य मंत्री से कहा है कि प्रस्ताव को शीघ्र मंजूरी दी जाए। एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि मांग पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो 10 चिकित्सा महाविद्यालयों से जुड़े अस्पतालों में काम करने वाला नर्सिंग संवर्ग अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करेगा। पत्र में यह भी कहा गया है कि आंदोलन की स्थिति में मरीजों को होने वाली परेशानियों की जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रीना राजपूत की ओर से स्वास्थ्य मंत्री को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि नर्सिंग संवर्ग ग्रेड-पे और वेतनमान की मांग को लेकर करीब 14 वर्षों से संघर्ष कर रहा है। एसोसिएशन ने अब इस मामले में सरकार से जल्द निर्णय लेने की मांग की है।

2025 में आंदोलन के बाद बनी थी बात, लेकिन आगे नहीं बढ़ी

एसोसिएशन के अनुसार दिसंबर 2025 में सांकेतिक विरोध प्रदर्शन के बाद चरणबद्ध आंदोलन किया गया था। इसके बाद 30 जनवरी 2026 को नर्सिंग संवर्ग की मांगों पर बजट प्रस्ताव बनाकर आयुक्त कार्यालय से शासन को भेजा गया था।एसोसिएशन का कहना है कि आंदोलन स्थगित होने के बाद यह प्रस्ताव वापस आयुक्त कार्यालय को अभिमत के लिए भेज दिया गया, लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

सुविचार

जीवन की सुंदरता इस बात में नहीं कि सब कुछ अच्छा है बल्कि इस बात में है कि आप हर स्थिति में अच्छा सोचते हैं।

बेराजगारी एक विकट समस्या

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रोजगार मेले का शुभारंभ करते हुए 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे और उन्होंने कहा कि सरकार देश में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए हर मोर्चे पर काम कर रही है। पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार की यह कोशिश है कि युवाओं की पढ़ाई और उनका कौशल बदलती अर्थव्यवस्था की आवश्यकताओं के साथ चले स्टार्टअप ईको सिस्टम को भारतीय युवाओं के सामर्थ्य का प्रतीक बताते हुए उन्होंने कहा कि आज गांव और कस्बों का युवा भी भारत की नई अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने निजी क्षेत्र में भी रोजगार के नये अवसर बढ़ने की बात करते हुए कहा कि विकसित भारत रोजगार योजना इसी उद्देश्य को सामने रखकर शुरू की गई और इस योजना पर लगभग एक लाख करोड़ रूपये खर्च किये जा रहे हैं। विकसित भारत बनाने में युवाओं की सबसे बड़ी भूमिका है और युवाओं को बेहतर शिक्षा के साथ ही रोजगार प्रदान करना सरकार का संकल्प है क्योंकि भारतीय युवाओं ने अपनी प्रतिभा से पूरे विश्व का विश्वास जीता है और सारी दुनिया को भारत की युवा शक्ति से बहुत उम्मीदें हैं। दरअसल भारत में जिस तेजी से जंसख्या बढ़ रही है उस अनुपात में रोजगार के साधन उपलब्ध न होने के कारण हर साल लाखों पढ़े लिखे बेराजगारों की फौज तैयार हो रही है अब सबको तो सरकारी नौकरी मिल नहीं सकती। ऐसे में निजी क्षेत्रों में ही रोजगार के अवसर बढ़ाने का काम किया जा सकता है। भारत में सर्वाधिक रोजगार देने वाला क्षेत्र कृषि है जिससे ग्रामीण युवाओं को सर्वाधिक रोजगार मिलता है। कृषि के साथ ही जुड़े पशुपालन और मत्स्य पालन सहित कृषि उत्पादों के कार्य में भी बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार मिल रहा है किन्तु अब ग्रामीण युवा भी कृषि से किनारा कर अन्य क्षेत्रों में रोजगार तलाशने लगे हैं। उद्योग और विनिर्माण क्षेत्र सर्वाधिक रोजगार उपलब्ध कराने वाला दूसरा क्षेत्र है। किन्तु वहां भी वैज्ञानिक उपकरणों और मशीनों के अधिकाधिक उपयोग के कारण रोजगार के अवसर कम हो रहे हैं। नतीजतन बेराजगारी की समस्या दिन बदिन जटिल होती जा रही है। बेरोजगारी एक बड़ी समाजिक व आर्थिक समस्या है जिसका न सिर्फ युवाओं पर बल्कि पूरे समाज पर प्रभाव पड़ता है। रोजगार के अभाव में युवाओं का आत्मविश्वास टूट रहा है और कई युवा तो खुदकुशी करने पर भी बाध्य हो रहे हैं। बेरोजगारी की वजह से ही अपराध दर में भी बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में अब यह आवश्यक है कि स्वरोजगार और स्टार्टअप को बढ़ावा दिया जाये। कौशल विकास को बढ़ाने के साथ ही व्यवसायिक तथा तकनीकी शिक्षा पर भी ध्यान देना होगा। स्कूलों से भी छात्रों को व्यवसायिक और तकनीकी शिक्षा के पाठ्यक्रम लागू करने होंगे। इस तरह की रोजगारोन्मुखी शिक्षा से ही बेरोजगारी की विकट समस्या का काफी हद तक समाधान हो सकता है। केन्द्र सरकार ने जब से स्वारोजगार और स्टार्टअप को प्राथमिकता दी है तब से इसके सुपरिणाम भी सामने आने लगे हैं। पिछले साल देश में बेराजगारी की दर 5.1 प्रतिशत थी जो इस साल घट का पांच प्रतिशत रह गई है। हालांकि यह कमी बेहद मामूली है लेकिन इसे एक शुभ संकेत माना जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्र में बेरोजगारी की दर 4.1 प्रतिशत है जबकि शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की दल 6.8 प्रतिशत है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह कृषि और कृषि आधारित उद्योगों में रोजगार के ज्यादा अवसर उत्पन्न करे और साथ शहरी क्षेत्र में बेराजगारी की दर घटाने उद्योगों को भी बढ़ावा दे तभी युवाओं को रोजगार के नये अवसर मिलेंगे और वे राष्ट्र के नवनिर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करा पाएंगे।

क्षतिग्रस्त सड़को व पुलों को दुरूस्त करने की कवायद

इस साल मानसून छत्तीसगढ़ में राहत के साथ ही आफत भी लेकर आया। कई स्थानों पर भारी बारिश के कारण सड़कें और पुल क्षतिग्रस्त हो गये जिसके चलते आवागमन बाधित होता रहा। बड़ी संख्या में सड़कों और पुलों के क्षतिग्रस्त होने पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गहरी नाराजगी दिखाई थी और कहा था कि जर्जर हो चुकी सड़कों के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है इसलिए उन्होंने सड़कों और पुलों को सुधारने के कड़े निर्देश दिये थे इसके बाद उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने भी अधिकारियों को फटकार लगाते हुए तत्काल जर्जर सड़कों और क्षतिग्रस्त पुलों को दुरूस्त करने के निर्देश दिये हैं और इसके लिए 15 अक्टूबर की डेड लाइन तय कर दी है। इस कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखने और समय बद्धता पर भी जोर दिया गया है। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के कड़े निर्देश के बाद अब प्रशासन क्षतिग्रस्त सड़कों व पुलों को दुरूस्त करने की कवायद में जुट गया है। इसके लिए संबंधित विभागों के कार्यपालन यंत्रिओं को दो तीन दिनों के भीतर ही अपने अपने कार्यक्षेत्र का भ्रमण करके सड़कों व पुलों की स्थिति को जांचने के आदेश दिये गये हैं और इसके बाद तत्काल काम शुरू करने के लिए कहा गया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि निर्धारित समय सीमा के भीतर सड़कों और पुलों का कायाकल्प हो जाएगा।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1639 - ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई (तत्कालीन मद्रास) की स्थापना की। 1848 - अमेरिका ने न्यू मैक्सिको पर क़ब्ज़ा किया। 1849 - इतिहास का पहला हवाई हमला- ऑस्ट्रिया ने इटली के शहर वेनिस में चालक रहित गुब्बारों से हमला किया। 1851 - ऑस्ट्रेलिया में सोने की खानों के इलाके की खोज हुई। 1894 - नेटाल भारतीय कांग्रेस की स्थापना महात्मा गाँधी द्वारा 22 अगस्त को की गई थी। 1910 - जापान ने पांच साल तक कोरिया का संरक्षण करने के बाद उस पर क़ब्ज़ा किया। 1914 - ब्रिटिश और जर्मन सैनिकों के बीच बेल्जियम में पहली मुठभेड़ हुई।1921 - राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने विदेशी वस्त्रों की होली जलाई। 1978 - केन्या के पहले राष्ट्रपति जोमो केन्याता का 83 साल की उम्र में निधन हुआ। 1979 - राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी ने लोकसभा भंग की। 2002 - काठमांडू में सार्क विदेश मंत्रियों का सम्मेलन सम्पन्न, नेपाल में हवाई दुर्घटना में 16 व्यक्ति मारे गये। 2007 - मिस्र के पुरातत्त्वविदों ने पश्चिम रेगिस्तान के सिवा क्षेत्र में लगभग 20 लाख साल पुराने मानव के पद-चिह्नों का पता लगाया।

जल के लिए सहयोग: सामूहिक प्रयास का भारत का आह्वान

जल हमें उन तरीकों से जोड़ता है, जिनमें बहुत कम अन्य संसाधन जोड़ पाते हैं। नदियाँ प्रशासनिक सीमाओं को नहीं पहचानतीं। भूजल के स्रोत कई समुदायों की जरूरतें पूरी कर सकते हैं। आज होने वाली बारिश कल पीने के पानी, सिंचाई, भूजल या नदी के प्रवाह का आधार बनती है। इससे एक सरल लेकिन महत्वपूर्ण सिद्धांत सामने आता है: जल एक साझा संसाधन है और आने वाली पीढ़ियों के लिए इसे सुरक्षित रखना हमारी साझा जिम्मेदारी है।

सी. आर. पाटिल
केंद्रीय जल शक्ति मंत्री

इसी भावना के साथ भारत 22 से 26 सितंबर 2026 तक नई दिल्ली में आयोजित होने वाले 9वें भारत अंतरराष्ट्रीय जल सप्ताह में वैश्विक जल समुदाय का स्वागत करेगा। इसका आयोजन जल शक्ति मंत्रालय कर रहा है।

इस वर्ष की थीम है- ÷जलवायु के प्रति लचीला जल प्रबंधन÷। जलवायु परिवर्तन के कारण जल चक्र लगातार अनिश्चित होता जा रहा है। ऐसे समय में यह विषय विशेष रूप से प्रासंगिक है।

भारत अंतरराष्ट्रीय जल सप्ताह केवल एक सम्मेलन नहीं है। यह ऐसा मंच है, जहाँ सरकारें, विशेषज्ञ, उद्योग जगत, समुदाय और अंतरराष्ट्रीय साझेदार अपने अनुभव, तकनीक और विचार साझा कर सकते हैं तथा भविष्य के लिए साझेदारियाँ बना सकते हैं।

इसका उद्देश्य जल क्षेत्र से जुड़े हालिया विभागीय शिखर सम्मेलन की भावना और उससे मिली सीख को भी आगे बढ़ाना है। इस सम्मेलन का विचार माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने रखा था। इसमें भारत के विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों ने एक साथ आकर जल क्षेत्र की चुनौतियों पर चर्चा की, अपने अनुभव साझा किए और आगे की राह तय करने पर विचार-विमर्श किया।

भारत इस संवाद में बड़े स्तर पर जल और स्वच्छता से जुड़ी योजनाओं को लागू करने का व्यापक अनुभव लेकर आया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण भारत में 15.9 करोड़ से अधिक घरों तक नल से पानी पहुँचाया गया है। वर्ष 2019 में ऐसे घरों की संख्या 3.23 करोड़ थी।

जल जीवन मिशन 2.0 का मुख्य उद्देश्य जलापूर्ति के बुनियादी ढाँचे को भरोसेमंद सार्वजनिक सेवा व्यवस्था में बदलना है। इसके तहत ग्राम पंचायतों और उनकी ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों (वीडब्ल्यूएससी) को ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति सेवाओं के संचालन, रखरखाव और निगरानी के लिए सशक्त बनाया जा रहा है। इन्हें स्थानीय स्तर पर छोटी जल सेवा इकाइयों के रूप में विकसित किया जा रहा है।

'जल सेवा आकलन' ग्राम पंचायत के नेतृत्व में की जाने वाली एक डिजिटल पहल है। इसके तहत हर घर जल वाले गाँवों में पीने के पानी की नियमितता, पर्याप्तता, गुणवत्ता और स्थिरता का आकलन किया जाता है। यह पहल बुनियादी ढाँचा तैयार करने से आगे बढ़कर लगातार बेहतर जल सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण बदलाव है। इसमें जनभागीदारी के माध्यम से ग्राम पंचायतों और गाँव की संस्थाओं को आकलन की प्रक्रिया के केंद्र में रखा गया है।

नमामि गंगे कार्यक्रम के माध्यम से भारत ने गंगा और उसकी सहायक नदियों को पुनर्जीवित करने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाया है। इसमें सीवेज से जुड़े बुनियादी ढाँचे और प्रदूषण कम करने के प्रयासों के साथ-साथ नदी के पर्यावरण को बहाल करने, जैव विविधता के संरक्षण और लोगों की भागीदारी पर भी ध्यान दिया गया है।

इस कार्यक्रम के तहत 527 से अधिक परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 367 पूरी हो चुकी हैं। इनके माध्यम से प्रतिदिन 4,263 मिलियन लीटर सीवेज के शोधन की क्षमता तैयार की गई है। स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण से भी एक महत्वपूर्ण सीख मिलती है। ग्रामीण क्षेत्रों में 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण किया गया है। इससे केवल बुनियादी सुविधाओं का विस्तार ही नहीं हुआ, बल्कि हमारी माताओं और बहनों को सम्मान मिला है और लोगों के व्यवहार में बदलाव सुनिश्चित करने में भी मदद मिली है। इस मिशन के दूसरे चरण में ठोस और तरल कचरे के प्रबंधन पर भी ध्यान दिया गया है। इसके तहत घरों और सामुदायिक स्तर पर इस्तेमाल के बाद निकलने वाले पानी यानी ग्रे-वॉटर के प्रबंधन के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। इन सभी योजनाओं में एक बात समान है- 'जनभागीदारी'। इसके पीछे यह विश्वास है कि सरकारी नीतियाँ तब सबसे अधिक प्रभावी होती हैं, जब लोग केवल योजनाओं के लाभार्थी न रहकर उनके सक्रिय भागीदार बनते हैं।

जल संरक्षण के हमारे प्रयासों में भी यही दृष्टिकोण अपनाया जा रहा है। 'जल संचय जनभागीदारी' और 'कैच द रेन' (वर्षा जल संचयन) जैसे अभियानों के माध्यम से हमारा उद्देश्य जल संरक्षण को केवल सरकारी योजना तक सीमित न रखकर लोगों की आदत और जनआंदोलन बनाना है। जलवायु के अनुकूल जल प्रबंधन तभी सफल हो सकता है, जब स्थानीय लोग इसे समझें, इसे अपनी जिम्मेदारी मानें और इसे लंबे समय तक बनाए रखें। हाल ही में हमने 'कैच द रेन' अभियान का गीत भी जारी किया है।

भारत के अनुभव से यह भी सीख मिलती है कि जल संबंधी चुनौतियों का कोई एक समाधान नहीं हो सकता। हिमालयी राज्य की जरूरतें किसी सूखे क्षेत्र से अलग होती हैं। इसी तरह, तेजी से बढ़ते शहर की चुनौतियाँ ग्रामीण समुदाय की चुनौतियों से अलग होती हैं।

हमारे राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में विविध परिस्थितियों के कारण जल प्रबंधन का व्यापक अनुभव उपलब्ध है। इसमें भूजल का स्तर बढ़ाना, सिंचाई में पानी का बेहतर इस्तेमाल, पेयजल व्यवस्था का सामुदायिक प्रबंधन और इस्तेमाल किए जा चुके पानी का दोबारा उपयोग जैसे विषय शामिल हैं।

जनविश्वास का क्षरण और लोकतांत्रिक जवाबदेही

योगेश कुमार गोयल

लोकतंत्र केवल चुनावों की व्यवस्था नहीं है, बल्कि नागरिकों और राज्य के बीच विश्वास का जीवंत अनुबंध है। किसी भी लोकतांत्रिक समाज की वास्तविक शक्ति उसके संविधान, संस्थाओं और कानूनों के साथ-साथ उस भरोसे में निहित होती है, जिसके आधार पर नागरिक शासन को वैधता प्रदान करते हैं। जब यह विश्वास मजबूत होता है तो लोग कठिन परिस्थितियों में भी सरकार के आह्वानों का समर्थन करते हैं, त्याग करते हैं और राष्ट्रीय हित को व्यक्तिगत हित से ऊपर रखते हैं। परंतु जब यही विश्वास धीरे-धीरे कमजोर होने लगता है, तब समाज में एक ऐसा मौन जन्म लेता है जो किसी भी तीखे विरोध से अधिक गंभीर संकेत माना जाता है। आज भारत में कानून, शिक्षा, सामाजिक न्याय और अवसरों की निष्पक्षता को लेकर चल रही बहसें इसी व्यापक प्रश्न को सामने ला रही हैं। पिछले कुछ वर्षों में देश ने नागरिक भागीदारी के अनेक असाधारण दृश्य देखे। महामारी के दौरान लोगों ने प्रधानमंत्री के आह्वान पर ताली और थाली बजाकर स्वास्थ्यकर्मियों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। इसी प्रकार मालदीव विवाद के समय बड़ी संख्या में भारतीय पर्यटकों ने अपनी यात्राएँ रद्द कर राष्ट्रीय स्वाभिमान के समर्थन का संदेश दिया। ये घटनाएँ बताती हैं कि जब जनता नेतृत्व पर विश्वास करती है तो प्रतीकात्मक आह्वान भी व्यापक सामाजिक अभियान बन जाते हैं। लेकिन लोकतंत्र में प्रतीकों की सफलता स्थायी नहीं होती। समय के साथ नागरिक अपने दैनिक जीवन की वास्तविक समस्याओं को अधिक महत्व देने लगते हैं और शासन का मूल्यांकन भावनात्मक नारों के बजाय प्रशासनिक अनुभवों के आधार पर करते हैं।

इसी पृष्ठभूमि में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम को लेकर चल रही बहस अत्यंत संवेदनशील है। इस कानून का मूल उद्देश्य सदियों से सामाजिक भेदभाव और हिंसा झेल रहे समुदायों को प्रभावी कानूनी संरक्षण देना है। इसमें कोई संदेह नहीं कि ऐसे संरक्षण की आवश्यकता भारतीय समाज में ऐतिहासिक अन्याय की पृष्ठभूमि में उत्पन्न हुई। दूसरी ओर कुछ नागरिक संगठन, वकील और सामाजिक समूह लगातार यह आरोप लगाते रहे हैं कि कुछ मामलों में इस कानून का दुरुपयोग व्यक्तिगत दुश्मनी या झूठे मुकदमों के लिए भी किया जाता है। यह अंतर समझना आवश्यक है कि दुरुपयोग के आरोपों का अस्तित्व और यह निष्कर्ष कि पूरा कानून व्यापक रूप से दुरुपयोग का साधन बन चुका है, दोनों एक समान बात नहीं हैं। न्याय का तकाजा यह है कि वास्तविक पीड़ितों को त्वरित संरक्षण मिले और साथ ही झूठे मामलों की निष्पक्ष जांच भी सुनिश्चित हो। कानून का सबसे बड़ा उद्देश्य भय उत्पन्न करना नहीं बल्कि सुरक्षा प्रदान करना है। यदि किसी निर्दोष व्यक्ति को यह आशंका सताने लगे कि बिना निष्पक्ष जांच के उसका जीवन संकट में पड़ सकता है, तो व्यवस्था के प्रति उसका विश्वास कमजोर होगा। वहीं यदि कमजोर वर्गों को यह लगे कि उनके संरक्षण संबंधी कानूनों को लगातार कमजोर करने की मांग उठ रही है, तो उनमें भी असुरक्षा की भावना पैदा होगी। इसलिए समाधान किसी एक पक्ष की विजय में नहीं बल्कि ऐसी प्रक्रिया में है जो निष्पक्ष जांच, शीघ्र न्याय और झूठे आरोपों पर समान रूप से उत्तरदायित्व सुनिश्चित करे। सामाजिक समरसता का आधार प्रतिशोध नहीं बल्कि न्यायपूर्ण संतुलन है।

दूसरा बड़ा प्रश्न उच्च शिक्षा से जुड़ा है। विश्वविद्यालय केवल डिग्री देने वाले संस्थान नहीं होते, बल्कि वे भविष्य के वैज्ञानिकों, शिक्षकों, प्रशासकों और विचारकों का निर्माण करते हैं। 2026 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के समानता संबंधी नए विनियमों ने देशभर में व्यापक बहस को जन्म दिया। अनेक छात्र संगठनों, शिक्षक संघों और सामाजिक संगठनों ने इन प्रावधानों का विरोध किया, जबकि सरकार और कुछ अन्य समूहों ने इन्हें भेदभाव रोकने की दिशा में आवश्यक कदम बताया। बाद में इन विनियमों पर न्यायिक समीक्षा भी शुरू हुई, जिससे स्पष्ट हुआ कि यह केवल प्रशासनिक नहीं बल्कि संवैधानिक महत्व का प्रश्न बन चुका है। युवाओं की सबसे बड़ी चिंता अवसरों की निष्पक्षता है। एक विद्यार्थी वर्षों तक कठिन परिश्रम करता है, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता है और शोध या अध्यापन में अपना भविष्य देखता है। यदि उसे लगे कि नियुक्तियों, पदोन्नतियों या संस्थागत नियमों में पारदर्शिता का अभाव है, तो उसके भीतर व्यवस्था के प्रति असंतोष स्वाभाविक रूप से बढ़ता है। दूसरी ओर सामाजिक रूप से वंचित वर्गों का तर्क है कि समान अवसर केवल औपचारिक प्रतियोगिता से नहीं आते, बल्कि ऐतिहासिक असमानताओं को ध्यान में रखते हुए विशेष सुरक्षा और प्रतिनिधित्व भी आवश्यक है। यही वह बिंदु है जहाँ भारतीय लोकतंत्र को संवेदनशील संवाद की सबसे अधिक आवश्यकता है। सामाजिक समरसता का अर्थ यह नहीं कि समाज में मतभेद समाप्त हो जाएँ। इसका अर्थ यह है कि मतभेद हिंसा, घृणा और अविश्वास में परिवर्तित न हों। दुर्भाग्य से आज सार्वजनिक विमर्श में किसी भी मुद्दे को तुरंत जातीय, राजनीतिक या वैचारिक खेमों में बाँट देने की प्रवृत्ति बढ़ी है। सामाजिक माध्यमों ने संवाद की गति तो बढ़ाई है, परंतु कई बार उन्होंने आधी अधूरी सूचनाओं और भावनात्मक प्रतिक्रियाओं को भी व्यापक बना दिया है। परिणामस्वरूप कानून, शिक्षा और न्याय जैसे जटिल विषय भी नारेबाजी तक सीमित हो जाते हैं। लोकतंत्र को इससे सबसे बड़ा नुकसान यह होता है कि तर्क की जगह आरोप और समाधान की जगह ध्रुवीकरण ले लेता है। हाल में राजस्थान के शहरी निकाय चुनावों ने भी यही संकेत दिया कि स्थानीय चुनाव केवल नगर परिषदों या नगर निगमों का चुनाव नहीं होते, बल्कि वे जनता की तत्कालीन प्राथमिकताओं का दर्पण बन जाते हैं।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

सुहाग के प्रतीक के रूप में सिंदूर लगाना हर विवाहित महिला के लिए आवश्यक नहीं होता। अलग-अलग जातियों, समुदायों और परंपराओं में विवाहित महिलाओं के रीति-रिवाज अलग होते हैं; कई समुदायों में महिलाएँ सिंदूर नहीं लगाती है लेकिन हमारे बिहार में सिंदूर लगाने की परंपरा बहुत महत्वपूर्ण मानी जाती है। यहाँ कई विवाहित महिलाएँ अपने सुहाग के प्रतीक के रूप में सिंदूर अवश्य लगाती हैं। यह हमारी परंपरा और संस्कृति का एक खूबसूरत हिस्सा है।

- प्रीति श्रीवास्तव

पी अम का अपमान कर, बना रहे हैं रील। अपने ही ताबूत में, ठोक रहे हैं कील।।करते भारत वर्ष का,बार बार अपमान। महामूर्ख दो दे रहे, पता नहीं क्या ज्ञान।। गलती पर सरकार की, बेशक़ करो सवाल। श्रद्धा हिन्दू धर्म की, ये भी रखो ख़याल।। **- रमेश शर्मा वशिष्ट**

अभिमान तब आता है जब हमे लगता है हमने कुछ काम किया है, और सम्मान तब मिलता है जब दुनिया को लगता है, कि आप ने कुछ महत्वपूर्ण काम किया है जो दूसरों को इज़्ज़त देता है असल में वो खुद इज़्ज़तदार होता है क्योकि इंसान दूसरो को वही दे पाता है जो उसके पास होता है। **- पितांबर श्रीवास्तव**

राधा प्रेम की वो अनुभूति हैं, जहाँ पाने से अधिक समर्पण है, कहने से अधिक एहसास है और कृष्ण से अलग होकर भी हर धड़कन में कृष्ण ही बसे हैं। राधा अष्टमी के इस पावन दिन बस इतना-सा भाव मन में रहे- प्रेम ऐसा हो, जिसमें 'मैं' न रहे बस 'राधे-राधे' रह जाए। **- रेनु सिंघल**

महज़बीं से करार कर बैठे, चैन दिल का फ़रार कर बैठे। तेज थी लहरें आशिक़ी की पर, अपनी हिम्मत से पार कर बैठे। दौलते-हुस्न वो लुटा चुकी थी,फिर भी हम ऐतबार कर बैठे। जब किनारों की बदजनी देखी, तब समंदर से प्यार कर बैठे। जल्द परदेश से आ मां कही तो,दिल वतन पे निसार कर बैठे। रौब उनपे जमाने दानी हम, दुनिया भर से उधार कर बैठे। आशिक़ी के बियाबाँ में दानी, खुद ही अपना शिकार कर बैठे।

- डॉ संजय दानी दुर्ग

दुनियाँ कैक्टस उगती हैं, जिंदगी फूल सरीखी ही तो हैं, काँटों में पलती हैं ,छिलती हैं ,सूखती है, फिर भी खुशबु तो बिखेर जाती हैं , एक नई राह ले कर तो देखो , दुनियाँ कुत्तो की तरह भोकती जाती हैं , आँखों में सपनें भरे हो तो , दुनियाँ हजार तोहमते लगाती हैं , कुछ अलग लग कर तो देखो , दुनियाँ की आँखों में फ़ांस सी चुभ जाती हैं।

- नमन कुमार मिश्रा

पैसा कोई अमीरी का पैमाना नहीं ..पैसा बहुत सस्ती चीज है,जिससे आप सिर्फ लोग खरीद सकते है ,रिश्ते नहीं । रिश्ते बहुत मूल्यवान है ,जिसे आप पैसे से नहीं खरीद सकते;गर रिश्ते नहीं संजो पाए तो आप दुनिया के सबसे गरीब इंसान है। रिश्ते के प्रति आपका नजरिया ही आपका किरदार दिखाता है। रिश्तों के प्रति खूबसूरत नजरिया रखें ,असल में खुश रहेंगे।।

- मीनू वोहरा

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन आपके लिये सफलता दायक रहेगा। नौकरी अथवा व्यवसाय में आशा के अनुकूल कार्य होने से अन्य लोगो से बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

वृष: आज का दिन उतार चढ़ाव वाला रहेगा। स्वभाव में थोड़ा क्रोध रह सकता है फिर भी दैनिक कार्यो में इसका असर नहीं पड़ेगा। आज आप यथार्थ पर कम अमल करेंगे काल्पनिक बाते ज्यादा प्रभावित करेंगी।

मिथुन: आपका आज का दिन सामान्य रहेगा। प्रातः काल के समय किसी प्रियजन से विवाद होने के कारण दिन भर की क्रियाएं अस्त-व्यस्त रहेंगी। मानसिक रूप से भी अशान्त रहेंगे।

कर्क: आज का दिन कार्य व्यवसाय के लिए उत्तम रहेगा फिर भी उधारी के व्यवहार यथा संभव ना ही करे अन्यथा धन निश्चित रूप से फंसेगा।

सिंह: स्वास्थ्य सम्बंधित विषयो को छोड़ आज का दिन सामान्य रहेगा। शारीरिक रूप से शिथिल रहने के कारण कार्य व्यवसाय में मन कम ही लगेगा।

कन्या: आज के दिन आपके मस्तिष्क में विचारो की भरमार रहेगी स्वभाव में भी पल पल में परिवर्तन आएगा जिस कारण अन्य व्यक्ति आपके बारे में गलत धारणा रख सकते है।

तुला: आज के दिन भी आपकी इच्छाओ के विपरीत कार्य होने से निराश रहेंगे। घर एवं कार्य क्षेत्र के अंदरूनी मामलो को लेकर दुविधा में फंस सकते है।

वृश्चिक: आज परिस्थितियां बदलने से दिनचर्या में भाग-दौड़ लगी रहेगी। पूर्वनियोजित कार्यक्रमो में भी बदलाव करना पड़ सकता है।

धनु: आज के दिन आप धैर्य धारण करेंगे। संतोषी वृति रहने के कारण भाग-दौड़ से दूर रहेंगे। आपके विचार उच्च कोटि के रहेंगे परन्तु स्वयं के ऊपर इन्हें लागू करने में असमर्थ होंगे।

मकर: आपका आज का दिन भी शुभफलदायक रहेगा। सेहत उत्तम बनी रहेगी। कार्यो को पूर्ण निष्ठा से करेंगे थोडी बहुत लापरवाही भी कर सकते है फिर भी लाभ के अवसर हाथ से नहीं निकलने देंगे।

कुंभ: आज के दिन आपके साथ किसी अन्य के भरोसे रहने के कारण धोखा हो सकता है। आवश्यक कार्यो में ही लापरवाही करने से हानि होगी। पारिवारिक जरूरतों की पूर्ति करने में असमर्थ रहने से अशांति बढ़ेगी।

मीन: आज का दिन बीते कुछ समय से बेहतर रहेगा। स्वास्थ्य अनुकूल बने रहने से कार्यो के प्रति अधिक गंभीर रहेंगे।



कार्टून

56 भोग,महाआरती में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

ईडब्ल्यूएस कॉलोनी में भक्तिमय माहौल, महिलाओं और बच्चों ने सजाए आकर्षक आरती के थाल

महासमुंद/नवप्रदेश। सिद्धिविनायक गणेशोत्सव समिति, ईडब्ल्यूएस कॉलोनी हाउसिंग बोर्ड मचेवा में गणेशोत्सव श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। गणेशोत्सव के चलते पूरी कॉलोनी का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

प्रतिदिन सुबह-शाम आयोजित आरती में बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी और श्रद्धालु शामिल होकर भगवान श्रीगणेश की पूजा अर्चना आराधना कर रहे हैं।

कॉलोनी में विशेष पूजा-अर्चना के दौरान

विघ्नहर्ता भगवान श्रीगणेश को श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक 56 भोग अर्पित किए। इसके बाद भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। वहीं, महाकाल ग्रुप द्वारा विशेष महाकाल आरती भी की गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। धार्मिक अनुष्ठान पं. शिवम महाराज पाण्डेय एवं पं. संतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया गया।

रंग-बिरंगे आरती थाल लेकर पहुंचे श्रद्धालु

महाआरती के दौरान महिलाओं और बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालु अपने घरों से आकर्षक और रंग-बिरंगे आरती के थाल सजाकर पहुंचे और सामूहिक रूप से भगवान गणेश की आरती की। इस दौरान पूरा परिसर 'गणपति बप्पा मोरया' के जयघोष से गूंज उठा।

श्रद्धालुओं ने भगवान

श्रीगणेश से परिवार और समाज में सुख-समृद्धि, शांति, उत्तम स्वास्थ्य एवं मंगलमय जीवन की कामना की। समिति द्वारा गणेशोत्सव के दौरान प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें कॉलोनीवासियों की उत्साहपूर्वक सहभागिता हो रही है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में गणेशोत्सव को लेकर विशेष उत्साह और उमंग का माहौल है।

कलेक्टर ने आमजन की सुनीं समस्याएं

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाले जनदर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत आज कलेक्टरेट में जनदर्शन का आयोजन किया गया। जनदर्शन में कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। जनदर्शन के दौरान नागरिकों ने अपनी विभिन्न मांगों, शिकायतों एवं समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखा। कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशीलता के साथ संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को दूरभाष पर एवं समक्ष बुलाकर प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

गणपति उत्सव की परंपरा, श्रद्धा और एकता का प्रतीक बना पुराना मंगल बाजार

गणेश उत्सव समिति पुराना मंगल बाजार 'मंगल हटरी' के नाम से प्रसिद्ध,

गरियाबंद/नवप्रदेश। नगर के पुराना मंगल बाजार स्थित गणेश उत्सव समिति 'मंगल हटरी' का इतिहास आस्था और परंपरा से जुड़ा हुआ है। यहां वर्ष 1911 से भगवान श्री गणेश की स्थापना एवं पूजा-अर्चना की परंपरा चली आ रही है, जो 115 वर्षों से अधिक समय बाद भी निरंतर जारी है।

गणेश उत्सव के दौरान: बच्चों और मोहल्लेवासियों के लिए कुर्सी दौड़, थाल सजावट, फैंसी ड्रेस, पुष्प हार सजावट, सांस्कृतिक कार्यक्रम और झांकी सहित

विभिन्न आयोजन किए जाते हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर भी मिलता है और पूरे मोहल्ले में उत्साह का वातावरण बना रहता है।

गणेश विसर्जन के अवसर पर: पुराना मंगल बाजार के पुरुष, महिलाएं और बच्चे एकजुट होकर श्रद्धा एवं भक्ति के साथ गणपति बप्पा की अंतिम विदाई में शामिल होते हैं। यह परंपरा पूरे मोहल्ले की सामूहिक आस्था, एकता और सहभागिता का प्रतीक बनी हुई है।

पीढ़ियों से वार्डवासी श्रद्धा और भक्ति के साथ कर रहे

> वर्ष 1911 में शुरू हुई गणेश स्थापना की यह परंपरा आज क्षेत्र की धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा बन चुकी है। समिति और वार्डवासियों के सहयोग से हर वर्ष गणेश उत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है।

शिक्षक भर्ती के वादों से मुकर गई साय सरकार, प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था बदहाल

महासमुंद/नवप्रदेश। जीव-जंतु कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ के उपाध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री आलोक चंद्राकर ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने प्रदेश के युवाओं से 57 हजार शिक्षकों की भर्ती का वादा किया था। सरकार बनने के बाद तत्कालीन शिक्षा मंत्री एवं वर्तमान सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने पहली कैबिनेट बैठक में 33 हजार शिक्षकों की भर्ती की घोषणा की थी। श्री चंद्राकर के मुताबिक, सरकार के ढाई साल से अधिक समय बीतने के बावजूद ये घोषणाएं धरातल पर नहीं उतर सकी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षक भर्ती नहीं होने से प्रदेश की स्कूली शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हुई है। हजारों स्कूल एकल शिक्षकीय हो गए हैं, जबकि कई स्कूलों में शिक्षकों के पद रिक्त होने से पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक के भरोसे पूरे स्कूल का संचालन होने से शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखना बड़ी चुनौती बन गया है।

युक्तियुक्तकरण से ग्रामीण स्कूलों पर असर का आरोप

आलोक चंद्राकर ने कहा कि युक्तियुक्तकरण के नाम पर वर्षों से संचालित स्कूलों की व्यवस्थाओं में बदलाव किया गया है, जिसका सबसे अधिक असर ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब और वंचित परिवारों के बच्चों पर पड़ रहा है। उन्होंने शाला त्यागी बच्चों को दोबारा शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए भी सरकार से ठोस प्रयास किए जाने की मांग की।

आत्मानंद स्कूलों की सुविधाओं में कटौती का लगाया आरोप

कांग्रेस नेता ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों को बेहतर अंग्रेजी माध्यम शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना शुरू की गई थी। उनके अनुसार, इन स्कूलों के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन किया और मेरिट सूची में भी स्थान बनाया।

एफपीओ की वार्षिक आमसभा में धान बिक्री, किसान पहचान-पत्र, खाद, बिजली और बैंक सुविधाओं के मुद्दे उठे

किसानों की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक मजबूती से पहुंचाएंगे : तरुण व्यवहार

बागबाहरा/नवप्रदेश। बागबाहरा किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की पंचम वार्षिक आमसभा का आयोजन झलप चौक स्थित एफपीओ कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत बागबाहरा के उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार रहे। उन्होंने मां भारती, छत्तीसगढ़ महतारी एवं भगवान बलराम के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

आमसभा में करीब 1200 अंशधारक कृषक सदस्यों से जुड़े

एफपीओ द्वारा किसानों के हित में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। इस दौरान किसानों ने धान बिक्री, एग्रीस्टैक में किसान पहचान-पत्र बनाने में आ रही परेशानियों, समय पर खाद उपलब्धता, बिजली, मौसम के प्रभाव से फसलों में लगने वाली बीमारियों तथा जिला सहकारी बैंक की सुविधाओं से

वार्षिक आमसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26

> वार्षिक एवं अंकेक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। आगामी कार्ययोजना, व्यावसायिक गतिविधियों के विस्तार तथा किसानों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर प्रगतिशील किसानों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। जैविक खेती, मिलेट्स एवं लाख की खेती जैसे विषयों पर कृषि एवं व्यवसायिक मार्गदर्शन भी दिया गया।

जुड़ी समस्याएं प्रमुखता से रखीं।

किसानों ने बताया कि जिला सहकारी बैंक बागबाहरा में भवन एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण उन्हें बैठने, प्रसाधन और पार्किंग जैसी सुविधाओं के लिए भी परेशानी उठानी पड़ती है।

किसानों की समस्याओं पर

तरुण व्यवहार ने कहा कि किसान अकेला नहीं है और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर कदम पर साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों के अधिकारों का किसी भी स्तर पर हनन नहीं होने दिया जाएगा।

एग्रीस्टैक में किसान

पहचान-पत्र से जुड़ी तकनीकी एवं प्रक्रियात्मक समस्याओं को शासन-प्रशासन के समक्ष गंभीरता से रखने की बात उन्होंने कही, ताकि धान बेचने के समय किसानों को अनावश्यक परेशानी न हो। उन्होंने समय पर खाद की उपलब्धता, बिजली तथा जिला सहकारी बैंक की व्यवस्थाओं से जुड़े मुद्दों को भी प्राथमिकता से उठाने का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि किसान की सुविधा केवल कागजों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जिसमें किसान को अपना समय, श्रम और सम्मान न गंवाना पड़े। किसानों से जुड़े इन विषयों को सामूहिक सहयोग से शासन-प्रशासन के समक्ष मजबूती से रखा जाएगा।

कार्यक्रम में राज्य समन्वयक

संजय शर्मा, एफपीओ संचालक धनंजय साहू, महेंद्र यादव, गिरिजा देवांगन, रोशन लाल साहू, बसंत चंद्राकर, टिकेश्वर चंद्राकर, सुमन साहू, कृषि विशेषज्ञ राजेश कैशिक, चिंतामणि साहू, गगन लाल साहू, लखन लाल मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी दुष्यंत कुमार साहू, हरकेश यादव सहित बड़ी संख्या में अंशधारक कृषक उपस्थित रहे।

मोहामल्ला में हर्षोल्लास के साथ मनाया नवाखाई पर्व

नगरी/नवप्रदेश। विकासखंड नगरी के ग्राम मोहामल्ला में नवाखाई पर्व हर्षोल्लास एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने अपने इष्टदेव की पूजा-अर्चना एवं सेवा कर नवाखाई मिलन किया। पर्व के दौरान गांव में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। आयोजन को यादगार बनाने के लिए मनोरंजन एवं आपसी मेल-मिलाप के उद्देश्य से विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हलाल नेताम, नाथूराम नेताम, रुमलाल नेताम एवं घनश्याम मरकाम उपस्थित रहे। वहीं ग्रामीण युवा प्रभाग अध्यक्ष प्रकाश नेताम सहित भानूप्रताप मरकाम, अजय कुमार एवं राजेश यादव भी शामिल हुए। नवाखाई पर्व ने ग्रामीणों को परंपरा, संस्कृति एवं सामाजिक एकजुटता के सूत्र में बांधने का संदेश दिया।

गणेश मंदिर गढ़डोंगरी और बरबांधा गणेश घाट पहुंचे सांसद भोजराज नाग

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकास खंड के क्षेत्र के प्रसिद्ध गणेश मंदिर गढ़डोंगरी एवं बरबांधा गणेश घाट स्थित गणेश मंदिर पहुंचकर भगवान श्री गणेश के दर्शन किए। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। गढ़डोंगरी स्थित स्वयंभू गणेश मंदिर एवं बरबांधा गणेश घाट पहुंचने पर मंदिर समिति के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने सांसद भोजराज नाग का आत्मीय स्वागत किया। सांसद ने मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद उपस्थित श्रद्धालुओं और ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। सांसद भोजराज नाग ने कहा कि भगवान गणेश के आशीर्वाद से बस्तर और धमतरी क्षेत्र में सुख-समृद्धि बनी रहे। जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुनना जनप्रतिनिधि के रूप में उनकी जिम्मेदारी है। क्षेत्र के विकास के लिए वे निरंतर प्रयास करते रहेंगे। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अकबर कश्यप, जिला पंचायत सदस्य गरीमा नेताम, महामंत्री दीपक साहू, जनपद सदस्य पनना मरकाम, मौसमी मंडावी, भाजपा वरिष्ठ नेता टीकेश्वर ध्रुव, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष वेद कुमार गंजीर, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मोरध्वज सेन एवं चित्रांश नागवंशी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष लिलेश प्रजापति, मंडल कोषाध्यक्ष उमेश साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष महेंद्र साहू, योग मोर्चा मंडल मंत्री कैशात गुप्ता, बरबांधा सरपंच रुखमणी मरकाम, भूरसीडोंगरी के लिलंबर नागवंशी, तलवार सिंह, युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष मनीष कश्यप, विमल मंडावी, अल्पसंख्यक मंडल अध्यक्ष शाबीर खान, रामचंद्र कश्यप सहित मंडल पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पुलिस की अवैध जुआ के खिलाफ कार्रवाई

गरियाबंद/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक गरियाबंद के सख्पुलिस ने मौके से 06 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। जुआरियो के पास और फड़ से कुल रू.62,000 नगद राशि ,ताश के पत्ते और जुआ खेलने में प्रयुक्त अन्य सामग्री भी बरामद की गई है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जा रही है।जिले में अवैध जुआ, सट्टा और नशीले पदार्थों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) के मार्गदर्शन में थाना फिंगेश्वर पुलिस एवं साइबर टीम को जुआरियों के खिलाफ एक सफलता हाथ लगी है।थाना फिंगेश्वर एवं साइबर टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि क्षेत्र में कुछ लोग बड़े पैमाने पर ताश के पत्तों पर रुपयों का दांव लगाकर

पुलिस ने मौके से

> 06 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। जुआरियो के पास और फड़ से कुल रू.62,000 नगद राशि ,ताश के पत्ते और जुआ खेलने में प्रयुक्त अन्य सामग्री भी बरामद की गई है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

जुआ खेल रहे हैं।

गिरफ्तार जुआरियों का नाम: 01. मोहन यादव पिता आशाराम यादव उम्र 48 साल निवासी ग्राम बम्हनी थाना व जिला महासमुंद (छ0ग0), 02. लोकनाथ साहू पिता स्व0 शंकर लाल उम्र 43 साल निवासी ग्राम नयारायपुर सेक्टर 30 थाना राखी जिला रायपुर (छ0ग0),03. मन्नू साहू पिता श्री मिलाप राम साहू उम्र 34 साल निवासी ग्राम केन्द्री थाना अभनपुर जिला रायपुर (छ0ग0),04. नोहर साहू पिता श्री श्याम लाल साहू उम्र 38 साल निवासी ग्राम बकसरा थाना अभनपुर जिला रायपुर (छ0ग0),05. टेकराम सिन्हा पिता रमेश सिन्हा उम्र 26 साल निवासी ग्राम बेलटुकरी थाना राजिम जिला गरियाबंद (छ0ग0),06. परस राम सिन्हा पिता स्व0 जगन्नाथ सिन्हा उम्र 42 साल निवासी ग्राम भलेसर थाना व जिला महासमुंद (छ0ग0)

जप्त सामग्री नगदी: 62,500 / रू., 52 पत्ती ताश, एक नीला रंग का प्लास्टिक नीपाल,06 नग मोबाइल फ़ोन03 नग मोटर सायकल 01 नग स्कूटी कुल 04 नग मोटर सायकल।

बेलरगांव ग्रामीण साहू समाज ने चलाया साइबर जागृति अभियान

नगरी/नवप्रदेश। ग्रामीण साहू समाज बेलरगांव द्वारा साइबर जागृति अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साइबर एक्सपर्ट और पुलिस अधिकारियों ने समाज के लोगों को विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों और ऑनलाइन ठगी से बचने के उपायों की जानकारी दी।कार्यक्रम में एसडीओपी नगरी विपिन रंगारी एवं साइबर सेल धमतरी की टीम ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि अनजान लोगों के भेजे गए लिंक पर क्लिक न करें, OTP या बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी से साझा न करें और मोबाइल का इस्तेमाल करते समय विशेष सावधानी बरतें।साइबर ठगी के मामलों में लालच और डर से बचने की सलाह दी गई। साथ ही डिजिटल अरेस्ट जैसी साइबर ठगी के तरीकों

कार्यक्रम में ग्रामीण साहू समाज पदाधिकारियों

> पदाधिकारियों ने भी लोगों से साइबर अपराध के प्रति सतर्क रहने और आसपास के लोगों को जागरूक करने की अपील की। अभियान का संदेश रहा जागरूक नागरिक, जागरूक परिवार और जागरूक समाज।

के बारे में भी जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि किसी भी तरह की साइबर ठगी होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें। कार्यक्रम में खेमू साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज बेलरगांव, सुभाष चंद्र साहू संगठन सचिव जिला साहू संघ धमतरी, टिकेश्वर साहू उपाध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ। कुलदीप साहू मिडिया प्रभारी जिला साहू संघ धमतरी,पदूम साहू सचिव तहसील साहू समाज नगरी सिहावा,मनीराम साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र बेलरगांव, लिलम्बर सिंह साहू उपाध्यक्ष, पवन कुमार साहू अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ परिक्षेत्र तिरथ साहू,आदेश्वर साहू उपाध्यक्ष ग्रामीण, नारद साहू सचिव, प्रदीप साहू कोषाध्यक्ष सहित पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत गुढ़ियारी तालाब में चला स्वच्छता अभियान

नगरी/नवप्रदेश। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पंचायत नगरी में

नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।आगामी गणेश प्रतिमा विसर्जन को ध्यान में रखते हुए नगर के गुढ़ियारी तालाब के आसपास विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इसके साथ ही प्रतिमा विसर्जन स्थल की भी सफाई कर उसे श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक एवं उपयुक्त बनाया गया।नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए नगर पंचायत द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत आगामी दिनों में गांधी गार्डन, विभिन्न प्रतिमा विसर्जन स्थल, खेल स्टेडियम, डमकाडीही सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जाएगा।

लगातार तीन बार के पार्षद और पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष का निष्कासन रद्द, गरियाबंद की राजनीति में नए समीकरण की शुरुआत

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के बैठक में लिए गए अहम फैसला

निष्कासन खत्म, ऋतिक सिन्हा की कांग्रेस में वापसी

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति की 18 सितंबर 2026 को हुई बैठक में अहम फैसला लिया गया। जिसमें तीन बार के पार्षद और पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष लेखराम सिन्हा (ऋतिक सिन्हा) का निष्कासन रद्द कर दिया गया है। निष्कासन तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है।कांग्रेस में ऋतिक सिन्हा की यह वापसी गरियाबंद नगर की राजनीति में बड़ी घटना मानी जा रही है। वे तीन बार पार्षद रहे, शहर कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली और लंबे समय से वार्ड और शहर की राजनीति में सक्रिय हैं। ऐसे में उनकी वापसी का असर पार्टी संगठन और नगर की राजनीति, दोनों पर दिखेगा।

तीन बार पार्षद रहने से बना मजबूत जनाधार

ऋतिक सिन्हा की राजनीतिक पहचान गरियाबंद के वार्ड स्तर से बनी है। तीन बार पार्षद रहते हुए उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं और लोगों की जरूरतों पर सीधे काम किया। पार्षद का कार्यकाल खत्म होने और पिछले चुनाव में जीत न मिलने के बाद भी वार्डवासियों और स्थानीय लोगों से उनका संपर्क बना रहा। वे लगातार लोगों के बीच रहे और सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी बनाए रखी। यही जमीनी जुड़ाव उनकी स्थानीय पहचान का अहम हिस्सा है। उनके कार्यकाल में कराए गए विकास कार्यों को वार्ड के लोग आज भी याद करते हैं।

संगठन मजबूत होने और जनाधार बढ़ने की उम्मीद

ऋतिक सिन्हा की कांग्रेस में वापसी का पहला बड़ा असर पार्टी के स्थानीय संगठन और कार्यकर्ताओं के नेटवर्क पर दिख रहा है। तीन बार पार्षद और पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष रहने के कारण उनका शहर के अलग-अलग वार्डों के कार्यकर्ताओं और लोगों से पुराना संपर्क है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में काम करने का अनुभव उन्हें गरियाबंद के विभिन्न वार्डों के राजनीतिक और संगठनात्मक समीकरणों की जानकारी देता है। उनकी वापसी से लंबे समय से उनसे जुड़े कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह है। पुराने कार्यकर्ताओं के साथ उनका फिर से सक्रिय होना स्थानीय संगठन को नई ऊर्जा देने वाला कदम माना जा रहा है।

तीन बार पार्षद रहने का अनुभव

> वार्ड स्तर की राजनीति की गहरी समझ देता है। नगर के विभिन्न वार्डों में स्थानीय मुद्दों, मतदाताओं की अपेक्षाओं और जमीनी हालात से उनका पुराना जुड़ाव है। उनकी वापसी के बाद पार्टी की स्थानीय राजनीति में वार्ड स्तर पर सक्रियता बढ़ने और पुराने कार्यकर्ता नेटवर्क के फिर से सक्रिय होने की उम्मीद जताई जा रही है।

हर वार्ड की राजनीति की समझ

हर कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभाने और तीन बार पार्षद रहने के कारण ऋतिक सिन्हा को नगर के वार्ड स्तर की राजनीति, स्थानीय मुद्दों और कार्यकर्ता नेटवर्क का सीधा अनुभव है। कांग्रेस में वापसी से यह अनुभव अब पार्टी संगठन के काम आएगा। आने वाली नगरीय राजनीति पर भी पड़ेगा असर

ऋतिक सिन्हा की वापसी का असर सिर्फ संगठन तक सीमित नहीं है। इसका असर नगर पालिका और आने वाली स्थानीय राजनीतिक गतिविधियों में भी दिख सकता है।

भुंजिया समाज की मांगों पर विधायक मरकाम ने दिया पहल का आश्वासन

गरियाबंद में संचालित योजना को धमतरी जिले के नगरी विकासखंड से संचालित करने की मांग,

नगरी/नवप्रदेश। विशेष पिछड़ी जनजाति भुंजिया समाज की समस्याओं एवं योजनाओं के स्थानीय स्तर पर संचालन की मांग को लेकर भुंजिया समाज जिला धमतरी के प्रतिनिधिमंडल ने सिहावा विधायक अंबिका मरकाम से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने गरियाबंद जिले में संचालित भुंजिया समाज से संबंधित योजना एवं उसके बजट को धमतरी जिले के नगरी विकासखंड से संचालित करने की दिशा में आवश्यक पहल करने की मांग रखी। समाज के प्रतिनिधियों ने विधायक को बताया कि धमतरी जिले के नगरी, मगरलोड एवं

आसपास के क्षेत्रों में भुंजिया जनजाति के लगभग 425 परिवार निवासरत हैं। वर्तमान में संबंधित योजना का संचालन गरियाबंद जिले से होने के कारण धमतरी जिले के हितग्राहियों को योजना की जानकारी प्राप्त करने, आवेदन जमा करने, दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी करने तथा अन्य शासकीय कार्यों के लिए दूरस्थ स्थानों पर जाना पड़ता है। इससे उन्हें आर्थिक खर्च और आवागमन संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा किः यदि योजना का संचालन नगरी विकासखंड से किया जाता है, तो स्थानीय भुंजिया परिवारों को शासकीय योजनाओं की जानकारी एवं लाभ प्राप्त करने में सुविधा होगी। साथ ही प्रशासनिक प्रक्रियाओं में होने वाली अनावश्यक परेशानियों से भी राहत मिल सकेगी। समाज ने इस विषय को शासन स्तर पर रखते हुए उचित निर्णय लेने की मांग की।

प्रशासनिक स्तर पर पत्राचार का भरोसाः विधायक अंबिका मरकाम ने समाज की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि भुंजिया समाज के हितों से जुड़े इन विषयों को शासन-प्रशासन के समक्ष रखा जाएगा। संबंधित विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक पत्राचार एवं नियमानुसार कार्रवाई की दिशा में पहल की जाएगी, ताकि क्षेत्र के हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सहूलियत मिल सके।

नगरी -महानदी की उदगम बाबा श्री श्रृंगी ऋषि के तपोभूमि देव ग्राम सिहावा मे सनातनी युवा श्री गणेश उत्सव समिति बाजार चौक सिहावा

नगरी -सिद्धी विनायक गणेशोत्सव समिति उमरगांव

नगरी -गौरा चौक ठाकुर पारा उमरगांव

नगरी -मंदिर पारा उमरगांव

नगरी -शीतला चौक अमलीपारा बेलरगाँव

नगरी -मुख्य चौक अमलीपारा बेलरगाँव

सुख शांति गणेश उत्सव समिति दजंगल पारा नगरी

नगरी- स्नेह बाल गणेश उत्सव समिति गोरेगांव

नगरी -गणेश उत्सव समिति नयापारा फरसिया

नगरी -गणेश उत्सव समिति नयापारा फरसिया

16वें वित्त आयोग की कार्ययोजना पर विशेष सामान्य सभा में चर्चा

बागबाहरा/नवप्रदेश। जनपद पंचायत बागबाहरा के सभा कक्ष में सोमवार को 16वें वित्त आयोग की कार्ययोजना को लेकर विशेष सामान्य सभा आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर ने की। इस दौरान उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनहरण लाल मंडावी सहित जनपद पंचायत के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में 16वें वित्त आयोग के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को गति देने और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार को लेकर चर्चा की गई। सदस्यों ने ग्राम पंचायतों की स्थानीय आवश्यकता और प्राथमिकता के आधार पर विभिन्न विकास कार्यों को कार्ययोजना में शामिल करने को लेकर अपने सुझाव रखे। बैठक में ग्राम पंचायतों के विकास के लिए कुल 1 करोड़ 20 लाख रुपये की कार्ययोजना तैयार की गई। इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यक विकास कार्यों को प्राथमिकता देने तथा पंचायतों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया गया। जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर ने कहा कि 16वें वित्त आयोग के माध्यम से प्राप्त राशि का उपयोग ग्राम पंचायतों की प्राथमिक आवश्यकताओं और विकास कार्यों के लिए किया जाना है। उन्होंने कार्ययोजना को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के साथ ही विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखने पर जोर दिया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों की आवश्यकताओं से संबंधित सुझाव रखे। विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श के बाद कार्ययोजना से जुड़े आवश्यक प्रस्तावों पर सहमति बनी।

हादसे में पैर कुचला, रोजी-रोटी भी छीनी

नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा में सफाईकर्मी के रूप में कार्यरत नंदिनी साहू के साथ सड़क हादसे के बाद कथित तौर पर संवेदनहीनता का मामला सामने आया है। 8 अक्टूबर 2025 को सड़क हादसे में नंदिनी का बायां पैर स्थायी रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद वह दिव्यांग हो गई और लंबे उपचार के बाद जब स्वस्थ होकर काम पर लौटने के लिए पालिका में आवेदन दिया, तो उसे कथित रूप से काम पर वापस नहीं लिया गया।

नंदिनी का आरोप है कि: हादसे के बाद उसे नौकरी से बाहर कर दिया गया तथा वेतन का भुगतान भी नहीं किया गया, जिससे उसके सामने गंभीर आर्थिक एवं रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। पीड़िता

का कहना है कि वह पहले पालिका में सफाईकर्मी के रूप में सुपरवाइजर का कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण करती थी, लेकिन हादसे के बाद उसका पैर स्थायी रूप से खराब हो जाने के बावजूद उसे सहयोग मिलने के बजाय रोजगार से वंचित होना पड़ा। भाजपा के पूर्व पार्षद की बहू को नौकरी नंदिनी के एक्सीडेंट के बाद उसकी जगह सत्ताधारी दल के पूर्व पार्षद की बहू को सफाई कार्य में रखा गया है। हालांकि इस आरोप की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। यदि आरोप सही है तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि ड्यूटी के दौरान हादसे में दिव्यांग हुई कर्मचारी के पुनर्वास और रोजगार की व्यवस्था करने के बजाय उसकी जगह किसी अन्य व्यक्ति को रखने का आधार क्या था?

सीएमओ से की चर्चा

मामले की जानकारी मिलने पर छत्तीसगढ़ स्वच्छता दीदी /महिला-पुरुष महासंघ की प्रदेश उपाध्यक्ष निर्मला मैथ्यू, जिला अध्यक्ष वर्षा साहू एवं जिला सदस्य संतोष बारले नगर पालिका पहुंचे और नंदिनी साहू के मामले को लेकर सीएमओ से चर्चा की। संगठन ने पीड़िता को पुनः रोजगार देने, लंबित वेतन का भुगतान करने तथा उसके भविष्य को सुरक्षित करने की मांग रखी।

परिवार के समक्ष गुजारा का संकट: अत्यंत गरीब परिवार की महिला नंदिनी साहू अपने सास, श्वसुर, पति और पुत्र का पालन करने कार्य करती थी अब रोजगार छीनने से उसके समक्ष परिवार का भटन पोषण करने का संकट खड़ा हो गया है।

जंगल से डेयरी तक जोरातराई की आदिवासी महिलाओं ने लिखी आत्मनिर्भरता की कहानी

आज 17 महिलाएं रोज 180 लीटर दूध बेचकर कमा रहीं 10 से 12 हजार

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के ग्राम जोरातराई की आदिवासी महिलाओं की जिंदगी में आया बदलाव किसी प्रेरक कहानी से कम नहीं है। कभी जंगल से लकड़ी और वनोपज जुटाने तथा दूसरों के खेतों में मजदूरी कर परिवार का गुजर-बसर करने वाली ये महिलाएं आज अपने पैरों पर खड़ी हैं। मेहनत, प्रशिक्षण और सरकारी योजना के सहारे उन्होंने डेयरी व्यवसाय को रोजगार का जरिया बनाया और आत्मनिर्भरता की राह पकड़ी।

महासमुंद जिला मुख्यालय

करीब 30 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत भीमखोज का आश्रित ग्राम जोरातराई आदिवासी बहुल गांव है। करीब 885 की आबादी वाले इस गांव के अधिकांश परिवार कृषि-मजदूरी और वनोपज पर निर्भर रहे हैं। ऐसे में पशु चिकित्सा विभाग ने केंद्र सरकार की विशेष केंद्रीय सहायता के तहत आदिवासी विकास उपयोजना के माध्यम से गांव की 17 महिलाओं को डेयरी व्यवसाय से जोड़ा।

दो गायों से शुरू हुआ सफर,

अब रोज 180 लीटर दूध

योजना के तहत प्रत्येक हितग्राही महिला को करीब 1 लाख 98 हजार रुपए की सहायता उपलब्ध कराई गई। इसमें दो गाय, चारा-बर्तन, पशुओं का बीमा और पांच महीने के चारे की व्यवस्था शामिल थी। शुरुआत में 17 महिलाओं के पास कुल 34 गाय थीं और इनसे प्रतिदिन करीब 60 लीटर दूध का उत्पादन होता था। महिलाओं ने प्रशिक्षण लिया, पशुपालन की बारीकियां समझीं और पशुओं की नियमित देखभाल पर ध्यान दिया। इसका असर यह हुआ कि दूध उत्पादन तीन गुना बढ़कर अब करीब 180 लीटर प्रतिदिन पहुंच गया है। डेयरी व्यवसाय से जुड़ी महिलाएं प्रतिमाह करीब 10 से 12 हजार रुपए तक की आमदनी अर्जित कर रही हैं।

'पहले मजदूरी करते थे, अब अपना काम है'

जोरातराई की भगवती ध्रुव, खुलेश्वरी सबर, सावित्री ध्रुव और लता सबर का कहना है कि पशुपालन और डेयरी व्यवसाय ने उन्हें अपने पैरों पर खड़े होने का अवसर दिया है। पहले दूसरों के खेतों और घरों में मजदूरी करनी पड़ती थी, लेकिन अब वे खुद का व्यवसाय चला रही हैं। आय बढ़ने से परिवार की आर्थिक स्थिति में भी सुधार आया है। इन महिलाओं का कहना है कि मेहनत और सही मार्गदर्शन मिले तो गांव की महिलाएं भी अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकती हैं। अब वे गांव की अन्य महिलाओं को भी डेयरी व्यवसाय से जुड़ने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

दूध समिति बनी सहारा

दूध उत्पादन बढ़ने के बाद पशु चिकित्सा विभाग के सहयोग से गांव में दुग्ध समिति का गठन किया गया। समिति करीब 35 रुपए प्रति लीटर की दर से महिलाओं से दूध खरीदती है और लगभग हर दस दिन में भुगतान किया जाता है। इससे महिलाओं को रोजमर्रा की जरूरतों के साथ परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियों में सहयोग देने के लिए नियमित आमदनी का साधन मिल गया है।खास बात यह है कि महिलाएं अब केवल दूध उत्पादन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि दुग्ध समिति के संचालन में भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। यानी योजना ने उन्हें सिर्फ पशु नहीं दिए, बल्कि रोजगार, आमदनी और निर्णय लेने का आत्मविश्वास भी दिया।

सेवा मेरा योगदान अंतर्गत की गई नहरों की सफाई

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 17 सितम्बर से जिले मे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है. इसी कड़ी मे सोमवार को सेवा मेरा योगदान अंतर्गत नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार द्वारा प्लास्टिक मुक्त अभियान के अंतर्गत बाजार क्षेत्र में नागरिकों एवं व्यापारियों को सिंगल यूज प्लास्टिक एवं प्लास्टिक कैरी बैग के उपयोग से बचने हेतु जनजागरूकता एवं जब्ती की कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान बाजार क्षेत्र में आम नागरिकों एवं दुकानदारों को कपड़े,पुनः उपयोग योग्य झोलों का उपयोग तथा खरीदारी के दौरान प्लास्टिक कैरी बैग के स्थान पर पुनः उपयोग योग्य झोले का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छ, सुंदर एवं प्लास्टिक मुक्त बाजार बनाने में सहयोग प्रदान करने की अपील की गई। इसी तरह जल सांसधन विभाग द्वारा कसडोल संभाग के बलार जलाशय,टेमरी, बगबुड़ा व्यापवर्तन एवं नहरो की सफाई की गई। इसके साथ है गावों मे जन चैपाल आयोजित कर जल संरक्षण, नदी तालाबों की साफसफाई के प्रति लोगों को जागरू किया गया।

भव्य मंडपों में प्रतिष्ठित हुए गणेश, महाआरती और दर्शन के लिए उमड़ा आस्था का सैलाब

कुरूद /नवप्रदेश। जगदम्बा भवानी के नंदन, बुद्धि-सिद्धि के प्रदाता भगवान श्री गणेश के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर संपूर्ण कुरूद नगरी आध्यात्मिक ऊर्जा एवं अनुपम भक्ति-रस से सराबोर हो उठी है। 'गणपति बप्पा मोरया' और 'मंगलमूर्ति मोरया' के समवेत जयघोष से दिगंत गुंजायमान हैं। नगर के विभिन्न चौक-चौराहों, प्रमुख मार्गों एवं उपनगरों में नयनाभिराम मंडपों की संरचना कर देवाधिदेव के विभिन्न दिव्य विग्रहों की वैदिक रीति-विधान से प्राण-प्रतिष्ठा की गई है। गोधूलि वेला उपस्थित होते ही मंडपों में दीपों की झिलमिलाहट, शंखध्वनि, मृदंग की थाप और महाआरती के गूंजते मंत्र संपूर्ण परिवेश को देवलोक के समान आभा प्रदान कर रहे हैं।

इस वर्ष कुरूद में प्रतिष्ठापित: गणेश प्रतिमाओं में

मूर्तिकला, परंपरा और आस्था का अद्भुत समन्वय दृष्टिगोचर हो रहा है। कहीं विख्यात 'लालबाग के राजा' के भव्य स्वरूप में 'कुरूद के राजा' भक्तों को अभय प्रदान कर रहे हैं, तो कहीं कैलाशपति भगवान शिव एवं माता पार्वती के साथ संपूर्ण शिव परिवार का दर्शन श्रद्धालुओं को मुग्ध कर रहा है। इसके अतिरिक्त राजस्थानी स्थापत्य और वेशभूषा की छटा लिए लंबोदर, प्रभु श्रीराम के दिव्य अवतार में वानर सेना के मध्य विराजे गणराज, श्रीकृष्ण रूपी कन्हैया के स्वरूप में बंसीधर विनायक, अष्ट सिद्धि और नवनिधि के प्रदाता स्वरूप तथा दुर्गम गुफाओं की प्राकृतिक सुषमा के मध्य अधिष्ठित गजानन की झांकियां भक्तों के नयनों को तृप्त कर रही हैं।

प्रमुख क्षेत्रों में भक्ति का प्रवाह और समितियों का समर्पण: नगर का प्रत्येक कोना इस समय शिव-पार्वती नंदन की भक्ति में लीन है,प्रतिष्ठापित प्रमुख स्थलः नया बस स्टैंड, संजय नगर, डिपो रोड, कारगिल चौक, सरोजनी चौक, डबरा पारा, ब्राह्मण पारा, हुतात्मा चौक, पुराना बाजार चौक, बैगा पारा, थाना चौक, गांधी चौक, बजरंग चौक, इंदिरा नगर, नया बाजार चौक, कचहरी चौक, सिरसा चौक, स्कूल पारा, शंकर नगर, दानीपारा, सूर्य नमस्कार चौक, धोबनी पारा, नया तालाब दुर्गा मंच एवं पुराना बस स्टैंड सहित अनेक क्षेत्रों में श्रद्धा का केंद्र बने मंडप स्थापित किए गए हैं।

अब तक 250 सर्पों का रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। वन विभाग की टीम वन संरक्षण के साथ-साथ वन्यजीवों एवं आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए तत्परता से कार्य कर रही है। किसी भी वक्त जब भी किसी घर, विद्यालय, खेत या आबादी वाले क्षेत्र में सर्प अथवा अन्य वन्यजीव दिखाई देने की सूचना प्राप्त होने पर वन विभाग की टीम द्वारा घटनास्थल पहुँचकर सुरक्षित रेस्क्यू सुनिश्चित की जा रही है। वर्ष 2026 के दौरान बलौदाबाजार वन परिक्षेत्र की टीम द्वारा विभिन्न ग्रामों एवं शहरी क्षेत्रों से लगभग 250 सर्पों का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया है। इनमें विषेले सर्प जैसे कॉमन करेत, रसेल वाइपर,कोबरा सहित अन्य प्रजातियाँ शामिल हैं। साथ ही बड़ी संख्या में गैर-विषैले सर्पों का भी सुरक्षित रेस्क्यू कर उन्हें निकटवर्ती वन क्षेत्रों में उनके प्राकृतिक एवं सुरक्षित आवास में छोड़ा गया।

रेस्क्यू अभियान के दौरान कई चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी वन विभाग ने त्वरित कार्रवाई की।

जीएडी कॉलोनी, कृष्णायान कॉलोनी, लक्ष्मण विहार कॉलोनी, श्री कृष्णा सिटी सहित बलौदाबाजार नगर के विभिन्न वार्डों तथा लगभग सभी ग्रामों से प्राप्त सूचनाओं पर वन विभाग की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुँचकर सफल एवं सुरक्षित सर्प रेस्क्यू करती रही है। कई बार देर रात भी सर्प दिखाई देने की सूचनाएँ प्राप्त हुई। ऐसे अवसर पर एसडीओ, बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में, परिक्षेत्र अधिकारी एवं परिक्षेत्र के वन अमले द्वारा आंशिक रूप से प्रशिक्षित कर्मचारियों के साथ सीमित संसाधनों का प्रभावी उपयोग करते हुए तत्काल सुरक्षित एवं सफल सर्प रेस्क्यू अभियान संचालित किया गया। सर्प रेस्क्यू अभियान को और अधिक प्रभावी एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से बलौदाबाजार वनमंडल कार्यालय में विशेष सर्प रेस्क्यू प्रशिक्षण का आयोजन भी किया गया। इस प्रशिक्षण में वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा स्थानीय स्वयंसेवकों सहित लगभग 70 से 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान विषैले एवं गैर-विषैले सर्पों की पहचान, सुरक्षित रेस्क्यू की वैज्ञानिक तकनीक, सुरक्षा उपकरणों के सही उपयोग, प्राथमिक सावधानियों तथा रेस्क्यू के बाद वन्यजीवों को उनके प्राकृतिक आवास में सुरक्षित छोड़ने की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

लोकार्पण समारोह : सड़क, स्कूल, स्वास्थ्य और आवास से लेकर महतारी वंदन तक की चर्चा

भक्ति के बीच विकास का बड़ा संदेश, साहू ने गिनाई सरकार की योजनाएं

छुरा /नवप्रदेश। ग्राम पंचायत परसदा खुर्द में रविवार को अखंड रामनाम सप्ताह के भक्तिमय माहौल के बीच आयोजित लोकार्पण समारोह में विकास और जनकल्याण का मुद्दा प्रमुखता से उठा। धार्मिक आयोजन के बीच राजिम विधायक रोहित साहू ने गांव में हुए निर्माण कार्यों का लोकार्पण करते हुए सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। इस दौरान उन्होंने सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, पेयजल और मूलभूत सुविधाओं के साथ गरीब एवं भूमिहीन परिवारों को योजनाओं का लाभ दिलाने पर जोर दिया।

मोदी की गारंटी का जिक्र, अंतिम घर तक लाभ

रोहित साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी का उद्देश्य गरीब, किसान, महिला, युवा और जरूरतमंद परिवारों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य में समान विचारधारा की सरकार होने से विकास कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन में समन्वय को गति मिल रही है।उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार का लाभ तभी सार्थक होगा, जब योजनाओं का लाभ गांव के आखिरी घर तक पहुंचे। परसदा खुर्द सहित पूरे क्षेत्र में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के सहयोग को उन्होंने आवश्यक बताया।

समारोह के दौरान विधायक

रोहित साहू ने 10 लाख रुपए की लागत से निर्मित धरना शेड तथा उचित मूल्य दुकान परिसर में 1.60 लाख रुपए की लागत से निर्मित शेड का लोकार्पण किया। लोकार्पण के बाद ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विकास का अर्थ केवल भवन और सड़क का निर्माण करना नहीं, बल्कि गांव के प्रत्येक परिवार के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है।

आवास से लेकर महिलाओं के सशक्तिकरण तक की बात

विधायक ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचाना है। गरीब परिवारों को पक्का आवास, भूमिहीन परिवारों की आवश्यकताओं को पूरा करना, किसानों को सहायता उपलब्ध कराना और महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।

उन्होंने महतारी वंदन योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि पात्र महिलाओं को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और पात्रता होने पर योजनाओं का लाभ लेने के लिए संबंधित विभाग में आवेदन करें।

वंचित परिवारों के मुद्दे प्राथमिकता में

विधायक ने कहा कि आवास से वंचित परिवारों, भूमिहीनों, महिलाओं, किसानों और जरूरतमंद लोगों से जुड़े विषयों को प्राथमिकता के साथ शासन के समक्ष रखा जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से गांव की आवश्यकताओं और समस्याओं को जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाने तथा विकास कार्यों में सहयोग करने की अपील की।

अखंड रामनाम सप्ताह से भक्तिमय हुआ गांव

लोकार्पण समारोह के साथ चल रहे अखंड रामनाम सप्ताह के कारण पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण बना रहा। रामनाम की गूंज के बीच विधायक सहित अतिथियों ने निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत छुरा अध्यक्ष मीरा ठाकुर ने की। विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति लेखराज ध्रुव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा जिला महिला उपाध्यक्ष केशरी ध्रुव उपस्थित रहीं।इस अवसर पर हेमंत सिन्हा, विष्णु राम नरेश, टोकेश्वरी मांझी, पंकज निर्मलकर, सरपंच दिशेश्वरी ठाकुर, उपसरपंच ओमप्रकाश पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

एचआईवी पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। महिला सशक्तिकरण केन्द्र के द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत जिले में महिलाओं, किशोरियों एवं बच्चों में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा कुपोषण की रोकथाम के उद्देश्य से विभिन्न जन-जागरूकता अभियान 9 सितम्बर से 8 अक्टूबर 2026 तक कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के नेतृत्व में कार्यक्रम चलाया जा रहा है। सोमवार को लाइवलीहुड कॉलेज और आईटीआई कॉलेज सकरी में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत एचआईवी एड्स पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया।

स्वास्थ्य विभाग

आईसीटीसी काउंसलर प्रीति कौशिक के द्वारा एचआईवी एड्स के कारण एवं उनसे बचने के उपाय की जानकारी प्रदान की गई साथ ही एचआईवी मुक्त समाज की शपथ दिलायी गई। कार्यक्रम के दौरान प्रीति नवरत्न ने विभागीय

योजनाओं एवं महिला हेल्पलाइन नम्बर 181, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर सुरक्षा 1930, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम 2013, सखी वन सेंटर की जानकारी दी गई।

पोषण माह कार्यक्रम

परियोजना सिमगा अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र खरगाडीह, दामाखेड़ा, सकरीपार, परियोजना लवन के अंतर्गत अहिल्दा में आधार शिविर का आयोजन, भाटापारा ग्रामीण में बड्डी कार्यक्रम का आयोजन,भाटापारा के अंतर्गत लावर-1, एवं समुदाय स्तर पर पोषण जागरूकता, सैम बच्चों का चिन्हांकन, वनज हाईट सत्यापन संतुलित आहार, एनीमिया की रोकथाम, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य, स्तनपान, शिशु एवं बाल आहार, स्थानीय एंव पौष्टिक खाद्य पदार्थो के उपयोग तथा कुपोषण से बचाव संबंधी गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

आंगनबाड़ी केन्द्रों में

बच्चों को ताजा एवं गरम पके भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता उपलब्ध कराए जा रहे। 0 से 3 वर्ष के बच्चों के लिए गृहभेंट के माध्यम से अभिभावको को उचित पोषण, देखभाल एवं प्रारंभिक उद्दीपन की जानकारी दी जा रही है। वहीं 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए खेल-आधारित गतिविधियों एवं प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एंव शिक्षा के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया जा रहा है। साथ ही गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को गर्भावस्था के दौरान पौष्टिक आहार लेने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने तथा बच्चों के उचित पोषण एवं देखभाल के लिए जागरूक की जा रही है।

चौक-चौराहों में सजे गणपति दरबार, गजानंद की भक्ति में डूबा

जय श्रीराम परिवार गणेश उत्सव समिति कोबिया

पंजीबी कॉलोनी गणेश उत्सव समिति

शुभ शक्ति गणेश उत्सव परिवार बेमेतरा

नया बस स्टैण्ड राजा

श्रीराम भक्त गणेश उत्सव समिति गस्ती चौक बेमेतरा

मां शीतला गणेश उत्सव समिति सिघौरी

न्यूज गैलरी

श्रम विभाग की मिनिमाता महतारी जतन योजना से मिले 20 हजार रूपये

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है, जिससे अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। इसी कड़ी में श्रम विभाग बेमेतरा द्वारा संचालित मिनिमाता महतारी जतन योजना ग्राम टेमरी की हीरामती सोनवानी के लिए वरदान साबित हुई है। ग्राम व पोस्ट टेमरी की निवासी श्रीमती हीरामती सोनवानी ने अपनी सेवा की कहानी साझा करते हुए बताया कि वे मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करती हैं। संतान जन्म के पश्चात नवजात शिशु के पोषण और स्वास्थ्य को लेकर वे चिंतित थीं। इसी दौरान उन्हें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और श्रम विभाग के मैदानी अमले से मिनिमाता महतारी जतन योजना की जानकारी प्राप्त हुई। उन्होंने तत्काल श्रम विभाग में आवेदन प्रस्तुत किया। विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उनके खाते में डीबीटी के माध्यम से 20,000 रुपये की सहायता राशि अंतरित की गई।

सुरेश कुमार को मिला रोजगार

बेमेतरा/नवप्रदेश। सेवा संकल्प अभियान के तहत युवाओं को कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला कौशल विकास प्राधिकरण, बेमेतरा द्वारा संचालित जल वितरण संचालक प्रशिक्षण से ग्राम कोसा, ग्राम पंचायत नारी, विकासखंड बेमेतरा निवासी सुरेश कुमार यादव के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। सुरेश कुमार यादव बताते हैं कि पहले रोजगार के लिए उन्हें काफी प्रयास करना पड़ता था। जल वितरण संचालक का प्रशिक्षण मिलने से उन्हें पंप संचालन और जल वितरण से संबंधित कार्य सीखने का अवसर मिला। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद ग्राम पंचायत नारी में पंप ऑपरेटर के रूप में काम मिला, जिससे उन्हें आय का साधन प्राप्त हुआ और अपने परिवार के लिए बेहतर करने का आत्मविश्वास बढ़ा है।

रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ

बेमेतरा/नवप्रदेश। गांधी भवन बेमेतरा में नील कमल सोनी की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जहां बड़ी संख्य में युवाओं, महिलाओं आदि रक्तदान कर जरूरतमंदों की मदद की। समिति के डॉ. अविनाश तिवारी ने बताया कि पिछले कई वर्षों से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें वस्त्रदान समिति,युवा योद्धा,सरयू ब्राह्मण समाज,स्वर्णकार समाज बेमेतरा की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

भस्म संसार का सार है: अविमुक्तेश्वरानंद

बेमेतरा/नवप्रदेश। ग्राम सलधा में चल रहे चातुर्मास में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि भगवान शिव दिगंबर हैं, वस्त्र नहीं पहनते। वस्त्र अविद्या है वस्त्र शरीर को ढंक देता है। अविद्या हमारे स्वरुप को आत्मा को ढंक देता है भगवान शिव स्व - स्वरूप में स्थित रहते हैं अविद्या रहित हैं। कोई आवरण पर्दा नहीं है। स्वामी जी ने आगे बताया शिव भस्म इसी लिए लगाते हैं क्योंकि भस्म सारे संसार का सार है। जटा वट वृक्ष के समान है उसमें शाखा लटा होती है ये वेद, सांख्य, वैशेषिक, न्याय, मीमांसा और योग दर्शन हैं। उनके त्रिशूल त्रिगुणातीत होने का प्रतीक है रजोगुण से तमोगुण को जीता जाता है सतोगुण से रजोगुण को जीता जाता है और भगवान शिव का त्रिशूल तीनों गुणों को जीतकर गुणातीत हो कर स्व स्वरूप का परम आनंद है। उज्जैन से आये अखाड़े के संत ने शिप्रा नदी को प्रदूषणमुक्त बनाने की बात कही।

पीडीएफ से प्रश्न पत्र, स्कूलों को अपनी व्यवस्था से करानी पड़ रही परीक्षा

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिले के शासकीय विद्यालयों में तिमाही परीक्षा प्रारंभ हो गई है। इस बार परीक्षा के प्रश्न पत्रों को लेकर व्यवस्था में बदलाव किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की ओर से स्कूलों को पहले की तरह प्रिंटेड प्रश्न पत्र उपलब्ध कराने के बजाय प्रश्न पत्र की पीडीएफसंस्था प्रमुखों को भेजी गई है। प्राप्त पीडीएफके आधार पर अब स्कूलों को अपनी वित्तीय व्यवस्था के अनुरूप प्रश्न पत्र तैयार कराना होगा। जिन विद्यालयों में प्रिंटिंग की व्यवस्था है, वहां पीडीएफसे प्रश्न पत्र प्रिंट कराए जाएंगे। वहीं, प्रिंटिंग में होने वाले खर्च को देखते हुए स्कूलों में शिक्षक ब्लैक बोर्ड पर प्रश्न लिखकर दिया। विद्यार्थियों से उत्तर पुस्तिका में उत्तर लिखे।इस व्यवस्था के चलते विद्यालयों में परीक्षा संचालन की जिम्मेदारी संस्था प्रमुखों पर अधिक बढ़ गई है। परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों को समय पर प्रश्न उपलब्ध कराने के लिए स्कूल स्तर पर ही व्यवस्था करनी पड़ रही है।

धीमी प्रगति पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल नाराज

भोरमदेव कॉरिडोर निर्माण में अब दिखनी चाहिए रफ्तार

15 दिन की कार्ययोजना पर होगी समीक्षा, लापरवाही पर ठेकेदारों को हटाने की चेतावनी

कवर्धा/नवप्रदेश। स्वदेश दर्शन योजना के तहत करीब 146 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किए जा रहे भोरमदेव कॉरिडोर के निर्माण कार्यों में अब तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कॉरिडोर से जुड़े सभी प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा की।

इस दौरान कई निर्माण कार्यों की धीमी गति सामने आने पर दोनों मंत्रियों ने संबंधित ठेकेदारों और निर्माण एजेंसियों के प्रति नाराजगी जताई। बैठक में निर्देश दिया गया कि प्रत्येक निर्माण कार्य के लिए 15-15 दिन की स्पष्ट कार्ययोजना तैयार की जाए। हर पखवाड़े निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप निर्माण स्थल पर वास्तविक प्रगति दिखाई देनी चाहिए। अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों को पर्याप्त मशीनरी, मानव संसाधन और अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराकर काम में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि भोरमदेव कॉरिडोर एक महत्वपूर्ण और दीर्घकालिक परियोजना है। निर्माण कार्यों में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप काम नहीं होने पर जिम्मेदारी तय करते हुए संबंधित ठेकेदार को कार्य से पृथक करने और अनुबंध की शर्तों के तहत कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर ब्लैक लिस्ट सहित अन्य कार्रवाई भी की जा सकती है। उन्होंने कहा कि कॉरिडोर क्षेत्र का विकास आने वाले वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखकर किया जा रहा है, इसलिए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से समझौता नहीं होना चाहिए। सभी कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप और मजबूत एवं टिकाऊ होने चाहिए। उन्होंने पीएमसी, ठेकेदारों और भोरमदेव विकास समिति के बीच लगातार समन्वय बनाए रखने तथा तकनीकी निगरानी को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

आगामी भोरमदेव महोत्सव तक निर्माण कार्यों में स्पष्ट प्रगति दिखाई देने की बात भी कही। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने भी निर्माण कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि कई कार्यों के कार्यादेश जारी हुए 8 से 9 माह बीत चुके हैं, इसके बावजूद अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है।

अतिक्रमण हटाने के भी निर्देश

बैठक में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भोरमदेव मार्ग और आसपास के क्षेत्र में अतिक्रमण का चिन्हांकन कर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। कवर्धा से भोरमदेव जाने वाले मुख्य मार्ग के दोनों ओर अतिक्रमण की जांच करने को कहा गया। राजस्व और वन विभाग की भूमि का संयुक्त चिन्हांकन कर अतिक्रमण पाए जाने पर उसे हटाने के निर्देश दिए गए। अतिक्रमण मुक्त शासकीय भूमि का उपयोग पार्किंग और अन्य जनसुविधाओं के विकास के लिए करने की संभावना तलाशने को भी कहा गया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, कलेक्टर तुलिका प्रजापति, पर्यटन विभाग के प्रबंध संचालक सौमिल रंजन चौबे, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

मंदिर की ऐतिहासिक वास्तुकला के अनुरूप हो निर्माण

पर्यटन मंत्री ने कहा कि कॉरिडोर के ड्राइंग और डिजाइन में भोरमदेव मंदिर की ऐतिहासिक वास्तुकला, स्वरूप और रंगत का विशेष ध्यान रखा जाए। नए निर्माण मंदिर की ऐतिहासिक पहचान के अनुरूप हों और उसके साथ सामंजस्य स्थापित करें। उन्होंने कहा कि भोरमदेव केवल कवर्धा ही नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ की आस्था और ऐतिहासिक पहचान से जुड़ा महत्वपूर्ण स्थल है।

मंत्री दयाल दास बघेल ने ली समीक्षा बैठक, सभी विभागों को सफल आयोजन के दिए निर्देश

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रदेश के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयाल दास बघेल ने आज कलेक्ट्रेट में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर नोडल अधिकारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं, जिला पंचायत सीईओ सुश्री प्रेमलता पद्माकर सहित सभी विभागों के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

मंत्री बघेल ने अभियान के तहत आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा, तिथि एवं स्थान तय करते हुए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। मंत्री श्री बघेल ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का माध्यम है, इसलिए सभी कार्यक्रमों को जनभागीदारी के साथ सफल बनाया जाए।

अभियान के प्रमुख कार्यक्रम इस प्रकार हैं

- *23 सितंबर - नगर पंचायत बेमेतरा में वृहद स्वच्छता अभियान।*
- *25 सितंबर - ग्राम पंचायत मऊ में स्वच्छता कार्यक्रम।*
- *26 सितंबर - नवागढ़ में महिला सम्मान एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में महिला खेलकूद कार्यक्रम।*
- *27 से 30 सितंबर तक प्रत्येक विकासखंड में खाद्य विभाग द्वारा विशेष शिविर। शिविर में राशन कार्ड से वंचित हितग्राहियों के नए राशन कार्ड बनाए जाएंगे, ई-केवाईसी एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी व लाभ प्रदान किया जाएगा।*
- *2 अक्टूबर - संबलपुर में पौधारोपण कार्यक्रम।*
- *7 अक्टूबर - नवागढ़ में सेवा ज्योति यात्रा एवं रंगोली प्रतियोगिता।*
- *9 अक्टूबर - नवागढ़ एवं साजा में रक्तदान शिविर का आयोजन।*

जिला दवा विक्रेता संघ ने यूपीआई पर एम डीआर लागू करने के फैसले पर जताई चिंता

बेमेतरा/नवप्रदेश। भारत सरकार द्वारा 2,000 रुपये से अधिक के निर्दिष्ट क्क2रू क्क्ष् लेन-देन पर 0.4त्न स्रुष्ठक्र लागू करने तथा 75,000 रुपये एवं उससे अधिक के लेन-देन पर स्रुष्ठक्र को अधिकतम 300 रुपये प्रति लेन-देन तक सीमित करने के निर्णय पर छत्तीसगढ़ केमिस्ट एंड डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन ने आपत्ति दर्ज कराई है। उक्त जानकारी बेमेतरा जिला दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष दिनेश दुबे एवं सचिव नवीन अग्रवाल द्वारा दी गई उन्होंने बताया कि ष्टष्टष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश के. शर्मा एवं महासचिव अविनाश अग्रवाल द्वारा भेजे गए पत्र में विभिन्न बिंदुओं पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया है।

कृषि छात्र बनेंगे किसानों के साथी :- कृषि महाविद्यालय में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ

बेमेतरा/नवप्रदेश। रावेन्द्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, ढोलिया बेमेतरा में आज चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अनूप कुमार सिंह ने की, जबकि मार्गदर्शन रावे कोऑर्डिनेटर डॉ. असित कुमार का रहा। यह ओरिएंटेशन कार्यक्रम 21 सितम्बर 2026 से प्रारंभ होकर एक सप्ताह तक चलेगा। इसके लिए ग्राम ढोलिया का चयन किया गया है, जहां चतुर्थ वर्ष के 57 छात्र-छात्राएं किसानों के साथ रहकर खेतों में प्रायोगिक अनुभव लेंगे। इस अवसर पर डॉ. यू.के. ध्रुव, डॉ. हेमलता निराला, कुंती बंजारे, डॉ. भारती बघेल, डॉ. साक्षी बजाज, डॉ. सरिता शर्मा, संजीव, रामेश्वर पाटले सहित समस्त प्राध्यापक व छात्र उपस्थित रहे।

पीएमश्री नवोदय विद्यालय कुसमी में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

377 बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। सेवा संकल्प अभियान के तहत पीएम नवोदय विद्यालय कुसमी में स्कूली बच्चों का शिविर लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्त जांच किया गया। यह स्वास्थ्य जांच शिविर कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं के निर्देश पर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शरद कोहाड़े के मार्गदर्शन में चिरायु टीम द्वारा आयोजित किया गया। पीएम नवोदय विद्यालय, कुसमी में स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही हीमोग्लोबिन, रक्त शर्करा, सिकल सेल एनीमिया, ब्लड ग्रुप आदि की रक्त जांच हेतु शिविर लगाया गया। शिविर में विद्यालय के लगभग 377 बालक-बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान 150 बालिकाओं का हीमोग्लोबिन (।ड्ड) परीक्षण किया गया तथा साथ ही 70 बालक-बालिकाओं को लक्षण आधार पर दवाइयों का वितरण भी किया गया। विद्यार्थियों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। उक्त शिविर में चिरायु टीम से डॉ. ऋषभ शर्मा, डॉ. दिलीप, डॉ. प्रीति, डॉ. ज्योति एवं डॉ. अभिषेक द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। स्वास्थ्य टीम में नेत्र सहायक अधिकारी मुकेश टंडन, फार्मासिस्ट श्री खिलेन्द्र एवं बलवंत बंजारे, एमएलटी मनीष साहू, एएनएम दीपा साहू एवं श्रीमती आरती वर्मा ने सेवा प्रदान की।

पुलिस ने 7 वाहन चालकों पर की कार्रवाई

बेमेतरा/नवप्रदेश। यातायात बेमेतरा पुलिस टीम द्वारा जिले में सड़क सुरक्षा, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बेमेतरा में 01 चालान में 01 वाहन चालक, चौकी देवकर में 01 चालान में 01 वाहन चालक,यातायात बेमेतरा में 05 चालान में 05 वाहन चालको के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। जिसमें घातक स्थिति में वाहन खडी करना, मौके पर कागजात पेश न करना, बिना नंबर एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 07 प्रकरण में 2,100/- रूपये समन शुल्क लिया गया।

युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

बेमेतरा/नवप्रदेश। कार्यालय कलेक्टर (खेल एवं युवा कल्याण विभाग) जिला बेमेतरा द्वारा युवा रत्न सम्मान योजना के तहत आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिला खेल अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य शासन द्वारा प्रदेश के युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, शैक्षणिक, खेल तथा अन्य विविध क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित करने एवं राज्य स्तर पर मान्यता प्रदान करने के उद्देश्य से यह योजना संचालित है। प्रतिवर्ष 1 उत्कृष्ट स्वैच्छिक संगठन तथा 14 विभिन्न क्षेत्रों में 1-1 उत्कृष्ट युवा का चयन किया जाएगा। चयनित स्वैच्छिक संगठन को पदक, प्रमाण-पत्र एवं 5 लाख रुपये की सम्मान राशि। उत्कृष्ट युवा को 2.50 लाख रुपये की सम्मान राशि। अन्य चयनित युवा रत्नों को 1-1 लाख रुपये की सम्मान राशि प्रदान की जाएगी। पात्र युवा एवं संगठनों से 30 अक्टूबर 2026 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

रेवे, कठिया और बहेरा में श्रद्धा-उत्साह से मनाई गई भगवान विश्वकर्मा जयंती

विश्वकर्मा जयंती में शामिल हुए भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। भगवान विश्वकर्मा जयंती के पावन अवसर पर ग्राम रेवे, कठिया एवं बहेरा में श्रद्धा, उल्लास और उत्साह के साथ विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में भाजपा किसान नेता एवं सर्व सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री योगेश तिवारी जी शामिल हुए। उन्होंने भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर सभी ग्रामवासियों को जयंती की शुभकामनाएं दीं और क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। तीनों गांवों में संस्कृति कार्यक्रम आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, मातृशक्ति, युवा, किसान एवं समाज के लोग शामिल हुए। धार्मिक वातावरण के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। भगवान विश्वकर्मा के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय नजर आया। इस अवसर पर अपने संबोधन में योगेश तिवारी जी ने भगवान विश्वकर्मा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा को देवशिल्पी के रूप में स्मरण किया जाता है। वे निर्माण, सृजन, शिल्प और तकनीकी कौशल के प्रतीक माने जाते हैं। भगवान विश्वकर्मा की पूजा हमें यह संदेश देती है कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में मेहनत करने वाले प्रत्येक हाथ और अपने हुनर से कार्य करने वाले प्रत्येक व्यक्ति का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि किसान खेतों में मेहनत करता है, कारीगर अपने हुनर से निर्माण करता है, मजदूर अपने श्रम से विकास की नींव मजबूत करता है और अलग-अलग क्षेत्रों में काम करने वाले लोग अपने कौशल से समाज को आगे बढ़ाते हैं। इसलिए भगवान विश्वकर्मा जयंती श्रम, कौशल, परिश्रम और सृजनशीलता के सम्मान का भी पर्व है। योगेश तिवारी ने भगवान विश्वकर्मा की कथा से मिलने वाले सामाजिक संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज का विकास केवल सड़क, भवन, पुल और अन्य भौतिक निर्माण से नहीं होता। जब तक समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा, सद्भावना और एकता कायम नहीं होगी, तब तक विकास को पूर्ण अर्थों में सफल नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि पंचायत से लेकर शहर, प्रदेश और देश तक विकास की मजबूत नींव के लिए सामाजिक एकता और आपसी विश्वास जरूरी है। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा की परंपरा हमें सृजन के साथ समाज को जोड़ने की प्रेरणा देती है। हमें अपने-अपने कार्यक्षेत्र में ईमानदारी और मेहनत के साथ आगे बढ़ने के साथ-साथ समाज में प्रेम और सद्भावना को भी मजबूत करना चाहिए। जब हर व्यक्ति अपने दायित्व को समझकर मेहनत करता है और एक-दूसरे का सम्मान करता है, तभी गांव और समाज वास्तविक प्रगति की ओर आगे बढ़ता है। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से मेहनतकश किसान, श्रमिक, कारीगर और युवा वर्ग को भगवान विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हर व्यक्ति अपने हुनर को पहचानकर आगे बढ़े और अपने कौशल के माध्यम से परिवार, समाज तथा राष्ट्र के निर्माण में योगदान दे। योगेश तिवारी जी ने तीनों गांवों में आयोजित कार्यक्रमों के लिए आयोजन समिति के सदस्यों एवं ग्रामवासियों को बधाई देते हुए कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हमारी परंपराओं को जीवित रखने के साथ समाज को एक मंच पर लाने का कार्य करते हैं।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन का मिलन कार्यक्रम

25 सितम्बर से 07 अक्टूबर तक जिलेभर में होंगे विविध कार्यक्रम।।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं का होगा सम्मान।

गरियाबंद। नवप्रदेश। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा एवं समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा संकल्प अभियान 2026 चलाए जा रहे हैं, जो कि मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से शुरू होकर 17 अक्टूबर तक एक माह चलेगा। इसी तारतम्य में भाजपा के सेवा संकल्प अभियान के तहत आगामी 'आंगन का मिलन' कार्यक्रम को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में सोमवार को जिला महिला मोर्चा की विशेष कामकाजी बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा तैयार करने के साथ ही घर-घर संपर्क अभियान और हितग्राहियों से संवाद को लेकर कार्ययोजना बनाई गई। मालूम हो कि 25 सितम्बर से 07 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले आंगन का मिलन कार्यक्रम के तहत जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं का सम्मान करने के साथ बच्चों और पालकों के साथ उत्सव मनाया जाएगा। साथ ही महिला मोर्चा की कार्यकर्ता केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से घर-घर संपर्क कर संवाद करेंगी तथा योजनाओं से उनके जीवन में आए बदलाव और सरकार की उपलब्धियों की जानकारी जनमानस तक पहुंचाएंगी। बैठक को भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने संबोधित करते हुए कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा रखते हुए कहा कि सेवा संकल्प अभियान के सभी कार्यक्रमों को संगठनात्मक समन्वय के साथ प्रभावी ढंग से पूरा किया जाए। उन्होंने मंडल एवं बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने और प्रत्येक कार्यक्रम को जनसंपर्क से जोड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल आयोजन करना नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और जनकल्याण की भावना को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना है। बैठक को संबोधित करते हुए महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री एवं गरियाबंद की प्रभारी सविता चंद्राकर ने आंगन मिलन कार्यक्रम को प्रभावी एवं व्यापक बनाने का आह्वान किया।

1980-83 बैच के पुराने सहपाठी 26 सितंबर को फिर होंगे एकजुट

गरियाबंद/नवप्रदेश। स्कूल के दिनों की दोस्ती और वर्षों पुरानी यादों को एक बार फिर जीवंत करने के लिए गरियाबंद में 1980-83 बैच के पूर्व सहपाठियों का मिलन समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस विशेष अवसर पर गरियाबंद के स्कूल में साथ पढ़े पुराने सहपाठी वर्षों बाद एक-दूसरे से मिलेंगे और बचपन की यादों को साझा करेंगे। पुरानी यादें, पुराने यार और दोस्ती का वही प्यार की भावना के साथ आयोजित यह मिलन समारोह केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि उन दोस्तों के लिए भावनात्मक अवसर है, जिन्होंने अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय एक साथ स्कूल में बिताया था। पढ़ाई, खेलकूद, शरारतों और स्कूल के दिनों से जुड़ी तमाम यादें इस दौरान फिर से ताजा होंगी। समारोह में 1980 से 1983 बैच के वे साथी शामिल होंगे, जो गरियाबंद के स्कूल में एक साथ पढ़े हैं और लंबे समय से अलग-अलग स्थानों पर रहते हुए अपने-अपने जीवन में आगे बढ़े हैं।

न्यूज गैलरी

एग्रीस्टैक के नाम पर किसानों को किया जा रहा परेशान

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा अध्यक्ष एवं बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि सरकार पूर्व में भी किसानों के धान खरीदना नहीं चाहती थी और वर्तमान में भी किसानों के धान नहीं खरीदना चाहती। यही कारण है कि लगातार किसानो का डिजिटल डेटाबेस इकट्ठा करने के नाम पर एग्रीस्टैक पोर्टल पर पहले पंजीयन करने के लिए किसानों को दबाव दिया गया। छाबड़ा ने कहा कि पूर्व में जो किसान पंजीयन कर चुके हैं जिनके भूमि के खसरे में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं हुआ है उन्हें भी दोबारा एग्रीस्टैक पंजीयन करने की बाध्यता करके किसान को सरकार परेशान करने का काम कर ही रही है।

ग्रामीण अंचलों में आज नवाखाई पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया

मैनपुर/नवप्रदेश। तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित पूरे अंचल मे रविवार को छत्तीसगढ़ की परंपरा का प्रतीक नवाखाई का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। भादो मास मे नवमी तिथि में मनाये जाने वाले नवाखाई पर्व के चलते बच्चे बुजुर्ग युवको व महिलाओं मे खासा उत्साह देखने को मिल रहा है लोग अपने परिवार के साथ एक जगह एकत्र होकर देवी देवताओं का स्नान कर नये अन्न का भोग लगाते है। क्षेत्र के मैनपुर, हरदीभाठा, भाठीगढ़, भठगांव, गौरघाट, देहारगुड़ा, गोपालपुर, अचानपुर, जाड़ापदर, जिड़ार, कुल्हाड़ीघाट, बरदूला, ठेमली, पथर्री, शोभा, गोना, कुचेंगा, भूतबेड़ा, छोटेगोबरा, झरियाबाहरा, पेंड्रा, दबनई, छिन्दोला, धवलपुर, मोहन्दा, सहित आसपास के अंचलो मे आज लोगो ने अपने अपने कुल देवी देवता की पूजा अर्चना कर नये अन्न चिवड़ा का भोग लगाकर नवाखाई का पर्व मनाया गया नवाखाई पर्व पर ग्रामीण अंचलो मे लोग सपरिवार अपने देवी देवताओ की विशेष श्रृंगार पूजा अर्चना करते हुए कोरिया के पान मे चिवड़ा के रूप मे नये अन्न का भोग लगाया गया और एक दुसरे का अभिवादन कर बाध बधाई दिया गया।

देवझरअमली के स्वैच्छिक विस्थापन को मिलेगी गति

मैनपुर/नवप्रदेश। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में स्थित ग्राम जुगाड़ एवं देवझरअमली के ग्रामीणों द्वारा दिए गए स्वैच्छिक विस्थापन के प्रस्ताव तथा राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण नई दिल्ली की गाइडलाइन के प्रावधानों के अनुपालन में जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आज कलेक्टर सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में स्वैच्छिक विस्थापन एवं पुनर्वास की आगामी प्रक्रिया, ग्रामीणों के सत्यापन, संयुक्त सर्वे, दावा-आपत्ति तथा पुनर्वास स्थल पर मूलभूत सुविधाओं के विकास सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर सह अध्यक्ष रणबीर शर्मा ने की। इस अवसर पर डीएफओ गरियाबंद मयंक पांडे, उपनिदेशक उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व वरुण जैन, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर, एसडीएम हितेश्वरी बाघे एवं समिति से जुड़े अन्य संबंधित अधिकारी तथा ग्राम जुगाड़ एवं देवझरअमली के इच्छुक ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने स्पष्ट किया कि ग्राम जुगाड़ एवं देवझरअमली का विस्थापन पूरी तरह स्वैच्छिक होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विस्थापन एवं पुनर्वास की पूरी प्रक्रिया ग्रामीणों के हितों को ध्यान में रखते हुए संवेदनशीलता, पारदर्शिता और निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप पूरी की जाए। कलेक्टर ने आगामी 45 दिनों के भीतर विस्थापन के इच्छुक ग्रामीणों का सत्यापन करने के निर्देश दिए।

पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे ने आवास पहुंचकर दी बधाई

धमधा/नवप्रदेश। धमधा नगर कांग्रेस संगठन में निर्मल जैन को नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपे जाने के बाद कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। नियुक्ति के बाद पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। बताया गया कि रविंद्र चौबे की सहमति एवं मार्गदर्शन से दुर्ग जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर द्वारा निर्मल जैन को धमधा नगर कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला कांग्रेस प्रभारी महामंत्री राजीव गुप्ता ने भी उनकी नियुक्ति का समर्थन करते हुए शुभकामनाएं दीं। नवनियुक्त नगर कांग्रेस अध्यक्ष निर्मल जैन को बधाई देने के लिए पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे उनके आवास पहुंचे। इस दौरान उन्होंने निर्मल जैन को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। रविंद्र चौबे ने कहा कि संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत कांग्रेस संगठन को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है और नए कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि नवनियुक्त पदाधिकारी अपनी कार्यशैली के माध्यम से संगठन को मजबूती देंगे और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर आगे बढ़ेंगे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता जनहित के मुद्दों को जनता के बीच मजबूती से उठाने और कांग्रेस की रीति-नीति के अनुरूप जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। चौबे ने निर्मल जैन के सफल कार्यकाल की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

लाखों के विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण, 280 प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति का जिक्र

सारागांव में विकास की सौगातों की बरसात, विधायक रोहित साहू

■ **विधायक बोले—ढाई साल में राजिम विधानसभा को बनाएंगे विकास का मॉडल**

छुरा/नवप्रदेश रविवार को छुरा विकासखंड के ग्राम पंचायत सारागांव में विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम के साथ प्रतिभा महिला ग्राम संगठन का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधायक रोहित साहू पहुंचे, जहां ग्रामवासियों ने उनका एवं अतिथियों का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत छुरा अध्यक्ष मीरा ठाकुर ने की। विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति लेखराज ध्रुवा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य केशरी ध्रुव, जनपद सदस्य नारायण सिन्हा एवं पंकज निर्मलकर, सरपंच इंडेश्वरी कंवर, उपसरपंच कामता यादव, ग्रामीण अध्यक्ष कुंदन लाल निर्मलकर, कोषाध्यक्ष प्रताप दीवान, सलाहकार उत्तम चंद्राकर, प्रतिभा महिला ग्राम संगठन की अध्यक्ष धनमत दीवान एवं सचिव नीरा यदु सहित जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

280 प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति का बताया तोहफा

जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि सरकार का लक्ष्य गांवों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना और गरीब परिवारों को पक्की छत उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि सारागांव में पहले 218 प्रधानमंत्री आवास बनकर तैयार हो चुके हैं, जबकि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत 280 आवासों की स्वीकृति ग्रामीणों के लिए बड़ी सौगात है। विधायक ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने महतारी वंदन योजना, उज्ज्वला योजना, भूमिहीन परिवारों को सहायता तथा महिला स्व-सहायता समूहों को आजीविका से जोड़ने जैसे कार्यों का उल्लेख किया।

सारागांव ने मुझे आशीर्वाद दिया, अब विकास की जिम्मेदारी मेरी : विधायक ने चुनाव के दौरान सारागांव से मिले समर्थन को याद करते हुए कहा कि चुनाव से पहले वे जनता के बीच आशीर्वाद लेने पहुंचे थे और ग्रामीणों ने उन्हें समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि उस समय ग्रामीणों की प्रमुख चिंता पक्के मकान और मूलभूत सुविधाओं को लेकर थी। अब सरकार गरीब परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि गांवों में सड़क, पुल-पुलिया, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है।

मीरा ठाकुर बोलीं—गांव-गांव पहुंच रहे विधायक : जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर ने कहा कि विधायक रोहित साहू गांव-गांव पहुंचकर विकास कार्यों की सौगात दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले ग्रामीणों के लिए विधायक तक पहुंचना कठिन माना जाता था, लेकिन अब विधायक स्वयं गांवों में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं और विकास कार्यों की पहल कर रहे हैं।

सड़क से लेकर भवन तक विकास कार्यों की सौगात

विधायक रोहित साहू ने सारागांव में बिरझु घर से देव ठाकुर घर तक सीसी रोड निर्माण, डुमरडीह में सीसी रोड निर्माण तथा स्कूल भवन मरम्मत कार्य का भूमिपूजन किया। वहीं प्रतिभा महिला ग्राम संगठन भवन के जीर्णोद्धार एवं टिनशेड निर्माण का लोकार्पण किया गया। इस दौरान ग्रामीणों की मांगों पर विधायक ने रंगमंच, मुक्तिधाम एवं शीतला मंदिर सामुदायिक भवन के लिए स्वीकृति की घोषणा की। वहीं सोमलता कंवर एवं हिमांशी नायक के लिए सात-सात हजार रुपये तथा उत्तरा ध्रुव को मंदिर जीर्णोद्धार के लिए 15 हजार रुपये सहयोग देने की घोषणा की।

कंपनी में सुबह मजदूर की मौत हो गई 7 लाख मुआवजा देने पर मामला शांत हुआ

राजनांदगांव/ नवप्रदेश। क्षेत्र के आदर्श इस्पात कंपनी में मजदूर की मौत हो गई। बताया जा रहा है। ग्राम बिरेझर निवासी मजदूर हीरू पटेल पिता मंगतू पटेल उम्र लगभग 62 वर्ष जो कि रोजाना की तरह काम पर आया हुआ था। इसी दरमियांन तबीयत बिगड़ने लगी।

सोमनी थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि मजदूर की मौत हार्ट अटैक आने से हुई है। तत्पश्चात नजदीकी सोमनी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें अमृत घोषित कर दिया। उसके पश्चात सोमनी के ही शव गृह में पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के पश्चात शव को परिजनों के सुपुर्द किया गया। परिजनों ने आदर्श इस्पात कंपनी के सामने रखकर मुआवजे की मांग किया गया। कॉफी शोर शराबा एवं हंगामा के बीच लगभग 7:00 बजे तक यह सिलसिला चलता रहा। कंपनी प्रबंधन के द्वारा ?7 लाख रुपए मुआवजा दिया गया । मुआवजे को लेकर परिजनों के साथ राजनांदगांव एसडीएम गौतम पाटील एवं तहसीलदार नाग सर व जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख,ग्राम पंचायत टेड़ेसरा सरपंच खिलेश्वर साहू, परस साहू सहीत सोमनी थाना प्रभारी एमन साहू थाना पुलिस बल तैनात किया गया। बढ़ी संख्या में आस पास के ग्रामीण मौजूद थे।

बेमेतरा विधानसभा में बड़ी सख्या में झोलाछाप डॉक्टर कर रहे इलाज

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिला के विधानसभा बेमेतरा में झोलाछाप डॉक्टर एवं मेडिकल स्टोर्स का सचालन इतने तेजी से चल रहा है मेडिकल स्टोर्स का नीयत शर्त के बगैर गांव में मेडिकल संचालन करने वाले झोलाछाप डॉक्टर मात्र 10वीं 12वीं पास है7 इनके पास किसी वैध चिकित्सकीय डिग्री के बिना क्लिनिक संचालित कर एलोपैथिक पध्दति से मरीजो का इलाज किया जा रहा है7 इतने तापमान गर्मी में मरीजो को झोलाछाप डॉक्टर व्दारा बेमेतरा प्राइवेट हास्पिटल में कमीशन लेकर भर्ती करा दिया जाता है इस ओर स्वास्थ विभाग का अनदेखी करना बड़ी दुखत की बात हो गई है ।

ट्रक रोककर मारपीट एवं डकैती करने वाले 7 आरोपियों गिरफ्तार

विधि से संघर्षरत बालक को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा

सरसींवा/नवप्रदेश। थाने से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रार्थी राजशांति प्रकाश बी के द्वारा अपने भाई के साथ ट्रक क्रमांक एमएच 33 टी 7010 में दिनांक 18.09.2026 को उडिसा बरगढ़ से कोल्ड्रींक की पेटियां लोड कर सरायपाली-सरसींवा मार्ग से बिलासपुर जा रहे थे कि इसी दौरान लगभग रात्रि 02:30 बजे शासकीय अस्पताल गाताडीह के सामने मेन रोड पर चार मोटर सायकल में सवार व्यक्तियों द्वारा ट्रक के सामने आकर कांच के शीशा को पत्थर मारकर तोडकर वाहन को रूकवाकर प्रार्थी एवं उसके साथ के साथ गाली गलौज एवं मारपीट करने बाद मोबाईल फोन, गैंस चुल्हा, कोल्डींक की पेटिंया छीनकर ले जाने की रिपोर्ट पर थाना सरसींवा में अपराध क्रमांक 246/2026 धारा 310(2),126(2),324(4) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुये थाना सरसींवा को त्वरित कार्यवाही हेतु दिशा निर्देश दिया गया जिस पर नए थाना प्रभारी स्वराज त्रिपाठी द्वारा तत्काल अलग-अलग टीमों का गठन कर क्षेत्र में सुचनातंत्र को सक्रिय किया गया जिससे ऐसी घटना करने वालो की जानकारी मिली जिससे ग्राम सोहागपुर के यशवंत साहू उर्फ सोनू साहू, ग्राम जोगेसरा के शशांक रात्रे उर्फ राजा रात्रे, सरसींवा के यशस्वी साहू उर्फ बंटी साहू, मोहतरा (न) के छोटेलाल साहू, देवेन्द्र साहू उर्फ नानु, चिचोली के पुष्पेन्द्र चैहान, तिलाईपाली के मुकेश कुर्रे एवं अन्य की घटना दिनांक को क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियां होनें की जानकारी मिलने पर पुलिस टीमों को सक्रिय कर सभी से कड़ाई से पूछताछ करने पर उन्होने बताया कि सभी ने मिलकर योजना बनाई थी कि गाताडीह से सरसींवा जाने वाली सुनसान रोड में रात में किसी दुसरे राज्य की गाडी को रोककर उससे पैसा सामान लूट लेंगे इसके बाद रात्रि करीब 02:30 बजे ट्रक क्रमांक एमएच 33 टी 7010 को रोककर ड्रायवर और उसके साथी से डरा कर मारपीट कर ड्रायवर का मोबाईल, गैंस चुल्हा और कोल्ड्रींक की पेटियों को छीनकर आपस में बटवारा कर ले जाना बताये आरोपियों के निशानदेही पर घटना में इस्तमाल की गई 04 मोटर सायकल, प्रार्थी का मोबाईल, गैंस चुल्हा और कोल्ड्रींक की पेटियों को बरामद किया गया है। प्रकरण के आरोपी पूर्व से ही आपराधिक प्रवृत्ती का रहे है, जिन्हे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

चौपाटी का अब नाम होगा पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य स्मृति उपवन

■ **शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे आचार्य श्री रामयश तिवारी एवं महापौर यादव ने नामकरण पट्टिका का किया अनावरण**

राजनांदगांव/ नवप्रदेश। युग निर्माण विचार क्रांति के प्रणेता तथा अखिल विश्व गांयत्री परिवार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य जी के नाम से चौपाटी का नामकरण श्रीराम शर्मा जी के अवतरण दिवस के पावन अवसर पर चौपाटी में आयोजित कार्यक्रम में शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे आचार्य श्री रामयश तिवारी तथा महापौर श्री मधुसूदन यादव ने गायत्री परिवार की गरिमामय उपस्थिति में चौपाटी परिसर का नामकरण पं. श्रीराम शर्मा आचार्य स्मृति उपवन करने पट्टिका का पूजा अर्चना कर अनावरण किया।

इस पावन अवसर पर पूर्व महापौर श्री सुदेश देशमुख,नेता प्रतिपक्ष श्री संतोष पिल्ले,महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य श्री शैकी बग्गा व श्री डिलेश्वर साहू, पार्षद श्री हेमंत शेखर यादव,श्री रवि सिन्हा, श्रीमती अमृता सिन्हा,पूर्व पार्षद श्री विजय राय, पार्षद प्रतिनिधि श्री राजेश यादव व श्री पंकज कुरंजेकर, गायत्री परिवार के प्रमुख श्रीराम पाल तिवारी, श्री धीरजलाल टाक, श्री नंदकिशोर सुरजन, श्री सूर्यकांत चितलांग्या,श्री एसपी सिंह, श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, श्री अमित उत्तलवार, श्री अंकित व्यास, श्री ओमप्रकाश लड्ढा, श्री जुगल किशोर लड्ढा, श्री राकेश ठाकुर, श्री हिरेन्द्र ठक्कर, श्री अशोक खण्डेलवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। अनावरण अवसर पर शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे आचार्य श्री रामयश तिवारी जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजनांदगांव वासियो के लिए सौभाग्य का दिन है कि यहा अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के नाम से उद्यान का नामकरण किया जा रहा है।

गणेश उत्सव में शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस सख्त

राजनांदगांव/नवप्रदेश। गणेश उत्सव के दौरान जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए राजनांदगांव पुलिस द्वारा गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश एवं अन्य असामाजिक तत्वों पर लगातार नजर रखी जा रही है। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में पुलिस ने विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए धारा 170 बीएनएसएस के तहत कुल 10 प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

पहले पेज का शेष

भूपेश सरकार में प्रोत्साहन ...

चंद्राकर को आरोपी बनाया गया था। बाद में अनवर ढेबर और अनिल टुटेजा के खिलाफ भी प्रकरण दर्ज किया गया।

सिर्फ नोट जेब में मिलने...

के उस फैसले को निरस्त कर दिया, जिसमें तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के लेखापाल मुरली प्रसाद चौधरी को रिश्वत के मामले में दोषी ठहराया गया था। 8 हजार रुपये की रिश्वत का था आरोप अभियोजन के अनुसार, मां सरस्वती शिक्षा समिति द्वारा संचालित स्कूल की मान्यता से जुड़े काम के लिए समिति के अध्यक्ष से पहले 15 हजार रुपये की मांग किए जाने का आरोप था। बाद में कथित रकम 8 हजार रुपये तय होने की बात सामने आई। शिकायत के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो ने 30 जून 2014 को सूरजपुर स्थित डीईओ कार्यालय में ट्रैप की कार्रवाई की। अभियोजन का दावा था कि आरोपी ने 8 हजार रुपये स्वीकार किए और रकम उसकी जेब से बरामद हुई। रकम पर केमिकल परीक्षण में नोटों के संपर्क में आने की पुष्टि भी बताई गई, लेकिन ट्रायल के दौरान अभियोजन के लिए मामला कमजोर पड़ गया।

राम मंदिर में 70 नहीं...

जांच की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एसआईटी की जांच लगभग पूरी हो चुकी है। एसआईटी ने सीसीटीवी फुटेज, गवाहों के बयान और अन्य सबूतों की जांच कर आरोपियों की पहचान की है। चढ़ावे और कीमती सामान की रसीदें सॉफ्टवेयर के जरिए तैयार होती हैं और सामान एसबीआई के लॉकर में रखा जाता है। कोर्ट ने एसआईटी की स्टेटस रिपोर्ट को रिकॉर्ड पर ले लिया है। इससे पहले 23 जून को पहली एसआईटी ने अपनी प्राइमरी जांच रिपोर्ट प्रदेश सरकार को सौंपी थी। रिपोर्ट के मुताबिक, 27 अप्रैल से 5 जून के बीच सीसीटीवी में लगभग 70 संदिग्ध घटनाएं कैद हुई थीं। फुटेज में पुलिस की गिरफ्त में आए 8 आरोपी नोटों की गड्डियां जेब और जूतों में छिपाते हुए दिखे थे। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर दूसरी एसआईटी बनाई गई है, जो जांच कर रही है।

स्कूलों में रहेगी 15 दिन...

गए हैं। इस तरह पूरे सत्र में कुल 15 दिन का दीर्घकालीन अवकाश रहेगा। शासन की ओर से जारी व्यवस्था राज्य की शासकीय, अनुदान प्राप्त और गैर-अनुदान प्राप्त स्कूलों पर लागू होगी। इसके अलावा डीएडी, बीएड और एमएड से जुड़े शिक्षण संस्थान भी इस अवकाश कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल किए गए हैं। दीपावली पर भी पांच दिन बंद रहेंगे स्कूल दीपावली के मौके पर विद्यार्थियों और शिक्षकों को पांच दिन की छुट्टी मिलेगी। विभाग के कार्यक्रम के अनुसार 6 नवंबर से 10 नवंबर 2026 तक स्कूलों में अवकाश रहेगा। दिसंबर में 5 दिन का शीतकालीन अवकाश

असम में पूर्व मुख्यमंत्री...

को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को पहले से जानकारी दी गई थी, लेकिन स्थिति को बिगड़ने दिया गया। गोगोई ने कहा कि हमले में गाड़ी के शीशे टूट गए और खिड़कियां क्षतिग्रस्त हो गईं। उनके मुताबिक, ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सचिव मनोज चौहान भी घटना में घायल हुए हैं। जिस गाड़ी पर हमला हुआ, उसमें भूपेश बघेल, वह स्वयं और कांग्रेस उम्मीदवार सिबामनी बोरा सवार थे।

जीएसटी इंटेलिजेंस ने...

इंटेलिजेंस ने यह कार्रवाई शुक्रवार और शनिवार को की है। इसके बाद अब अवैध फैक्ट्री से जब्त किए गए दस्तावेजों का परीक्षण किया जा रहा है।

पुलिस ने पकड़ा...

थी कि कार क्रमांक 23 बीएच 9438 जी में गांजे की खेप ओडिशा से महासमुंद होते हुए रायपुर की ओर जा रही है। इसके साथ आरजे 20 सीएफ 5060 नंबर की कार पायलटिंग कर रही है। सूचना मिलते ही एएनटीएफ और महासमुंद थाना पुलिस की टीम ने घोड़ारी के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-53 और 353 पर नाकाबंदी कर वाहनों की निगरानी शुरू की।

एशियन गेम्स में भारत...

ढिल्लों (252.4 अंक) को सिल्वर और रुद्रांश पाटिल (230.9 अंक) को ब्रॉन्ज मिला। चीन के शेंग लिहाओ (254.2 अंक) ने गोल्ड जीता। इसी कैटेगरी के टीम इवेंट में भारत ने सिल्वर जीता। पार्थ माने, रुद्रांक्ष पाटिल और हिमांशु ढिल्लों वाली टीम 1890.1 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही। चीन (1899.9 अंक) पहले और कोरिया (1884.2 अंक) तीसरे स्थान पर रहे।

माँ का अपमान बर्दाश्त नहीं...

सम्मान को ठेस पहुंचाई गई। कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी मंच पर मौजूद थे और प्रस्तुति पर उनकी प्रतिक्रिया को लेकर भी राजनीतिक बहस तेज हुई है। इसी घटनाक्रम के बीच मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का माँ की महिमा और सम्मान को समर्पित संदेश सामने आया है। मुख्यमंत्री ने अपनी पोस्ट में राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के बजाय माँ के प्रति भारतीय समाज की श्रद्धा, संवेदना और संस्कार को केंद्र में रखा है।मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वर्गीय कवि ओम व्यास की माँ पर केंद्रित प्रसिद्ध काव्य रचना का वीडियो भी साझा किया। माँ के त्याग, ममता, वात्सल्य और संतान के जीवन में उनके अतुलनीय स्थान को अभिव्यक्त करती यह रचना सोशल मीडिया पर लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही है।

72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में 'आर्टिकल 370' को सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार, यामी गौतम 'बेस्ट एक्ट्रेस'

एकता नगर/वार्ता। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार सिनेमा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिए जाने वाले देश के सबसे प्रतिष्ठित सम्मान हैं। 1954 में शुरू किए गए ये पुरस्कार हर साल सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा प्रदान किए जाते हैं। सात दशकों से अधिक समय से, इन पुरस्कारों ने भारतीय फिल्म निर्माण में असाधारण रचनात्मक और तकनीकी उपलब्धियों को सराहा है। ये पुरस्कार तीन क्षेत्रों को कवर करते हैं–फीचर फिल्में, नॉन-फीचर फिल्में और सिनेमा पर लेखन। 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार वर्ष 2024 के लिए विजेताओं की घोषणा 18 जुलाई 2026 को तीनों जूरी के अध्यक्षों द्वारा की गई थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 22 सितंबर 2026 को गुजरात के एकता नगर (पूर्व में नाम केवड़िया) में ये पुरस्कार प्रदान करेंगी। ये पुरस्कार देश भर में फिल्म निर्माण की समृद्ध भाषाई, सांस्कृतिक और क्षेत्रीय विविधता को दर्शाते हैं। ये बड़े कमर्शियल प्रोडक्शन और छोटी इंडिपेंडेंट फिल्मों को एक ही राष्ट्रीय मंच पर एक साथ लाते हैं। यही व्यापकता इस सम्मान को फिल्म निर्माताओं और दर्शकों दोनों के बीच एक खास पहचान दिलाती है। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों का आयोजन तीन प्रमुख वर्गों और एक लाइफटाइम ऑनर के साथ किया जाता है। फीचर फिल्म वर्ग पूर्ण लंबाई की फिल्मों के लिए है। गैर-फीचर फिल्म वर्ग वृत्तचित्रों, लघु फिल्मों, एनीमेशन और अन्य संबद्ध विधाओं के लिए समर्पित है। सिनेमा पर सर्वश्रेष्ठ लेखन वर्ग सर्वश्रेष्ठ पुस्तक और सर्वश्रेष्ठ फिल्म समीक्षक को सम्मानित करता है। वहीं, दादासाहेब फाल्के पुरस्कार भारतीय सिनेमा के सर्वोच्च सम्मान के रूप में एक विशेष स्थान रखता है।

अनंत नाग को 2024 का दादासाहेब फाल्के पुरस्कार

दरअसल, राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों दर्शकों को देश के विभिन्न क्षेत्रों की संस्कृतियों को समझने और उनकी सराहना करने में मदद करते हैं। ऐसा करके, ये पुरस्कार राष्ट्र की एकता और अखंडता को भी बढ़ावा देते हैं। इसके अलावा, ये पुरस्कार सिनेमा को एक कला के रूप में समझने, उसके अध्ययन और उसकी सराहना को बढ़ावा देते हैं। सिनेमा पर आधारित पुस्तकें, लेख और समीक्षाएं इस कला के आलोचनात्मक मूल्यांकन को पाठकों के एक बड़े वर्ग तक पहुंचाती हैं।

संपूर्ण मनोरंजन प्रदान करने वाली सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्मः कल्कि 2898 एडी (तेलुगु)-निर्माताः वैजयंती मूवीज; निर्देशकः नाग अश्विन सिंगीरेड्डी, राष्ट्रीय, सामाजिक और पर्यावरण मूल्यों को बढ़ावा देने वाली सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म, कैप्टन मिलर (तमिल)- निर्माताः सत्य ज्योति फिल्म्स; निर्देशकः अरुण मथेश्वरन ,सर्वश्रेष्ठ बाल फिल्म-35 -चिन्ना कथा कादू (तेलुगु)-निर्माताः एस ओरिजिनल्स और वाल्टेयर प्रोडक्शंस, निर्देशकः नंदा किशोर इमानी सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन-आर्टिकल 370 (हिंदी)-शाश्वत सचदेव (गीत)अमरन (तमिल)-जी. वी. प्रकाश कुमार (पार्श्व संगीत)

सुमिरा रॉय निर्देशक की सर्वश्रेष्ठ पहली फिल्म (गैर-फीचर)-आंगेन (संथाली), निर्देशकः रवि राज मुर्मू

सर्वश्रेष्ठ वृत्तचित्र (डॉक्यूमेंट्री)-राम-नामी (हिंदी)-निर्माताः बीबीपी स्टूडियो वर्चुअल भारत प्राइवेट लिमिटेड, निर्देशक- भारतबाला गणपति।

सर्वश्रेष्ठ निर्देशन (गैर-फीचर)-स्टैच्यू ऑफ यूनिटी ङ्क एकता का प्रतीक (हिंदी), आनंद एल. राय

सिनेमा पर सर्वश्रेष्ठ पुस्तक-नानिरुवुदे निमगागी, नादिरुवुदे ननगागी (कन्नड़), लेखकः कंचनूरु प्रदीप कुमार शेट्टी, प्रकाशकः मिरर पुस्तका

सर्वश्रेष्ठ फिल्म समीक्षक-हिंदी, संजीव श्रीवास्तव।

72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के विजेता

नीचे दी गई लिस्ट में 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के प्रमुख पुरस्कारों का विवरण दिया गया है। भाषाई पुरस्कार, टेक्निकल क्राफ़्ट और स्पेशल मेंशन संपूर्ण सूची में अलग से दर्ज हैं।
सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म– आर्टिकल 370 (हिंदी), निर्माता: जियो स्टूडियोज और बी62 स्टूडियोज, निर्देशक: आदित्य सुहास जंभाले
सर्वश्रेष्ठ निर्देशन– अमरन (तमिल), राजकुमार पेरियासामी
मुख्य भूमिका में सर्वश्रेष्ठ–अभिनेता–ब्रमायुगम (मलयालम), चंदू चैंपियन (हिंदी), ममूटी और कार्तिक आर्यन (संयुक्त रूप से)
मुख्य भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री–आर्टिकल 370 (हिंदी), यामी गौतम
सहायक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता–भक्षक (हिंदी), संजय मिश्रा
सहायक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री–महाराजा (तमिल), मिथ्या (कन्नड़), सच्चाना नामीदास और रोपाश्री वर्काडी (साझा)
निर्देशक की सर्वश्रेष्ठ पहली फिल्म–स्वातंर्त्य वीर सावरकर (हिंदी), रणदीप हुड्डा।

धर्म मनुष्य को कल्याण और उन्नति के मार्ग पर अग्रसर करता है: पीएम मोदी

नई दिल्ली/ए.। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से धर्म के माध्यम से कल्याण और उन्नति का संदेश देते हुए सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर सुभाषित साझा किया गया है। संस्कृत श्लोक के माध्यम से पीएम ने क्षमा, विद्या और अहिंसा को लेकर संदेश दिया है।

यह श्लोक महाभारत के अंतर्गत विदुर नीति से साझा किया गया है प्रधानमंत्री की ओर से यह श्लोक महाभारत के अंतर्गत विदुर नीति (उद्यो पर्व, अध्याय 33, श्लोक 48) से साझा किया गया है। यह श्लोक महात्मा विदुर ने हस्तिनापुर के राजा धृतराष्ट्र को दिए थे। जब धृतराष्ट्र मानसिक अशांति और पुत्र मोह में व्याकुल थे, तब विदुर ने उन्हें नीति, धर्म और जीवन के शाश्वत सत्यों का बोध कराया था। इस श्लोक में जीवन के चार सबसे बड़े और मूल्यवान सत्यों के बारे में बात की गई है। इस श्लोक में कहा गया है कि धर्म का अर्थ किसी संप्रदाय या पूजा-पद्धति से नहीं, बल्कि कर्तव्य-परायणता, नैतिकता, और मानवता से है। इंसान चाहे धन कमा ले, यश पा ले, या सत्ता हासिल कर ले, लेकिन अंत में उसका सच्चा मार्गदर्शक और रक्षक उसका धर्म (सत्य और अच्छे कर्म) ही होता है। यही जीवन का सर्वोच्च कल्याणकारी मार्ग है। क्रोध और बदला लेने की भावना मनुष्य के अंदर की शांति को जला देती है।

श्लोक के माध्यम से कहा गया है कि क्रोध और बदला लेने की भावना मनुष्य के अंदर की शांति को जला देती है। जब किसी की गलती को माफकर दिया जाता है तो मन द्वेष और तनाव से मुक्त हो जाता है। क्षमा वीरता का भी आभूषण है और मानसिक शांति पाने का सबसे अचूक साधन है।

धर्म कल्याण और उन्नति के मार्ग पर अग्रसर करता है

प्रधानमंत्री की ओर से संस्कृत श्लोक, "एको धर्मः परं श्रेयः क्षमैका शान्तिरुत्तमा। विद्यैका परमा तृप्तिरहिंसैका सुखावहा॥" साझा किया गया है, जिसका हिंदी भावार्थ है कि धर्म मनुष्य को कल्याण और उन्नति के मार्ग पर अग्रसर करता है। क्षमा मानसिक शांति का सर्वोत्तम साधन है। विद्या ही वास्तविक संतोष का मूल आधार है और अहिंसा संसार में स्थाई सुख प्रदान करती है। अतः इन गुणों को आत्मसात कर मनुष्य को अपने जीवन को श्रेष्ठ, शांत और आनंदमय बना सकता है।

विद्या मनुष्य के अज्ञान को दूर करती है

इस श्लोक में कहा गया है कि धन की भूख कभी नहीं मिटती; जितना मिलता है, लालसा उतनी ही बढ़ती जाती है। इसके विपरीत, विद्या मनुष्य के अज्ञान को दूर करती है, उसे विवेकशील बनाती है और जीवन में ऐसा संबल देती है कि व्यक्ति हर परिस्थिति में संतुष्ट और आनंदित रहता है। हिंसा, द्वेष और कलह हमेशा भय, असुरक्षा और दुख को जन्म देते हैं। जहां अहिंसा और करुणा का वास होता है, वहां समाज में और खुद के जीवन में भी प्रेम, भाईचारा और सच्चा सुख कायम होता है।

साहिल की खुदकुशी के बाद बवाल, डायरेक्टर ने किए 18 मांगों पर साइन

डीन के पद से हटाए गए सूर्यनारायण डूल्ला, आईआईटी बॉम्बे से जुड़े रहेंगे

नई दिल्ली/ए.। आईआईटी बॉम्बे के प्रोफेसर और एग्जाम इनविजिलेटर सूर्यनारायण डूल्ला को सोमवार को डीन पद से हटाया गया है। वे आईआईटी बॉम्बे में डीन थे। यह कार्रवाई कैंपस में बीटेक के दूसरे साल के एक छात्र की मौत को लेकर हुए विरोध-प्रदर्शनों के बाद की गई है। अब मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच इस मामले की जांच कर रही है। छात्र के माता-पिता ने कैंपस अधिकारियों पर उत्पीड़न और जाति-आधारित भेदभाव का आरोप लगाया था, जिसके बाद दर्ज एफआईआर में डूल्ला को आरोपी बनाया गया था।

इससे पहले छात्र साहिल वाकोडे की मौत की घटना के बाद संस्थान में तनाव और विरोध प्रदर्शन चरम पर पहुंच गया। इंसाफकी मांग कर रहे आक्रोशित छात्रों ने प्रशासन पर भारी दबाव बनाते हुए रविवार देर रात तीन घंटे लंबी चली मैराथन बैठक के बाद 18-पॉइंट डिमांड चार्टर पर संस्थान के डायरेक्टर प्रोफेसर शिरीष केदार से दस्तखत करवाए। इसी बीच, सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें छात्रों के भारी विरोध के बीच डायरेक्टर ने आज अपने पद से इस्तीफा देने का ऐलान किया है। रविवार रात हुई बैठक में छात्रों ने साहिल वाकोडे की मौत के पीछे के कारणों और परिस्थितियों की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच की मांग उठाई। समय-सीमा तय की गई छात्रों द्वारा सौंपे गए डिमांड चार्टर में 30 सितंबर तक अंतरिम जांच रिपोर्ट और 15 अक्टूबर तक अंतिम रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की गई है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर
(जोन क्रं - 5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com
ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 35525 रायपुर, दिनांक 21.09.2026
वार्ड का नाम - 42 – **महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 42 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR561B00184** जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती **SANJAY KUMAR AGRAWAL** पिता / पति श्री/श्रीमती **CHANDRAVANSHI LAL AGRAWAL** के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती **SAURABH AGRAWAL, SUYASH AGRAWAL** पिता / पति श्री/श्रीमती **SANJAY AGRAWAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र , शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **SAHMATI PATRA, SHAPATH** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।
" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर
(जोन क्रं - 5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com
ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 35526 रायपुर, दिनांक 21.09.2026
वार्ड का नाम - 42 – **महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 42 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR561B00187** जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती **CHANDRAVANSHI LAL** पिता / पति श्री/श्रीमती **SOMITRA LAL** के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती **SAURABH AGRAWAL, SUYASH AGRAWAL** पिता / पति श्री/श्रीमती **SANJAY AGRAWAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र , शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **SAHMATI PATRA, SHAPATH** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।
" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर
(जोन क्रं - 3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
Email ID - rmczone3@gmail.com
ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 35485 रायपुर, दिनांक 19.09.2026
वार्ड का नाम - 48 – **गुरू घासीदास वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 48 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR344I00337** जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती **SANJAY WADHWANI** पिता / पति श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती **काजल वाधवानी** पिता / पति श्री/श्रीमती **स्व. संजय वाधवानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र , शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **SAHMATI PATRA SHAPATH PATRA MRITU PRAMAN PATRA** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।
" सूचना जारी करे "
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर
(जोन क्रं - 3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
Email ID - rmczone3@gmail.com
ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 35497 रायपुर, दिनांक 19.09.2026
वार्ड का नाम - 29 – **गुरू गोविन्द सिंह वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 29 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR334C00057** जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती **IQBAL AHMED** पिता / पति श्री/श्रीमती **AMIN SIDDIQUE** के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती **रंजीना खातून** पिता / पति श्री/श्रीमती **मोहम्मद इम्तियाज** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र , शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।
" सूचना जारी करे "
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

भारत में दुनिया की दिलचस्पी अब तक के सर्वोच्च स्तर पर

नई दिल्ली/ए.। दुनिया की भारत में दिलचस्पी पहले कभी इतनी ज्यादा नहीं रही जितनी आज है।ढ्ढ्रू के नेशनल मैनेजमेंट कन्वेंशन 2026 की प्लेटिनम जुबली को संबोधित करते हुए टाटा स्टील लिमिटेड के ष्टश्वह्र और मैनेजिंग डायरेक्टर तथा ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन (ढ्ढ्रू) के प्रेसिडेंट टी.वी. नरेंद्रन ने जोर देते हुए कहा कि इस मौके का फायदा उठाने के लिए भारत को और अधिक सक्षम तथा कॉम्पिटिटिव बनना होगा। 'ग्रोथ विद रेजिलिएंस' थीम पर बोलते हुए नरेंद्रन ने हाल के घटनाक्रमों का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि वैश्विक ट्रेडिंग फ्रेमवर्क विवादित हो गया है, जहां टैरिफ और ट्रेड बैरियर के बीच ट्रेड, इन्वेस्टमेंट, टेक्नोलॉजी, एनर्जी और सप्लाई चेन पर फोकस बना हुआ है। क्लाइमेट इवेंट्स का अंदाजा लगाना मुश्किल है। जियोपॉलिटिकल घटनाक्रम सालों से बनी बिजनेस प्लानिंग को बदल सकते हैं। टेक्नोलॉजी इतनी तेजी से आगे बढ़ रही है कि कई स्किल्स और बिजनेस मॉडल जल्दी ही अप्रासंगिक हो सकते हैं।

स्वर्ण कांता पोस्ट मामला: केजरीवाल समेत कई लोगों ने नहीं हटाए ट्वीट

नई दिल्ली/ए.। दिल्ली हाईकोर्ट को सोमवार को बताया गया कि आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल, पार्टी के अन्य नेताओं और सीजेपी के प्रवक्ता सौरव दास ने जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा के खिलाफ कथित तौर पर अवमाननापूर्ण पोस्ट अब तक सोशल मीडिया से पूरी तरह नहीं हटाए हैं। यह जानकारी याचिकाकर्ता अशोक चैतन्य ने जस्टिस नवीन चावला और जस्टिस अरुण भारद्वाज की डिवीजन बेंच के सामने दी। चैतन्य ने इन लोगों के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की मांग की है। दिल्ली हाईकोर्ट ने केजरीवाल समेत चार अन्य लोगों को स्वत संज्ञान क्रिमिनल कंटेम्प्ट मामले में अपना जवाब दाखिल करने के लिए छह सप्ताह का समय भी दिया है।

चैतन्य ने कोर्ट को बताया कि पिछली सुनवाई में उन्होंने अदालत को जानकारी दी थी कि संबंधित ट्वीट डिलीट कर दिए गए हैं। हालांकि, उनका कहना है कि संबंधित कंटेंट अभी भी सोशल मीडिया पर उपलब्ध है और उसे पूरी तरह हटाया नहीं गया है। कोर्ट ने चैतन्य को हलफनामा दाखिल करने और संबंधित सामग्री रिकॉर्ड पर लाने का निर्देश दिया। यह स्वतः संज्ञान क्रिमिनल कंटेम्प्ट कार्रवाई जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा द्वारा सोशल मीडिया पर शेयर किए गए।

प्रारूप- (एक)
नाम परिवर्तन की सूचना

मैं **इन्द्राणी (INDRANI)** (पुराना नाम) पिता डेरहा राम साहू (DERHA RAM SAHU) गांव- बनरसी, थाना व तहसील- आरंग, जिला- रायपुर, छत्तीसगढ़ राज्य ने अपना नाम **इन्द्राणी (INDRANI)** (पुराना नाम) से बदल कर **विद्या देवी साहू (VIDYA DEVI SAHU)** पति **बलदाऊ साहू (BALDAU SAHU)** (नया नाम) रख लिया है।

हस्ताक्षर (पुराने नाम से)
इन्द्राणी साहू
पिता- डेरहा राम साहू
निवासी-वार्ड क्रमांक- 2,
बनरसी, पो.- बनरसी
थाना व तहसील- आरंग,
जिला - रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर
(जोन क्रं - 10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email ID - rmczone10@gmail.com
ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 35314 रायपुर, दिनांक 21.09.2026
वार्ड का नाम - 54 – **कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR652O0051A** जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती **SHRADDHA JAIN** पिता / पति श्री/श्रीमती **SANTOSH JAIN** के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती **MANISHA RAJENDRA BORKAR** पिता / पति श्री/श्रीमती **RAJENDRA BORKAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र , शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।
" सूचना जारी करे "
श्री मोनेश्वर शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई
जोन क्रमांक-01, नेहरू नगर

// जोन-01 नेहरू नगर अंतर्गत कोसानगर गौ आश्रय केन्द्र (गौठान) का संचालन एवं प्रबंधन कार्य हेतु रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रण सूचना //

क्र./ लोकवि/जोन-1/न.नि./2026/1487/218 **भिलाई, दिनांक 11/9/2026**

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत जोन क्रमांक-01 नेहरू नगर अंतर्गत कोसानगर गौ आश्रय केन्द्र (गौठान) के संचालन एवं प्रबंधन कार्य हेतु रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जा रही है। रूचि की अभिव्यक्ति में ऑफर दाता द्वारा गौ आश्रय केन्द्र के संचालन एवं प्रबंधन हेतु कान्सेप्ट प्लान, विस्तृत कार्य योजना, विस्तृत प्राक्कलन सहित, संचालन कार्य एवं प्रबंधन सहित दरें प्रस्तुत करना होगा। तीन लिफाफा पद्धति से दिनांक 05/10/2026 तक रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित किया जाता है। ऑफरदाताओं को लिफाफा "A" में निविदा शुल्क राशि रू. 2500.00 का डी.डी. आयुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई एवं धरोहर राशि रू. 25,000.00 किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का एफ.डी.आर. के रूप में जोन आयुक्त जोन-01, नगर पालिक निगम, भिलाई एवं ऑफरदाता के संयुक्त नाम के साथ, शपथ पत्र 100 एवं संलग्न नियम शर्तें में उल्लेखित दस्तावेज, लिफाफा "B" में कान्सेप्ट प्लान, विस्तृत कार्य योजना, विस्तृत प्राक्कलन एवं लिफाफा "C" में वित्तिय आफर (Financial Offer) के साथ लिफाफा "D" में तीनों अन्य लिफाफे में भरकर रजिस्टर डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रेषित करना होगा। प्राप्त ऑफर लिफाफा "A" दिनांक 06/10/2026 को समय प्रातः 11:00 बजे खोली जावेगी। निर्धारित निविदा शुल्क धरोहर राशि एवं अन्य दस्तावेज के परीक्षण उपरांत प्राप्त होने के उपरांत पात्र ऑफरदाता का लिफाफा "C" वित्तिय आफर (Financial Offer) खोला जावेगा। जिसकी पृथक से सूचना दूरभाष के माध्यम से दी जावेगी। ऑफर खोले जाने के समय ऑफरदाता / उनके अधिकृत प्रतिनिधी उपस्थित रह सकते है।

नियम शर्तों का अवलोकन कार्यालयीन समय में जोन आयुक्त जोन-01 नेहरू नगर नगर पालिक निगम, भिलाई में की जा सकती है तथा नियम शर्तों एवं कार्यों की जानकारी नगर पालिक निगम, भिलाई के वेब साईट www.bhilainagarnigam.com एवं www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

जोन आयुक्त
(जोन-01)

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांन्समिशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (CIN): U40108CT2003SGC015820 GSTIN NO. 22AADCC5773E1ZX
कार्यालय : अधीक्षण अभियंता (उपकेन्द्र) वृत्त : भिलाई–3 पता – बिजली नगर, जी0ई0रोड भिलाई–3 (छ0ग0) पिन – 490021
वेब साईट – **cspc.co.in Email** – SESSOnM.Bhilai@cspc.co.in टेली / फैक्स – 0788–2281561,
क्रमांकः 10–70 / वाहन / 2026 / 734 भिलाई, दिनांकः 18.09.2026

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

कार्यपालन अभियंता (एम.आर.टी.) संभाग, छ0ग0स्टेट पॉवर ट्रांस0 कं. लिमि., राजनांदगॉव के कार्यालीयन कार्यो के लिए वाहन चालक सहित 1 नग SUV (earlier jeep) श्रेणी या समकक्ष वाहन चालक सहित के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध (तीन वर्ष) हेतु निविदा आमंत्रण सूचना •

कार्यपालन अभियंता (एम.आर.टी.) संभाग, छ0ग0स्टेट पॉवर ट्रांस0 कं. लिमि., राजनांदगॉव के कार्यालीयन कार्यो के लिए वाहन चालक सहित 1 नग SUV (earlier jeep) श्रेणी या समकक्ष वाहन चालक सहित के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध (तीन वर्ष) हेतु पंजीकृत / उपयुक्त ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाऐ आमंत्रित की जाती है ।

क्र.	कार्य का विवरण	आवश्यक संख्या	निविदा का मूल्य	बयाना राशि
01	कार्यपालन अभियंता (एम.आर.टी.) संभाग, छ0ग0स्टेट पॉवर ट्रांस0 कं. लिमि., राजनांदगॉव के कार्यालीयन कार्यो के लिए वाहन चालक सहित 1 नग SUV (earlier jeep) श्रेणी या समकक्ष वाहन चालक सहित के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध (तीन वर्ष) हेतु।	01 नग	रू. 1695.00 + 305.00 (18% जी.एस.टी.) = 2000.00 (वापसी योग्य नही)	रू. 23800.00 (वापसी योग्य)
अ	निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि व समय		दिनॉक 12 / 10 / 2026 समय 17:00 बजे तक	
ब	निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय		दिनॉक 13 / 10 / 2026 समय 15:00 बजे तक	
स	निविदाओं को खोलने की निर्धारित तिथि व समय		दिनॉक 13 / 10 / 2026 समय 16:00 बजे तक	

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, विज्ञप्ति समयावधि विस्तार संबंधित जानकारी विभागीय वेबसाईट से डाउनलोड की जा सकती है– **http:cspc.co.in** से डाउनलोड की जा सकती है ।

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें **S- 49113/3**
अधीक्षण अभियंता (उपकेन्द्र)वृत्त
छ0ग0स्टेट पॉवर ट्रांस0कं.लिमि. भिलाई–3

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate
जी.ई. रोड शाखा, भिलाई (छ.ग.)

अचल संपत्ति के लिए कब्जे का नोटिस परिशिष्ट IV नियम 8(1)

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठित तथा प्रतिभूति हित का **प्रवर्तन अधिनियम 2002** के अधीन **केनरा बैंक की निम्नांकित शाखा का प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2)** के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऋण लेने वाले निम्नलिखित बकायेदार को निम्नांकित सारणी के अनुरुप मांग सूचना तथा उसमें उल्लिखित रकम उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से **60 दिन** के भीतर प्रतिदाय करने की मांग करने के लिए जारी की थी।

ऋण लेने वाले द्वारा रकम का प्रतिदेय करने में असफल रहने पर, ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 एवं 9 के साथ पठित उक्त (अधिनियम) की धारा 13(4) के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतत्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि निम्नलिखित सम्पत्तियों में कोई लेन-देन न करें और उसमें किसी प्रकार का लेन-देन **केनरा बैंक की निम्नांकित संबंधित शाखा** को देय बकाया राशि एवं उस पर व्याज आदि के प्रभार के अधीन होगा।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है ।

क्र. सं.	ऋणी एवं जमानतदार का नाम	कब्जाधीन सम्पत्ति का विवरण	मांग सूचना राशि	मांग सूचना तिथि
1.	श्री दिलीप सोनी पुत्र श्री अवध नारायण सोनी एवं श्रीमती संध्या सोनी पत्नि श्री दिलीप सोनी	**शीर्षक धारक का नामः श्रीमती संध्या सोनी पत्नि श्री दिलीप सोनी एवं श्री दिलीप सोनी पुत्र श्री अवध नारायण सोनी**, नया खसरा नंबर 3786/5 (पुराना खसरा 3786/1), प.ह.नं. 14/19, आरएनएम-दुर्ग-01, नगर निगम भिलाई के अंतर्गत मौजा ग्राम-कोहका, फरीद नगर, कोहका वार्ड नं. 07, टाटा लाईन अंदर भाग, तहसील व जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़ । क्षेत्रफल- **1240** वर्गफीट/**115.24** वर्ग मीटर में स्थित आवासीय भवन एवं भूमि के समस्त भाग व अंश । **चौहद्दीः उत्तर-** गुलाब का मकान, **दक्षिण-** दाता की शेष भूमि, **पूर्व-** सड़क, **पश्चिम-** दूसरे का मकान । **CERSAI ID: 400071647899**	₹ 12,66,746.95 + ब्याज एवं उस पर लागू शुल्क के साथ.	02/07/2026 कब्जा लेने की तिथि 09/09/2026 कब्जा लेने की तिथि 17/09/2026

दिनांक : 21.09.2026, स्थानः भिलाई (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

कार्यालय नगर पंचायत गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
क्रमांक/983/लो.नि.शा./न.पं./2026-27 गुण्डरदेही, दिनांक 21/09/2026

// मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पंचायत गुण्डरदेही में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम ठेकेदारो / फर्म/एजेंसी से वित्तीय वर्ष 2026-14 वें /15 वें वित्त आयोग मद अंतर्गत निकाय क्षेत्रांतर्गत कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी मे पंजीकृत ठेकेदार / फर्म से लोक निर्माण विभाग (**CGPWD Building SOR 10.06.2026 × CGPWD Road SOR 15.06.2026**) से प्रभावशील निविदा प्रपत्र (ए) मे वर्तमान संशोधन से कम / अधिक / बराबर / प्रतिशत एस.ओ.आर. दर पर मुहरबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित किया जाता है। संबंधित कार्य का नाम, पूर्ण विवरण सहित भरकर स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में निविदा प्राप्त होने की दिनांक 13/10/2026 समय अपरान्ह 3.00 बजे प्रेषित कर सकते है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 13/10/2026 को अपरान्ह 4.00 बजे खोला जावेगा। कार्य का विवरण इस प्रकार हैः-

1	निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	13/10/2026 को दोप. 03:00 बजे तक
2	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	13/10/2026 को शाम 04:00 बजे तक

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (लाख में)	अमानत राशि (FDR/TDR)	निविदा प्रपत्र मूल्य	समयावधि
01	वार्ड क्र. 12 में मतीन खान के घर से देवराज चन्द्राकर के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (15वें वित्त)	7.07	5500.00	750.00	04 माह
02	वार्ड क्र. 08 में सतनाम भवन के सामने तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (15वें वित्त)	3.58	3600.00	750.00	04 माह
03	वार्ड क्र. 13 में मालती यादव के घर से तोमर सोनकर के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (15वें वित्त)	3.20	3200.00	750.00	04 माह
04	वार्ड क्र . 15 में जागेश्वर यादव से रोमलाल यादव के घर तक एवं खेदुराम के घर से जागेश्वर निर्मल के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (15वें वित्त)	4.00	4000.00	750.00	04 माह
05	वार्ड क्र. 13 में शासकीय हॉस्पिटल के पीछे सी.सी. रोड निर्माण कार्य (15वें वित्त)	3.72	3700.00	750.00	04 माह
06	वार्ड क्र. 06 में शासकीय स्कूल के गेट से हनुमान मंदिर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य (15वें वित्त)	4.76	4700.00	750.00	04 माह
07	वार्ड क्र. 12 में शितला तालाब से आर.सी.एम. के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य (14वें वित्त)	5.10	3900.00	750.00	04 माह

नोट :- (1) निविदा से संबंधित नियम एवं शर्तें नगर पंचायत कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में निर्धारित समय में देखी जा सकती है तथा विभागीय वेबसाईट **www.uad.cg.gov.in** से भी डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत गुण्डरदेही,

पहली बार पंडाल में उज्जैन महाकाल की तर्ज पर हुई भस्म आरती

विद्या नगर पीजी कॉलेज के पीछे श्री विघ्नाशक गणेश उत्सव समिति एवं Everyone Boys Club का अनूठा आयोजन

कवर्धा/नवप्रदेश। गणेशोत्सव के अवसर पर शहर में भक्ति और आस्था का एक अनोखा दृश्य देखने को मिला। विद्या नगर पीजी कॉलेज के पीछे श्री विघ्नाशक गणेश उत्सव समिति एवं Everyone Boys Club द्वारा गणेश पंडाल में उज्जैन के प्रसिद्ध महाकाल मंदिर की तर्ज पर भस्म आरती का विशेष आयोजन किया गया।

गणेश पंडाल में पहली बार

इस तरह की भस्म आरती का आयोजन श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। आरती के दौरान मंत्रोच्चार, धार्मिक वातावरण और भक्ति की धुनों से पूरा पंडाल भक्तिमय हो उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस अनूठे आयोजन के साक्षी बने और भगवान श्री गणेश के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

समिति के सदस्यों ने बताया

कि गणेशोत्सव को केवल उत्सव तक सीमित न रखते हुए श्रद्धालुओं को धार्मिक एवं आध्यात्मिक अनुभूति कराने के

उद्देश्य से इस बार कुछ अलग करने का प्रयास किया गया। उज्जैन महाकाल की भस्म आरती की परंपरा से प्रेरित यह आयोजन समिति की रचनात्मक सोच और धार्मिक आस्था को दर्शाता है।

समिति के इस नए प्रयास

स्थानीय श्रद्धालुओं ने भी समिति के इस नए प्रयास की सराहना की और कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं को अपनी संस्कृति और धार्मिक परंपराओं से जोड़ने का माध्यम बनते हैं।श्री विघ्नाशक गणेश उत्सव समिति एवं Everyone Boys Club का यह अनूठा आयोजन पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

मोदी के जन्मदिन पर शक्ति कॉन्वेंट स्कूल में दीप प्रज्वलन

सिमगा/नवप्रदेश कृष्णा कुंजाम,17 सितंबर 2026। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर शक्ति कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, सिमगा में सेवा संकल्प अभियान के तहत दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन 17 सितंबर को मनाया जाता है।

कार्यक्रम का शुभारंभ

विद्यालय के डायरेक्टर श्री कमल सोनी, प्राचार्या श्रीमती शोभा सोनी, उप-प्राचार्य डॉ. आकाश सोनी एवं व्याख्याता श्रीमती स्मिता सोनी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम में सेवा, समर्पण, स्वच्छता, शिक्षा एवं समाज के प्रति जिम्मेदारी जैसे विषयों पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को प्रेरित किया गया। उपस्थित सदस्यों ने समाजहित में अपने स्तर पर सकारात्मक योगदान देने तथा जरूरतमंदों की सहायता करने का संकल्प लिया। डायरेक्टर श्री कमल सोनी ने कहा कि सेवा और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्राचार्या श्रीमती शोभा सोनी ने विद्यार्थियों को सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

न्यूज गैलरी

नवरात्रि में कर्मचारी कॉलोनी बनेगा भक्ति और गरबा का आकर्षण केंद्र

पिथौरा/नवप्रदेश। अंजलि विहार कर्मचारी कॉलोनी दुर्गा उत्सव एवं रास-गरबा समिति द्वारा आगामी मां दुर्गा उत्सव एवं

भव्य रास-गरबा महोत्सव के आयोजन को लेकर आज विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के साथ भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। भूमिपूजन के साथ ही नवरात्रि आयोजन की तैयारियों ने गति पकड़ ली है। आयोजन समिति के द्वारा अंजलि विहार कर्मचारी कॉलोनी कॉलोनी में श्रद्धा, भक्ति और रास-गरबा की तैयारियां को लेकर रूप रेखा बना दिया गया है एक भव्य पंडाल के साथ रास गरबा का अलौकिक दृश्य देखने को मिलेगा।भूमिपूजन कार्यक्रम में समिति के प्रमुख संरक्षक आत्माराम यादव, अध्यक्ष पुनीत सिन्हा सहित उमेश दिधित, राजेंद्र सिन्हा, राजेश मिश्रा, अनिल सोई, रमेश सिन्हा, गुरुचरण सिंह सलूजा, यू.के. दास, सुभाष अग्रवाल, अमृत पटेल, मनीष (मोनू) अग्रवाल, राम कृष्ण मने, गौतम साहू, कुलजीत आजमानी, टिकेन्द्र प्रधान, राजेश भोई, टेकू साहू, आकाश सिन्हा, विनोद सिन्हा, राम उजाला, परमेश्वर डड़सेना,ओम सिन्हा, विनय गाड़िया एवं आर.के. पंडा सहित पुरोहित नरेश शुक्ला तथा समिति के सदस्य एवं आयोजन से जुड़े लोग उपस्थित रहे।समिति के सदस्यों ने बताया कि आयोजन को भव्य एवं व्यवस्थित बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। नवरात्रि के दौरान धार्मिक आयोजन के साथ रास-गरबा महोत्सव भी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहेगा।

सादगी और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे का जन्मदिन

सिमगा/नवप्रदेश कृष्णा कुंजाम,जनप्रतिनिधियों, सरपंचों, सचिवों और अधिकारी-कर्मचारियों ने मिलकर काटा केक दीं

शुभकामनाएं; सभापति ने जताया सभी का हृदय से आभार सिमगा।जनपद पंचायत सिमगा के ऊर्जावान एवं जनप्रिय सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे का जन्मदिन आज जनपद पंचायत कार्यालय परिसर में अत्यंत सादगी, गरिमा और हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया गया। इस शुभ अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, ग्रामीण विकास की रीढ़ माने जाने वाले सरपंचों, सचिवों तथा जनपद पंचायत के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों ने एक मंच पर एकत्रित होकर सभापति टोंडे को दीर्घायु और यशस्वी जीवन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान सभी की उपस्थिति में केक काटा गया और गुलदस्ता व मिठाई भेंट कर उनका मुंह मीठा कराया गया।जनप्रतिनिधियों और स्टाफ की गरिमामयी उपस्थितिइस गरिमामयी बधाई कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद पंचायत सिमगा के माननीय अध्यक्ष, माननीय उपाध्यक्ष सहित जनपद पंचायत के सभी आदरणीय सदस्यगण विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही सिमगा ब्लॉक के विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए सम्मानित सरपंच गण, क्षेत्र के विकास में निरंतर सक्रिय रहने वाले कर्मठ सचिव बंधु और जनपद पंचायत के समस्त विभाग प्रमुख, अधिकारी एवं कर्मचारी स्टाफ साथी बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने एक सुर में सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे के मिलनसार स्वभाव, कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि टोंडे हमेशा क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण और विकास कार्यों को गति देने के लिए तत्पर रहते हैं, जिसके कारण वे सभी वर्गों में अत्यंत लोकप्रिय हैं।अपार स्नेह और आशीर्वाद से अभिभूत हुए सभापतिअपने जन्मदिन पर मिले इस अभूतपूर्व सम्मान, स्नेह और आदर से अभिभूत होकर जनपद पंचायत सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे ने कार्यक्रम के अंत में भावुक शब्दों में सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

डायल-112 से महिला को सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द किया गया

कर्वधा/नवप्रदेश।रात्रि लगभग 11:00 बजे डायल-112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि एक महिला हाईवे पर वाहनों को

हाथ देकर रोकने का प्रयास कर रही है, रात्रि का समय होने से किसी गंभीर दुर्घटना होने की पूर्ण संभावना दिख रही है। सूचना मिलते ही डायल-112 एवं थाना चिल्फी की पेट्रोलिंग टीम महिला स्टाफ के साथ तत्काल मौके के लिए रवाना हुई तथा आसपास के क्षेत्र में महिला की तलाश की गई।पुलिस टीम द्वारा तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ तलाश करने पर महिला आर.टी.ओ. कार्यालय चिल्फी से कुछ दूरी आगे हाईवे पर सुरक्षित मिली। महिला से बार बार पूछाने पर अपना निवास क्षेत्र ग्राम बहनखोदरा बताया गया। पुलिस टीम द्वारा महिला की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उसे सुरक्षित उसके घर का पता तलाश कर पहुँचाया गया तथा परिजनों के सुपुर्द किया गया।परिजनों द्वारा महिला के मानसिक रूप से परेशान होने की जानकारी दी गई। पुलिस की त्वरित कार्रवाई, सजगता एवं मानवीय संवेदनशीलता से महिला को रात्रि के समय सुरक्षित उसके परिवार तक पहुँचाया गया। पुलिस टीम के द्वारा निश्चित ही एक आकस्मिक घटना/दुर्घटना होने से महिला की जान बचाई गई।

पेयजल, कचरा प्रबंधन और निर्माण कार्यों के नाम पर लाखों रुपये के भुगतान पर आपत्ति

15वें वित्त की राशि के खर्च पर उठे सवाल, ग्रामीणों ने मांगी जांच

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत बेलगांव में 15वें वित्त की राशि से किए गए विभिन्न भुगतानों को लेकर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों की ओर से पंचायत के सरपंच एवं सचिव पर विभिन्न कार्यों के नाम पर लाखों रुपये के भुगतान में अनियमितता का आरोप लगाते हुए एसडीएम से शिकायत कर जांच की मांग की गई है।

शिकायत में भुगतान

भुगतान से जुड़े बिल-वाउचर, जीएसटी बिल तथा समान क्रमांक एवं तारीख वाले बिलों को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार, मार्च, मई और जून 2025 में पेयजल सप्लाई के नाम पर करीब 2.67 लाख रुपये के भुगतान का उल्लेख किया गया है। वहीं, दो वित्तीय वर्षों की करीब 10 माह की अवधि में पेयजल सप्लाई और कचरा उठाव जैसे कार्यों पर लगभग नौ लाख रुपये खर्च दर्शाए जाने की बात कही गई है।

ई-रिक्शा और कचरा उठाव के भुगतान पर भी सवाल

शिकायत में पंचायत में उपलब्ध संसाधनों को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। ग्रामीणों के मुताबिक पंचायत में तीन स्वचालित ई-रिक्शा उपलब्ध हैं, जिनका उपयोग कचरा संग्रहण के लिए किया जा सकता है। इसके बावजूद कचरा उठाने के नाम पर एक ठेकेदार को करीब 2.63 लाख रुपये भुगतान किए जाने का आरोप लगाया गया है।

इसके अलावा मजदूरों से कचरा सफाई कराने के नाम पर किए गए भुगतानों की भी जांच की मांग की गई है। शिकायतकर्ता ने संबंधित बिलों और भुगतान की वास्तविकता का सत्यापन कराने की मांग की है।

निर्माण कार्यों के भुगतान पर भी आपत्ति

शिकायत में निर्माण कार्यों से जुड़े भुगतान का मामला भी उठाया गया है। सामुदायिक भवन के आहाता निर्माण और नींव खुदाई जैसे कार्यों के नाम पर राशि भुगतान किए जाने का आरोप है। शिकायतकर्ता ने प्रशासन से मौके पर किए गए कार्य, भुगतान और संबंधित दस्तावेजों का मिलान कर वास्तविक स्थिति सामने लाने की मांग की है।

जीएसटी बिलों को लेकर भी जांच की मांग

शिकायत में कुछ बिलों पर जीएसटी का उल्लेख नहीं होने और कुछ बिलों में तारीखों का उल्लेख नहीं होने की बात कही गई है। वहीं, कुछ ऐसे बिलों का भी उल्लेख किया गया है जिनके क्रमांक और तारीख समान होने का दावा किया गया है, लेकिन उन्हें अलग-अलग मदों के कार्यों के लिए भुगतान किया गया।

शिकायतकर्ता ने इन दस्तावेजों की जांच कर यह स्पष्ट करने की मांग की है कि भुगतान वास्तव में किए गए कार्यों के लिए हुआ है या नहीं।

एसडीएम ने जांच का दिया भरोसा

मामले को लेकर एसडीएम ने जांच का भरोसा दिया है। एसडीएम के अनुसार शिकायत की जांच जनपद पंचायत सीईओ द्वारा गठित जांच समिति के माध्यम से कराई जाएगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित बिल, भुगतान रिकॉर्ड, कार्यों की वास्तविक स्थिति और पंचायत में उपलब्ध संसाधनों का परीक्षण किया जाएगा।

फिलहाल मामला जांच के अधीन

अब जांच समिति की रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगा कि शिकायत में लगाए गए आरोपों में कितनी वास्तविकता है और पंचायत की 15वें वित्त की राशि का खर्च नियमों के अनुरूप हुआ है या नहीं। फिलहाल मामला जांच के अधीन है।

त्रैमासिक परीक्षा पर टीचर्स एसोसिएशन ने उठाए सवाल

प्रश्न पत्र के लिए भी फंड नहीं कक्षा पहली से आठवीं तक के लाखों बच्चे ब्लैक बोर्ड देख कर देंगे परीक्षा

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले में सोमवार से त्रैमासिक परीक्षा शुरू हो रही है परीक्षा की तैयारी एक ही जिले के बच्चों के लिए दो अलग-अलग व्यवस्था सामने आई है । कक्षा नवमीं से 12वीं तक की विद्यार्थियों के प्रश्न पत्र जिला स्तर पर सेटकर स्कूलों को पी डी एफ दिए गए हैं, जबकि कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चों के लिए भी प्रश्न पत्र छपवाए ही नहीं गए।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉक्टर भूषण लाल चंद्राकार ने बताया कि- जिले में त्रैमासिक परीक्षा का आयोजन केंद्रीकृत व्यवस्था के तहत की जा रही है। जिलेभर में परीक्षा एक जैसी हो इसके लिए पहले से आठवीं तक के प्रश्न पत्र जिला स्तर पर तैयार कराए गए। इन कक्षाओं के लिए जिला स्तर पर एक समान प्रश्न पत्र तैयार किए गए लेकिन प्रश्न पत्र की छपाई स्कूल स्तर पर नहीं कराई जा रही है ।बजाए इसके तैयार किए गए प्रश्न पत्रों का पीडीएफस्कूलों को व्हाट्सएप से भेजा गया है। अब शिक्षक ब्लैक बोर्ड पर प्रश्न लिखेंगे और बच्चे उसे अपने कॉपी में उतारने के बाद उत्तर लिखेंगे।

पहले दिन 8 कक्षाओं में हिंदी का पेपर समय सारणी के अनुसार 21 सितंबर को पहले से आठवीं तक हिंदी की परीक्षा एक ही दिन है। कई स्कूल एक या दो शिक्षकों के भरोसे हैं। ऐसे स्कूलों में निगरानी के साथ शिक्षकों को कक्षाओं के ब्लैकबोर्ड पर प्रश्न लिखने होंगे तत्पश्चात बच्चे उन प्रश्नों को कॉपी में उतारेंगे फिर उसका उत्तर लिखेंगे इससे पहली कक्षा से लेकर आठवीं तक के बच्चों को परेशानी हो सकती है। सामान्य परीक्षा में विद्यार्थियों को प्रश्न पत्र मिलते हैं, सवाल पढ़कर उत्तर लिखना शुरू कर देते हैं। यहां प्रक्रिया उलट होगी। पहले शिक्षक प्रश्न ब्लैक बोर्ड पर लिखेंगे फिर बच्चे उसे अपने कापी में उतारेंगे उसके बाद उत्तर लिखेंगे।

प्राथमिक कक्षाओं में यदि प्रश्नों के साथ चित्र, आकृतियां , तालिका दी गई होगी तो उसे भी बोर्ड से देखकर कॉपी में बनाना होगा बताया गया कि इन स्कूलों में हिंदी और अंग्रेजी के लंबे गद्यांश वाले प्रश्न आए तो शिक्षक को पहले गद्यांश लिखना होगा और बच्चों को उसे उतरना होगा । इससे निर्धारित परीक्षा समय का एक हिस्सा उत्तर लिखने के बजाय प्रश्न कॉपी में लिखने में चला जाएगा।

कपीश्वर महेश्वर मंदिर में जिला स्तरीय मानस संगोष्ठी का आयोजन

पिथौरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ जिला स्तरीय मानस संगोष्ठी का सफल आयोजन ग्राम तेन्दूकोना के नवनिर्मित कपीश्वर महेश्वर मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुआ। संगोष्ठी में प्रथम वक्ता श्री सुरीतराम पटेल, द्वितीय वक्ता सुश्री जया गौतम, भगवताचार्य चित्रकूट धाम, तृतीय वक्ता श्री बुधेश्वर डडसेना, अरंड तथा चतुर्थ वक्ता भक्तिन दीदी हेमलता, बरतुंगा ने रामचरित मानस के अयोध्याकांड के प्रथम दोहे श्रीगुरु चरन सरोज रज, निज मनु मुकुरु सुधारि... पर सारगर्भित व्याख्यान दिए। संगोष्ठी में कौड़िया-फुलझर क्षेत्र के प्रसिद्ध मानस प्रवक्ता सुरीतराम पटेल ने कहा कि भारतीय सनातन परंपरा में गुरु का सर्वोच्च स्थान है। रामचरित मानस के प्रारंभ में तुलसीदास ने गुरु की वंदना की है। गुरु वह है, जो शिष्य के मन के विकारों क्रमशः काम, क्रोध, मद और लोभ की दर्पण की तरह सफाई करते हैं। चित्रकूट धाम की भगवताचार्य जया गौतम ने कहा कि वर्तमान परिवेश में समाज में व्याप्त विसंगतियों से निजात पाने के लिए रामचरित मानस का जन-

जन में व्याप्त होना और जनमानस द्वारा उसे आत्मसात किया जाना आवश्यक है। गुरु की वंदना करते हुए तुलसीदास ने कहा कि गुरु मन रूपी दर्पण को साफकरते हैं, ताकि उसमें दैवीय और मानवीय गुणों का अंकुरण हो सके। पिथौरा क्षेत्र के प्रसिद्ध रामायण प्रवक्ता बुधेश्वर डडसेना ने कहा कि तुलसी बाबा ने गुरु के चरणों को कमल की रज के समान बताया है। जैसे पानी का प्रवाह और जमाव कितना भी गहरा क्यों न हो, कमल पानी में डूबता नहीं है, उसी प्रकार गुरु अपने शिष्य को संसार रूपी भवसागर में डूबने नहीं देते, बल्कि वैतरणी पार कराते हैं। बरतुंगा ग्राम निवासी भक्तिन हेमलता जी ने कहा कि रामचरित मानस में केवल भगवान राम की लीला का वर्णन भर नहीं है, बल्कि समाज के आदर्श स्वरूप का चित्रण है। राम भारतीय जनमानस की आत्मा हैं और सनातन परंपरा में गुरु सर्वोच्च हैं। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक पं. भागीरथी दुबे ने समस्त वक्ताओं एवं श्रोताओं का अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य एवं पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से जिलेभर में मानस के प्रवचनकारों और मंडलियों में नई चेतना और सक्रियता का संचार होगा। पं. राहुल पांडे ने लिखित आलेख के माध्यम से विषय के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी के सफल संचालन में भजन सम्राट रामप्रवेश पारकर, शिक्षक रामनारायण साहू, मानसिंग दीवान, जीवन साहू, महंत सुकालु साहेब, जिला कार्यकारी अध्यक्ष नोहर दास साहू, भगवताचार्य द्वय देवराज मिश्रा जी, राहुल महाराज, पं. कृष्ण कुमार शर्मा, उमेश दीक्षित, पत्रकार मनोहर साहू, लक्ष्मण साहू, व्याख्याकार सीताराम चौधरी, देवराम डड़सेना अमरुवा, प्रेमचंद डड़सेना, पन्ना यादव।

बिरगुड़ी और टांगापानी में सेवा संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

वही स्कूल में छात्र छात्रों को कापी विवरण,विकास मरकाम ने की

नगरी/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत विकासखंड नगरी के शासकीय प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरगुड़ी तथा प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल टांगापानी में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ देशहित और समाजसेवा के कार्यों से जुड़ने का संदेश दिया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकास मरकाम, राज्यमंत्री दर्जा, छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड,ने कहा कि नगरी जैसे आदिवासी क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा देना आवश्यक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डिजिटल

इंडिया सहित विभिन्न अभियानों के माध्यम से देश को विकास की दिशा में आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना के साथ देशहित में कार्य करते हुए वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे पढ़ाई के साथ समाज और देशहित में कोई न कोई नेक कार्य करने का संकल्प लें। जिला पंचायत धमतरी के सभापति अजय ध्रुव ने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अपने माता-पिता और विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर आगामी 25 वर्षों

भाजपा जिला उपाध्यक्ष

अकबर कश्यप ने उद्बोधन में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी गरीब परिवार हर व्यक्ति के लिए अनेक अनेक प्रकार योजना के माध्यम से लाभान्वित कर रहे हैं साथ वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में विद्यार्थियों और युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी, इसलिए सभी छात्र-छात्राओं को इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना है विद्यालय में छोटे छोटे बच्चों के द्वारा बच्चों ने स्वच्छ भारत , नक्सल मुक्त भारत ,महिला सशक्तिकरण ,डिजिटल इंडिया , विकसित भारत , सेना के शौर्य , ए आई का प्रभाव ,आदि विषयों पर भाषण तथा ड्राइंग तैयार किए थे जिसे देख कर छोटे छोटे सहराना की

के लिए सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया

स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें निशुल्क कॉपियों का वितरण किया गया। कॉपियों का वितरणअध्यक्ष (राज्य मंत्री दर्जा)छत्तीसगढ़ आदिवासी स्वास्थ्य परपंरा औषधि पादप बोर्ड मरकाम ने अपने मानदेय की राशि से किया। सभी अतिथि के हाथों से प्रदान किया गया।

संवैधानिक आरक्षण बचाओ रैली से सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने दर्ज कराई सहभागिता

पदोन्नति में आरक्षण, बैकलॉग पदों की भर्ती एवं संवैधानिक अधिकारों के प्रभावी क्रियान्वयन की उठाई मांग

डोंगरगढ़/नवप्रदेश।अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के संवैधानिक अधिकारों और आरक्षण व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग को लेकर रविवार को राजधानी रायपुर में जेन-जी आरक्षण बचाओ मंच, छत्तीसगढ़ के आह्वान पर *संवैधानिक आरक्षण बचाओ रैली का आयोजन किया गया। रैली आंबेडकर चौक से

प्रारंभ हुई, जिसमें डोंगरगढ़ क्षेत्र से आदर्श बौद्ध महासभा, युवा बौद्ध समिति, गोंडवाना यूथ क्लब एवं कंवर समाज के युवा, विद्यार्थी, कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी तथा समाज के वरिष्ठ प्रतिनिधियों सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।रैली के माध्यम से सामाजिक न्याय, संविधान की रक्षा एवं आरक्षण व्यवस्था से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। प्रदर्शनकारियों ने पदोन्नति में आरक्षण लागू करने, लंबित बैकलॉग पदों को भरने तथा आरक्षण संबंधी संवैधानिक प्रावधानों के प्रभावी पालन की मांग की। रैली शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित की गई, जिसके पश्चात 20 सूत्रीय मांगों के संबंध में राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

पदोन्नति में आरक्षण एवं बैकलॉग पदों को लेकर प्रमुख मांगें

रैली में शामिल युवाओं एवं सामाजिक संगठनों ने राज्य शासन से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए पदोन्नति में आरक्षण संबंधी नियम 5 को पुनः अधिसूचित कर लागू करने तथा सर्वोच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश दिनांक 1 मई 2023 एवं 24 फरवरी 2025 के अनुरूप पदोन्नति में आरक्षण लागू करने की मांग रखी। इसके साथ ही विभिन्न विभागों में बिना आरक्षण रोस्टर के की जा रही पदोन्नतियों पर रोक लगाने, छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 का प्रभावी पालन सुनिश्चित करने तथा आरक्षण नियम, 1998 की अनुसूची 4 (अ) एवं 4 (ब) को नियमित रूप से अद्यतन करने की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने आरक्षण रोस्टर के समुचित संधारण, सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशों के अनुरूप लंबित बैकलॉग पदों को विशेष भर्ती अभियान के माध्यम से तत्काल भरने तथा राज्य गठन से अब तक के बैकलॉग पदों की जानकारी सार्वजनिक करने की मांग भी उठाई।

डोंगरगढ़ से व्यापक सहभागिता

आरक्षण एवं सामाजिक न्याय से जुड़े इन मुद्दों को लेकर लंबे समय से उठाई जा रही मांगों के क्रम में डोंगरगढ़ क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं जागरूक नागरिकों ने एकजुट होकर राजधानी रायपुर में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संवैधानिक अधिकारों के संरक्षण, समान अवसर एवं आरक्षण व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से अपनी आवाज बुलंद की।

फर्जी बटवारे से हासिल जमीन का अवैध प्लाटिंग कर विक्रय

■ करहीडीह के दो खसरे में की गई धोखाधड़ी की जिलाधीश और एसपी से शिकायत

दुर्ग / नवप्रदेश । फर्जी मुख्तयार नामा कूटरचित दस्तावेज और नामांतरण आवेदन के आधार पर बंटवारा कराकर बेशकीमती जमीन का वास्तविक मूल्य बिक्री पत्र पर नहीं दर्शाकर रजिस्ट्री करके शासन को स्टाम्प शुल्क और पंजीयन शुल्क की क्षति पहुंचा कर उसे करोड़ों रुपए में अवैध प्लाटिंग करके बेचने का सनसनी खेज मामला सामने आया है। इस मामले में लाखन सिंह ने प्रमाणित दस्तावेजों के साथ जिलाधीश व जिला पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है और इस अपराधिक षडयंत्र में शामिल मालवीय नगर दीपक नगर निवासी प्रविन्दर चाने प्रापर्टी डीलर मनोज राजपूत शुभम राजपूत के विरुध्द कार्यवाही की मांग की है। शासन को क्षति पहुंचाने के साथ नियम व कानून के साथ खिलवाड़ के मामले में प्रशासन व पुलिस ने जांच शुरु कर दी है।

शिकायत के अनुसार ग्राम करहीडीह जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 179 एवं 96 रकबा 0.2600 एवं 0.8900 हेक्टेयर का है। मालवीय नगर दीपकनगर निवासी श्रीमती दिलजीत कौर चाने पति स्व. रणवीर चाने के हक व स्वामित्व की जमीन को उनके पुत्र प्रविन्दर सिंह चाने ने अपनी माता को जानकारी दिए बिना ही स्वयं खास मुख्तयार की हैसियत से आवेदन देकर उक्त भूमि में नाम मात्र की भूमि दिलजीत कौर के नाम और शेष भूमि का फर्जी दस्तावेजों का उपयोगकर अपने नाम पर करा लिया। इसमें प्रविन्दर चाने ने कहा है कि उसके व दिलजीत कौर चाने के अलावा इस जमीन का कोई वारिस नहीं है। जबकि दिलजीत कौर चाने के पुत्र प्रविन्दर चाने के अतिरिक्त दो अन्य पुत्र कुलविन्दर सिंह एवं हरविन्दर सिंह तथा पुत्री रजविन्दर कौर भी है। संपत्ति के बंटवारे में उन तथ्यों को छिपाया गया है। जबकि ये संपत्ति में बराबर के हकदार हैं। इस मामले का सर्वाधिक दिलचस्प पहलू यह है कि खसरा नं- 96 एवं 179 के बंटवारे की कार्यवाही में दिलजीत कौर के नाम से लगाए गए शपथ पत्र नामांतरण आवेदन व वकालतनामा में कही भी दिल जीत कौर चाने के वास्तविक हस्ताक्षर नही है। ये सभी हस्ताक्षर कूटरचित व फर्जी है। यही नही कार्यवाही की प्रक्रिया में दिलजीत कौर चाने के स्थान पर किसी अन्य नकली महिला को खड़ा किया गया है और फर्जी बंटवारा का आदेश पारित करा लिया गया है जो बीएन एस की धारा 318(4) 335 337,338 व 340 के तहत दंडनीय अपराध है। शिकायत के अनुसार उस पूरे घटनाक्रम में प्रापर्टी डीलर मनोज राजपूत की मिलीभगत इस बात

से प्रमाणित हो गई है कि गवाह व पहचान कर्ता बनकर शिवम रैकवार नामक जिस व्यक्ति ने शपथ पत्र पेश किया है वह मनोज राजपूत का ही खास आदमी है। फर्जी बंटवारे की कार्यवाही के बाद मनोज राजपूत एव शुभम सिंह राजपूत द्वारा खसरा नंबर 179/1 रकबा 0.3548 व 01100 एवं 01144 हेक्टेयर तथा खसरा नं. 96/1 रकबा 0.0397 व 0.0976 एवं 0.0423 हेक्टेयर भूमि को प्रविन्दर चाने से नाम मात्र का विक्रय प्रतिफल दर्शाते हुए ऋय किया गया है और इसका अवैध प्लाटिंग कर विक्रय किया जा रहा है। किसी भी बिक्री पत्र में बेशकीमती जमीन का वास्तविक मूल्य नही दर्शाने से शासन को स्टाम्प शुल्क व पंजीयन शुल्क से भी भारी क्षति पहुंचाई गई है। प्रविन्दर चाने द्वारा खसरा नं. 183 व 28/41 में भी कूटरचित दस्तावेज का इस्तेमाल कर यह कारनामा किया गया है। फर्जी बंटवारे के खेल में तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता की भूमिका भी संदिग्ध बताई गई है। शिकायत कर्ता लाखन सिंह ने राजधानी जाकर वित्तमंत्री ओ.पी. चौधरी से मुलाकात करके प्रमाणिक दस्तावेज सौंपकर घटना ऋम की जानकारी दी है।

इनके नाम पर हुई है जमीन की रजिस्ट्री

फर्जीवाड़े से हासिल की गई इस भूमिका घड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग कर के विक्रय का खेल जारी है। ले आउट डायवर्सन व कालोनाइजर लाइसेंस के बगैर अभी तक इस भूमि का टुकड़ों में जिन्हें विक्रय किया गया है उसमें खसरा नं. 96/1 रकबा 0.0397, 179/1 रकबा 0 .3548, 183/1 रकबा 0.0623 को 61 लाख 12 हजार में शुभम सिंह राजपूत खसरा नं. 96/2 रकबा 0.06 दलजीत कौर/जगत सिंह खसरा नं. 96/3 रकबा 0.0204 को 15 लाख में प्रकाश कुमार दुबे / राजकुमार खसरा नं. 96/4 रकबा 0.0206 खसरा नं. 179/10 रकबा 0.11 खसरा नं- 183/22 रकबा 0.0669 को 29 लाख 33 हजार में में शुभम राजपूत / लक्ष्मीनारायण खरा नं. 96/5 रकबा 0.0753 खसरा नं 179/11 रकबा 0.01144 को 28लाख 37 हजार में मनोज राजपूत पिता जवाहर सिंह राजपूत को खसरा नं. 96/5 रकबा 0.0223 को 16 लाख 75 हजार में स्वाति देशमुख पति पीएन देशमुख, खसरा नंः 96/7 रकबा 0.0217 को 16 लाख 35 हजार में हर्षवर्धन पिता सनमुख राव खसरा नं 96/7 रकबा 0.209 को 15 लाख 71 हजार में एस. श्रीनिवास राव, खसरा नं. 179/1 रकबा 0.3544 खसरा नंबर 96/1 रकबा 0.0397 खसरा नं. 183/1 रकबा 0.06234 को 61 लाख 12 हजार में शुभम राजपूत पिता लक्ष्मीनारायण खसरा नं-179/2 रकबा 0.16 दलजीत कौर पति जगत सिंह खसरा नं- 179/3 रकबा 0.0223 को 16 लाख 75 हजार में भानुमति साहू पति जागेश्वर साहू, खसरा नं. 179/4 रकबा 0.0204 को 23 लाख 10 हजार में ज्योति चौधरी खसरा नं. 179/5 रकबा 0.0223 को 16 लाख 75 हजार में जगदीश प्रसाद वर्मा, खसरा 179/6 रकबा 0.0206 को 15 लाख 50 हजार में लुकेश कुमार खसरा नं. 179/7 रकबा 0 .0223 को 16 लाख 75 हजार में रजिन्दर कौर पति गुरमिन्दर सिंह खसरा नं. 179/8 रकबा 0.0206 को 15 लाख 50 हजार में प्रशांत गूजन खसरा नं. 179/9 रकबा 0.223 को 16 लाख 75 हजार में सरोज शुक्ला पति रमेश कुमार खसरा नं. 179/10 रकबा 0.11, खसरा नं. 95/4 रकबा 0.0206 - खसरा नं. 183/22 रकबा 0.0669 को 29 लाख 33 हजार में शुभम राजपूत पिता लक्ष्मीनारायण तथा खसरा नं. 179/11, रकबा 0.1144 खसरा नं 96/5 रकबा 0.0753 को 28 लाख 37 हजार में मनोज गजपूत पिता जवाहर राजपूत के नाम रजिस्ट्री की गयी है रजिस्ट्री का सारा काम मई, जून 2026 में किया गया है। इस जमीन के अधिकांश हिस्से की रजिस्ट्री मनोज राजपूत व शुभम राजपूत के नाम पर है जिनके व्दारा अवैध प्लाटिंग कर विक्रय का काम जारी है।

न्यूज गैलरी

'सेवा संकल्प अभियान' से सजी तेज कुमार साहू की आत्मनिर्भरता और समृद्धि की राह

दुर्ग / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के भिलाई स्थित रिसाली नगर पालिक निगम के निवासी तेज कुमार साहू की जीवन यात्रा जन-कल्याण और निस्वार्थ सेवा के उस संकल्प को साकार करती है, जिसे केंद्र एवं राज्य शासन, सेवा के संकल्प के साथ धरातल पर उतार रही है। रिसाली बस्ती में शिवाजी चौक के पास झलक फैंसी स्टोर (ब्यूटी एवं फैशन एक्सेसरीज) का छोटा व्यवसाय चलाने वाले तेज कुमार जी लंबे समय से अपने काम को आगे बढ़ाने के लिए संघर्ष कर रहे थे। उनकी इस कठिन राह को आसान बनाने और उन्हें शासकीय योजनाओं से सीधे जोड़ने का कार्य 'सेवा संकल्प अभियान' के माध्यम से संभव हुआ। तेज कुमार जी को 'प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि' (पीएम स्वनिधि) योजना की संपूर्ण जानकारी मिली और त्वरित सहायता प्रदान की गई। सेवा के इसी समर्पित भाव से उन्हें कार्यशील पूंजी का ऋण बिना किसी परेशानी के स्वीकृत हुआ, जिसका उपयोग उन्होंने अपनी दुकान में सौंदर्य व फैशन एक्सेसरीज की नई सामग्री शामिल करने के लिए किया। शिवाजी चौक रिसाली बस्ती के पास झलक फैंसी स्टोर जैसी मुख्य जगह पर दुकान होने और बेहतर स्टॉक उपलब्ध होने से उनकी दैनिक आय में अभूतपूर्व वृद्धि हुई। शासन और प्रशासन द्वारा दी गई इस सुव्यवस्थित सेवा ने न केवल उनके व्यवसाय को नई गति दी, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी नई ऊंचाइयों पर पहुँचाया। आज तेज कुमार साहू का यह व्यवसाय उनके परिवार की आर्थिक मजबूती और स्वावलंबन का मुख्य स्तंभ बन चुका है। 'सेवा संकल्प अभियान' के इस सार्थक प्रयास ने यह साबित कर दिया है कि जब जनकल्याणकारी योजनाएं सच्ची सेवा भावना के साथ आम जनता तक पहुँचती हैं, तो वे जीवन को पूरी तरह से संवार देती हैं।

1 से 5 अक्टूबर तक विकासखंड स्तरीय सेवा सेतु शिविर

दुर्ग / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुक्रम में राज्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक संचालित सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में व्यापक प्रशासनिक तैयारियां की गई हैं। इसी कड़ी में 'सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार' के अंतर्गत 01 से 05 अक्टूबर 2026 तक जिले के दुर्ग, धमधा एवं पाटन विकासखंडों में विकासखंड स्तरीय विशेष 'सेवा सेतु शिविरों' की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण, पारदर्शी सेवा प्रदायगी तथा प्रत्येक परिवार की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु तिथिवार शिविरों हेतु आदेश जारी कर दिया है।

टाइम मैगजीन-स्टेटिस्टा सर्वेक्षण में भारत के बेस्ट एम्प्लॉयर्स में सेल को 25वां स्थान

दुर्ग / नवप्रदेश। स्टील अथॉरिटी ऑफइंडिया लिमिटेड (सेल) को प्रतिष्ठित टाइम मैगजीन एवं स्टेटिस्टा द्वारा किए गए 'वर्ल्ड्स बेस्ट एम्प्लॉयर्स' सर्वेक्षण में भारत के शीर्ष 500 एम्प्लॉयर्स में 25वां स्थान प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि कार्यस्थल के वातावरण एवं कर्मचारी अनुभव के क्षेत्र में देश की अग्रणी संस्थाओं में सेल की पहचान को रेखांकित करती है।यह रैंकिंग देशभर के कर्मचारियों से प्राप्त व्यापक सर्वेक्षण पर आधारित है। इसमें कर्मचारियों से अपने संगठन तथा अपने क्षेत्र के अन्य नियोक्ताओं की अनुशंसा करने की इच्छा के संबंध में राय ली गई। यह सम्मान सेल द्वारा कर्मचारी-केंद्रित संगठन के निर्माण तथा बेहतर कार्य वातावरण के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों की महत्वपूर्ण पहचान है। सेल द्वारा कर्मचारी कल्याण, सहभागिता, सीखने एवं विकास, कार्यस्थल पर बेहतर वातावरण तथा व्यावसायिक विकास के अवसरों से संबंधित विभिन्न पहल निरंतर संचालित की जा रही हैं। अपने एकीकृत इस्पात संयंत्रों, खदानों एवं अन्य इकाइयों में कार्यरत व्यापक कार्यबल के साथ सेल समावेशी एवं प्रगतिशील कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने तथा कर्मचारी सहभागिता और संगठनात्मक उत्कृष्टता को मजबूत करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। टाइम मैगजीन एवं स्टेटिस्टा की यह प्रतिष्ठित पहचान सेल की विकास यात्रा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है तथा अपने कर्मचारियों के प्रति संगठन की निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

पावर हाउस चौक से सड़क किनारे लगे अवैध फल ठेले हटाए गए

भिलाई/ नवप्रदेश। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने एवं सड़क किनारे किए जा रहे अवैध अतिक्रमण को हटाने लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में निगम की रोका-छेका टीम द्वारा पावर हाउस चौक क्षेत्र में सड़क किनारे अवैध रूप से संचालित फ्ल ठेलों को हटाने की कार्रवाई की गई। पावर हाउस चौक शहर का व्यस्ततम क्षेत्र होने के कारण यहां दिनभर वाहनों का आवागमन अधिक रहता है। सड़क किनारे फ्ल ठेले एवं अन्य अस्थायी दुकानें लगने से सड़क की चौड़ाई कम हो रही थी तथा यातायात का दबाव बढ़ रहा था। इसे देखते हुए निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर सड़क किनारे लगाए गए अवैध ठेलों को हटाया और आवागमन के लिए मार्ग को व्यवस्थित किया।

कार्यस्थलों पर संभावित जोखिमों की पहचान कर उनका समयबद्ध निराकरण करने के निर्देश

औद्योगिक दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने सुरक्षा उपायों की समीक्षा

दुर्ग / नवप्रदेश। जिले में विगत वर्षों में घटित गंभीर एवं खतरनाक औद्योगिक दुर्घटनाओं की समीक्षा तथा भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने और कार्यस्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से भिलाई इस्पात संयंत्र में औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संचालक श्री मनीष श्रीवास्तव ने की।

बैठक में भिलाई इस्पात संयंत्र सहित जिले के विभिन्न बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठानों के सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उप संचालक श्री मनीष कुंजाम एवं सहायक संचालक श्री दिव्यांश सिन्हा व श्री पीयूष वर्मा भी उपस्थित रहे। बैठक में जिले में विगत 10 वर्षों में घटित गंभीर एवं खतरनाक औद्योगिक दुर्घटनाओं की विस्तृत

समीक्षा की गई। दुर्घटनाओं के कारणों, परिस्थितियों, कार्य-पद्धतियों तथा दुर्घटनाओं के दौरान सामने आई सुरक्षा संबंधी कमियों एवं खामियों का विश्लेषण किया गया।

औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संचालक द्वारा निर्देशित किया गया कि पूर्व में घटित दुर्घटनाओं की केस स्टडी तैयार कर उनसे प्राप्त सीख को कारखानों की वर्तमान सुरक्षा व्यवस्था में शामिल किया जाए। दुर्घटनाओं के मूल कारणों का विश्लेषण करते हुए आवश्यक निवारक एवं सुधारात्मक उपायों को प्रभावी रूप से लागू किया जाए।

बैठक में खतरनाक एवं जोखिमपूर्ण कार्यों के लिए कार्य-विशिष्ट एसओपी तैयार करने तथा संबंधित श्रमिकों को कार्य की प्रकृति एवं जोखिम के अनुरूप प्रशिक्षण देने पर विशेष जोर दिया गया। नियमित सुरक्षा एवं रिफ्रेशर प्रशिक्षण आयोजित करने तथा कार्यस्थल पर निर्धारित सुरक्षा प्रक्रियाओं, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (क्क्ष्क्ष) एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा उपायों का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। संचालक द्वारा स्पष्ट किया गया कि किसी भी खतरनाक कार्य को निर्धारित सुरक्षित कार्य-विधि के बिना नहीं कराया जाए। कार्य प्रारंभ करने से पूर्व जोखिम मूल्यांकन, सुरक्षित कार्य-विधि, आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था तथा श्रमिकों की दक्षता एवं प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाए। सभी कारखाना प्रबंधनों एवं सुरक्षा अधिकारियों को लागू अधिनियमों एवं नियमों के सुरक्षा प्रावधानों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने तथा कार्यस्थलों पर संभावित जोखिमों की पहचान कर उनका समयबद्ध निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

मुख्य सचिव ने की सेवा संकल्प अभियान अभियान की समीक्षा

दुर्ग / नवप्रदेश। मुख्य सचिव श्री विकासशील ने आज विडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से कलेक्टर्स और कमिश्नर की बैठक लेकर सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत संचालित गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने सेवा संकल्प अभियान को जनभागीदारी का व्यापक अभियान बनाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर कलेक्टोरेट स्थित एनआईसी कक्ष में संभाग आयुक्त श्री एस.एन. राठौर, कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह, नगर निगम भिलाई की आयुक्त सुश्री सुरूचि सिंह, नगर निगम दुर्ग की आयुक्त सुश्री लीना कोसम, नगर निगम रिसाली की आयुक्त श्रीमती मोनिका वर्मा, नगर निगम भिलाई-3 चरोदा की आयुक्त श्री दशरथ राजपूत, अपर कलेक्टर श्री हरवंश सिंह मिरी एवं श्रीमती सिल्ली थामस सहित अभियान से जुड़े विभागों से नोडल अधिकारी उपस्थित थे।मुख्य सचिव ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान को केवल एक आयोजन के रूप में नहीं लेकर उसे जनभागीदारी और एक दूसरे की संस्कृति को मजबूत करने के अवसर के रूप में लिया जाना चाहिए। उन्होंने कलेक्टरों को निर्देशित किया कि जिले में अभियान की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से आयोजित करते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों, स्वयं सेवी संस्थाओं और सामाजिक संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित किया जाए। समीक्षा के दौरान सेवा मेरा योगदान के तहत विभिन्न गतिविधियां, देह दान, अंग दान करने वाले परिवारों का सम्मान, हरित छत्तीसगढ़ अभियान को एक पेड़ मां के नाम के साथ शामिल कर पौधरोपण किये जाने, सेवा मेरा योगदान उत्सव को सेवा संकल्प एवं योगदान उत्सव के रूप में मनाये जाने, सेवा सेतु शिविरों में आवेदन का समयबद्ध निराकरण आदि की समीक्षा के साथ कलेक्टरों को अभियान का प्रभावी नेतृत्व करने निर्देशित किया गया।

'हिंदी निबंध प्रतियोगिता' व 'चित्र देखो-कविता लिखो' प्रतियोगिता का समापन

दुर्ग / नवप्रदेश। 'नगर राजभाषा कार्यालय समिति, भिलाई-दुर्ग' (नराकास) के तत्वावधान में सेल, केन्द्रीय विपणन संगठन, शाखा विक्रय कार्यालय, सेक्टर-1, भिलाई द्वारा शाखा विक्रय कार्यालय के प्रथम तल सभागार में नराकास स्तरीय 'हिंदी निबंध प्रतियोगिता' एवं 'चित्र देखो-कविता लिखो' प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजक संस्थान के प्रमुख, महाप्रबंधक (विक्रय) व शाखा प्रबंधक, शाखा विक्रय कार्यालय, सेक्टर-1, भिलाई, श्री संतोष पात्रा, महाप्रबंधक (विक्रय) एवं विक्रय निवासी प्रबंधक, केन्द्रीय

विपणन संगठन सेक्टर-1, भिलाई, श्री बिजय कुमार, निर्णायकगण श्री नितिन गोस्वामी, सहायक अधीक्षक (डाकघर) उपसंभाग दुर्ग तथा श्री जितेन्द्र दास मानिकपुरी, उप प्रबंधक (संपर्क व प्रशासन ङ्क राजभाषा), भिलाई इस्पात संयंत्र उपस्थित थे।

कार्यक्रम के आरंभ में सर्वप्रथम संस्थान प्रमुख श्री संतोष पात्रा ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए आयोजन के लिए नराकास, भिलाई-दुर्ग की प्रेरणा व प्रोत्साहन को विशेष रूप से श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि, हिंदी में कामकाज के प्रसार के लिए सेल-केन्द्रीय विपणन संगठन, शाखा विक्रय कार्यालय द्वारा नराकास स्तरीय आयोजनों का ऋम आगे भी निरंतर जारी रहेगा ।

पक्का घर बनने से खिली नन्ही परी की मुस्कान, चेलाराम का सपना हुआ पूरा

दुर्ग / नवप्रदेश। जब शासन की नीतियां सीधे आम नागरिक के संघर्षों को आसान बनाने लगें, तो वह केवल कागजी योजना नहीं रह जाती, बल्कि लोगों की जिंदगी बदलने का सशक्त माध्यम बन जाती है। नगर पालिका निगम रिसाली के ग्राम डुंडेरा वार्ड ऋमांक 35 में रहने वाले चेलाराम साहू की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। भिलाई स्टील प्लांट में कार्य करके वर्ष में करीब 80,000 रुपये अर्जित करने वाले चेलाराम अपने 3 सदस्यों के परिवार (पत्नी और एक छोटी बेटी) के साथ कच्चे व खपरैल वाले घर में रहने को मजबूर थे। बरसात के दिनों में छत से पानी टपकने और बंदरों द्वारा खपरैल तहस-नहस कर देने के कारण उन्हें बार-बार मरम्मत में काफी पैसे खर्च करने पड़ते थे। इस बदहाली का सबसे बुरा असर उनकी छोटी बिटिया पर पड़ता था, जो नमी के कारण बीमार पड़ जाती थी और उसकी पढ़ाई-लिखाई व सोने में भारी दिक्कतें आती थीं।

बिटिया की चिंता से परेशान चेलाराम साहू को जब नगर निगम से प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी मिली, तो उन्होंने आवश्यक दस्तावेज जमा कर आवेदन किया। योजनांतर्गत 2.66 लाख रुपये की स्वीकृत लागत (जिसमें केंद्रांश 1.50 लाख, राज्यांश 0.665 लाख एवं हितग्राही अंशदान 0.495 लाख रुपये शामिल है) से उनका पक्का मकान एक साल के भीतर बनकर तैयार हो गया।

दरअसल, जनसेवा और सुशासन के प्रति यही प्रतिबद्धता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उस कार्यशैली को दर्शाती है, जिसने बीते 25 वर्षों में देश में जन-जनकल्याण के नए मानदंड स्थापित किए हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार की जन कल्याणकारी नीतियां हर गरीब के सपनों को नया संबल दे रही हैं।

सेक्टर-9 अस्पताल में नवजात पुनर्जीवन पर राष्ट्रीय कार्यशाला

भिलाईनगर/ नवप्रदेश। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के अंतर्गत संचालित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र (जेएलएनएचआरसी), सेक्टर-9, भिलाई में गुणवत्तापूर्ण नवजात देखभाल को सुदृढ़ करने तथा नवजात मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) छत्तीसगढ़ एवं नेशनल नियोनेटोलॉजी फोरम (एनएनएफ) के सहयोग से राष्ट्रीय द्धक्क-हहस्न-स्नतरू बेसिक नियोनेटल रिससिटेशन प्रोग्राम (एनआरपी)-फर्स्ट गोल्डन मिनट (एफजीएम) कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं)

डॉ. उदय कुमार ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं विभागाध्यक्ष (बाल रोग एवं नवजात शिशु विभाग) डॉ. संबिता पंडा उपस्थित रहीं।

अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (एएपी) के सहयोग से संचालित द्धक्क-हहस्न फर्स्ट गोल्डन मिनट प्रोजेक्ट के तहत आयोजित इस राष्ट्रीय पहल का उद्देश्य प्रत्येक प्रसव के समय एनआरपी -प्रशिक्षित व्यक्ति की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में महाप्रबंधक (एम एंड एस) श्री संजय शर्मा, महाप्रबंधक (एम एंड एचएस) श्री संजय दवे, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं प्रभारी (एनआईसीयू) डॉ. सुबोध साहा तथा अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं विभागाध्यक्ष (प्रसूति एवं स्त्री रोग) डॉ. नीना गुहा ने सहभागिता की।

मुख्य अतिथि डॉ. उदय कुमार ने पहल की सराहना करते हुए कहा कि जन्म के बाद के पहले 60 सेकंड नवजात पुनर्जीवन की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। इस अवधि में त्वरित एवं सही हस्तक्षेप नवजात के जीवनरक्षा में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि संरचित एवं कौशल-आधारित प्रशिक्षण से स्वास्थ्य कर्मियों की दक्षता बढ़ाने के साथ-साथ रोकथाम योग्य नवजात मृत्यु को कम किया जा सकता है।

मुख्य परामर्शदाता (एम एंड एचएस) एवं छत्तीसगढ़ राज्य शैक्षणिक समन्वयक, बेसिक नियोनेटल रिससिटेशन तथा कार्यशाला समन्वयक डॉ. माला चौधरी ने बताया कि द्धक्क-हहस्न-स्नतरू कार्यशाला एक संरचित, वस्तुनिष्ठ एवं एल्गोरिथम-आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम है जिसमें राष्ट्रव्यापी रूप से निर्धारित चरणों का ऋमबद्ध पालन किया जाता है।

प्रतिभागियों के पुनर्जीवन कौशल का मूल्यांकन परफॉर्मेंस चेकलिस्ट (पीसीइएल) तथा परफॉर्मेंस इवैल्यूएशन टेस्ट (पीईटी) के माध्यम से किया जाता है। कार्यशाला में कुल 24 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इनमें बाल रोग एवं प्रसूति विभाग के पोस्ट ग्रेजुएट रेजिडेंट डॉक्टर, लेबर रूम एवं मैटरनिटी नर्स तथा अपोलो कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की नर्सिंग छात्राएं शामिल थीं। प्रतिभागियों को जन्म के बाद शुरुआती 60 सेकंड में प्रभावी नवजात पुनर्जीवन के लिए हैंड्स-ऑन कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

तालाबों में विशेष सफाई अभियान

भिलाई/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में सेवा ही संकल्प एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता दीदियों एवं सफाई मित्रों द्वारा तालाबों की विशेष साफ-सफाई का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत निगम क्षेत्र के विभिन्न तालाबों में जमा कचरा, पूजा सामग्री एवं अन्य अपशिष्ट को निकालकर तालाबों को स्वच्छ एवं साफ रखने का कार्य किया जा रहा है। त्यौहारी सीजन को देखते हुए तालाबों में पूजा सामग्री एवं निर्माल्य के रूप में जमा होने वाले कचरे की नियमित सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्वच्छता दीदियां तालाबों के आसपास एवं जल क्षेत्र से कचरा एकत्र कर उसका उचित निपटान कर रही हैं, जिससे तालाबों की स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित हो सके।

राजधानी रायपुर के विभिन्न पंडालों में आकर्षक रूप में विराजे विघ्नहर्ता भगवान श्रीगणेश

बढ़ई पारा, रायपुर।

लाखे नगर, रायपुर।


रायपुरा चौक रायपुर।

रामसागर पारा रायपुर।


मठपारा रायपुर।

माँ महामाया गणेश उत्सव समिति रतनपुर।

गजावक्रा गणेश उत्सव समिति रतनपुर।

न्यूज गैलरी

लोटस पब्लिक स्कूल भटगांव में रीडिंग और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

भटगांव/नवप्रदेश। विकसित भारत का संकल्प अभियान के तहत लोटस पब्लिक स्कूल भटगांव में रीडिंग प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री गणेश जी एवं मां सरस्वती जी के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। छात्र-छात्राओं ने विकसित भारत 2047, शिक्षा का महत्व और देश के भविष्य जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। रीडिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने स्पष्ट वाचन और भाषण प्रतियोगिता में ओजस्वी वक्तव्य से सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सत्यनारायण साहू, नोडल अधिकारी प्रीतम भारद्वाज, स्कूल समन्वयक विजय साहू, सेवानिवृत्त शिक्षक बी.एल. चंद्राकर, पत्रकार धर्मेन्द्र साहू, के. पी. पटेल, रूप नारायण सिँह राजपूत, मोनू यादव सहित स्कूल के संचालक एवं प्राचार्य लक्ष्मी नारायण साहू सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

शासकीय कन्या स्कूल में भाषण स्पर्धा का आयोजन, परिसर में पौधारोपण

भटगांव/नवप्रदेश। सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर पंचायत भटगांव के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जहाँ कार्यक्रम के तहत रीडिंग प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने विकसित भारत के संकल्प, शिक्षा और देश के भविष्य को लेकर अपने विचार रखे। प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इसके पश्चात स्कूल परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जहाँ सभी अतिथियों ने एक -एक पौधों का वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे, उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन, पार्षद देवेन्द्र यादव, महादेवा यादव, राम कुमार सिदार लीलाधर वैष्णव , पार्षद प्रतिनिधि रमा पटेल, एल्डरमैन रविंद्र सिँह बनाफर, स्कूल के प्रभारी प्राचार्य निरुपमा केशरवानी, शिक्षक तुलेश्वर भारद्वाज, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राकेश पटेल सहित समिति के सदस्य, शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

नपं कार्यालय भटगांव में गणेश स्थापना पर सुंदरकांड का भव्य आयोजन

भटगांव/नवप्रदेश। नगर पंचायत भटगांव कार्यालय परिसर में श्री गणेश स्थापना के पावन अवसर पर सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यालय में विधि-विधान से भगवान श्री गणेश जी की स्थापना की गई, जिसके पश्चात पंडितों द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया गया। इस दौरान पूरे कार्यालय परिसर को फूल-मालाओं और आकर्षक विद्युत सजावट से सजाया गया था। उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने सुन्दर कांड पाठकर हनुमान चालीसा किया और श्री गणेश जी की सामूहिक आरती कर आज के कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे, उपाध्यक्ष, एवं सभी पार्षदगण, सीएमओ, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। सुंदरकांड पाठ के बाद महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन को लेकर नगर में हर्ष का माहौल है।

नक्सल ब्लास्ट में तबाह हुई एसयूवी, अब देनी होगी 16 लाख वाहन क्षतिपूर्ति

■ **पुलिस विभाग को क्षतिपूर्ति और 5 हजार मानसिक प्रताड़ना देने का आदेश, बीमा कंपनी ने खारिज किया था दावा**

जगदलपुर/नवप्रदेश। शासकीय ड्यूटी के लिए अधिग्रहित की गई स्कॉर्पियो नक्सलियों के बारूदी विस्फोट में पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बीमा कंपनी ने वाहन के व्यावसायिक उपयोग का हवाला देते हुए बीमा दावा खारिज कर दिया था। इसके बाद वाहन मालिक ने जिला उपभोक्ता आयोग की शरण ली। आयोग ने मामले में वाहन मालिक के पक्ष में फैसला सुनाते हुए छत्तीसगढ़ शासन के पुलिस विभाग को 16 लाख रुपए वाहन क्षतिपूर्ति और 5 हजार रुपए मानसिक प्रताड़ना के तौर पर देने का आदेश दिया है।

जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल तथा सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ ने यह आदेश पारित किया। जगदलपुर निवासी रामनाथ बैरागी ने अपनी स्कॉर्पियो का बीमा चोलामंडलम एमएस जनरल इंश्योरेंस कंपनी से कराया था। दंतेवाड़ा पुलिस ने शासकीय कार्य के लिए वाहन का अधिग्रहण किया था। इसी दौरान ग्राम बेदरे के पास नक्सलियों द्वारा किए गए बारूदी विस्फोट की चपेट में आने से स्कॉर्पियो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

अधिग्रहण स्वैच्छिक समझौता नहीं

आयोग ने कहा कि शासकीय अधिग्रहण किसी स्वैच्छिक समझौते के तहत नहीं होता, बल्कि वैधानिक अधिकारों के तहत जारी सरकारी आदेश के आधार पर किया जाता है। अधिग्रहण के बाद वाहन का उपयोग किस प्रकार और किस परिस्थिति में होगा, इस पर वाहन मालिक का कोई नियंत्रण नहीं रहता। इसलिए ड्यूटी के दौरान वाहन को हुए नुकसान की जिम्मेदारी शासन की बनती है। आयोग ने यह भी माना कि अधिग्रहित वाहन का बीमा निजी हो या व्यावसायिक, शासकीय आदेश के तहत ड्यूटी के दौरान उत्पन्न जोखिम के लिए वाहन मालिक को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। इसी आधार पर पुलिस विभाग को वाहन मालिक को 16 लाख रुपए क्षतिपूर्ति और 5 हजार रुपए मानसिक प्रताड़ना के रूप में देने का आदेश दिया गया।

बीमा कंपनी ने व्यावसायिक उपयोग बताया

घटना के बाद वाहन मालिक ने बीमा कंपनी के समक्ष दावा प्रस्तुत किया, लेकिन कंपनी ने वाहन के व्यावसायिक उपयोग का हवाला देते हुए क्लेम खारिज कर दिया। इससे असंतुष्ट होकर वाहन मालिक ने जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद प्रस्तुत किया। सुनवाई के दौरान आयोग ने शासकीय अधिग्रहण की प्रक्रिया को महत्वपूर्ण माना। आयोग ने स्पष्ट किया कि जब किसी वाहन को शासन द्वारा वैधानिक आदेश के तहत अधिग्रहित किया जाता है तो उसके इस्तेमाल, रूट और चालक पर शासन का नियंत्रण हो जाता है। ऐसी स्थिति में वाहन मालिक का वाहन के संचालन और उपयोग पर कोई नियंत्रण नहीं रहता।

महिला श्रम शक्ति की रैंकिंग : एनएसओ की पहली बार जिला स्तरीय रिपोर्ट

देश की राजधानियों में रायपुर को तीसरा जिलों में सरगुजा को मिला चौथा स्थान

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय यानि एनएसओ ने पहली बार जिला स्तरीय श्रम बाजार रिपोर्ट पेश की है। इस रिपोर्ट में छत्तीसगढ़ के जिले सरगुजा से बेहद महत्वपूर्ण तथ्य सामने आया है। श्रम बाजार रिपोर्ट में सरगुजा को छत्तीसगढ़ के प्रमुख जिलों में महिला श्रम बल भागीदारी के लिहाज से सबसे ऊपर रखा गया है।

यहां 15 वर्ष और उससे अधिक उम्र की महिलाओं का लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट यानी एलएलपीआर 69 फीसदी है, जबकि वर्कर पापुलेशन रेशियों यानी डब्लूपीआर 68 प्रतिशत दर्ज किया गया है। इसी प्रकार देश की राजधानियों का सर्वे भी किया गया है। इसमें छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर भी देश की राजधानियों की तुलना में ऊपर दिखाई देता है। रायपुर में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की पूरी आबादी का एलएफपीआर 61.5 तथा डब्लूपीआर 59.4 फीसदी है। रिपोर्ट में राज्य की राजधानियों के बीच एलएफपीआर और डब्लुपीआर दोनों के लिहाज से रायपुर तीसरे स्थान पर है।

एलएफपीआर और डब्लूपीआर क्या है: एलएफपीआर यानि लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट आबादी में उन लोगों का प्रतिशत है जो या तो काम कर रहे हैं, या काम तलाश रहे हैं अथवा काम करने के लिए उपलब्ध हैं। डब्लुपीआर यानी वर्कर पापुलेशन रेशियो आबादी में उन लोगों का प्रतिशत है जो वास्तव में किसी आर्थिक गतिविधि में लगे हुए हैं। सरल भाषा में कहें तो एलएफपीआर बताता है कि कितने लोग श्रम बाजार में हैं, जबकि डब्लुपीआर बताता है कि वास्तव में कितने लोग काम कर रहे हैं। दोनों के बीच का अंतर बेरोजगारी या काम की तलाश या उपलब्धता की स्थिति को समझने में मदद करता है।

रायपुर भी देश की शीर्ष राजधानी जिलों में

रायपुर की तस्वीर अलग है। यहां एनएसओ ने महिलाओं के बजाय 15 वर्ष और उससे अधिक उम्र की पूरी आबादी के श्रम बाजार संकेतक दिए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक रायपुर का एलएफपीआर 61.5 फीसदी और इबलूपीआर 59.4 फीसदी है। राज्य की राजधानियों में इससे ऊपर शिमला का एलएफपीआर 70 फीसदी और इब्लूपीआर 65.1 फीसदी तथा तिरुवनंतपुरम का एलएफपीआर 64.4 फीसदी और इब्लूपीआर 63.2 फीसदी है। इस तरह रायपुर इस तुलना में तीसरे स्थान पर आता है। यह आंकड़ा खास इसलिए है क्योंकि पहली बार जिला स्तर पर उपलब्ध कराए गए श्रम बाजार के आंकड़ों में राजधानी रायपुर की स्थिति को दूसरे राज्यों की राजधानियों के साथ सीधे देखा जा सकता है।

सरगुजा में 10 में करीब सात महिलाएं श्रम बल में

एनएसओ की 18 सितंबर 2026 को जारी रिपोर्ट में अलग-अलग जिलों के श्रम बाजार की पहली जिला-स्तरीय तस्वीर सामने आई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि देश के करीब 57.8 फीसदी जिलों में महिलाओं का एलएफपीआर 40 फीसदी या उससे अधिक है। छत्तीसगढ़ के मामले में रिपोर्ट ने राज्य के महिला आबादी के हिसाब से सबसे बड़े जिलों में से सबसे अधिक महिला एलएफपी आर और डब्लूपी आर वाले जिले के रूप में सरगुजा को दर्ज किया है। सरगुजा में महिला एलएफपीआर 69 फीसदी और महिला इबलूपीआर 68 फीसदी है। इसका सीधा अर्थ यह नहीं है कि सरगुजा की 69 फीसदी महिलाएं नौकरी कर रही हैं।

देश के दूसरे जिलों की तुलना में सरगुजा

एनएसओ की रिपोर्ट में राज्यों के सभी जिलों की पूरी रैंकिंग नहीं दी गई है। महिला एलएफपीआर के लिए राज्यों के महिला आबादी के लिहाज से चुने गए प्रमुख जिलों में- सबसे अधिक दर वाले जिले को दिखाया गया है। इस तुलना में हिमाचल प्रदेश का हमीरपुर 80.9 फीसदी महिला एलएफपीआर के साथ ऊपर है। ओडिशा का मयूरभंज 71.8 फीसदी और जम्मू-कश्मीर का बडगाम 71.4 फीसदी है। इसके बाद छत्तीसगढ़ का सरगुजा 69 फीसदी पर है।

सरगुजा में 68% महिलाएं आर्थिक गतिविधियों में सक्रिय

एलएफपीआर में वे महिलाएं भी शामिल होती हैं जो काम कर रही हैं या काम तलाश रही हैं अथवा काम के लिए उपलब्ध हैं। वास्तविक रूप से आर्थिक गतिविधि में लगी महिलाओं का अनुपात डब्लूपीआर से पता चलता है, जो सरगुजा में 68 फीसदी है। यानी रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि सरगुजा में 15 वर्ष और उससे अधिक उम्र की 100 महिलाओं में करीब 69 महिलाएं श्रम बाजार से जुड़ी हुई थीं और करीब 68 महिलाएं किसी आर्थिक गतिविधि में लगी थीं।

बारिश होते ही जनपद पंचायत कार्यालय में भरा लबालब पानी

■ **कार्यालय के भीतर पानी भरने से कर्मचारी और आमजन परेशान, महत्वपूर्ण फाइलों को नुकसान का बना रहता है डर**

कवर्धा/नवप्रदेश। बारिश शुरू होते ही जनपद पंचायत कवर्धा का कार्यालय एक बार फिर जलभराव की समस्या से जूझता नजर आया। बारिश के दौरान कार्यालय परिसर के साथ-साथ अंदर के कई हिस्सों में पानी जमा हो जाने से कर्मचारियों और आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि कार्यालय में आने-जाने वाले लोगों को पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है, वहीं कर्मचारियों को भी अपने कामकाज के दौरान काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं।

बारिश के दौरान कार्यालय के अंदर पानी का भराव होने से सरकारी कामकाज भी प्रभावित होता है। कार्यालय में रखी महत्वपूर्ण शासकीय फाइलों, दस्तावेजों और अन्य रिकॉर्ड के खराब होने का डर कर्मचारियों के बीच बना रहता है। कर्मचारियों का कहना है कि बारिश के दौरान सबसे बड़ी चिंता यही रहती है कि कहीं पानी कार्यालय में रखे महत्वपूर्ण दस्तावेजों तक न पहुंच जाए। ऐसे में कर्मचारियों को काम करने के साथ-साथ फाइलों और दस्तावेजों को सुरक्षित रखने की अतिरिक्त चिंता करनी पड़ती है।

हर बारिश में यही समस्या

स्थानीय लोगों के अनुसार जनपद पंचायत कार्यालय में जलभराव की समस्या कोई नई बात नहीं है। इससे पहले भी बारिश के मौसम में कार्यालय के अंदर पानी भरने की स्थिति सामने आती रही है। हर साल बारिश के दौरान ऐसी स्थिति बनने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाना अब सवाल खड़े कर रहा है। बारिश के दौरान कार्यालय परिसर में पानी जमा होने से ग्रामीण क्षेत्रों से अपनी समस्याओं और विभिन्न शासकीय कार्यों के लिए आने वाले लोगों को भी परेशानी होती है। बुजुर्गों, महिलाओं और अन्य ग्रामीणों को पानी के बीच से कार्यालय तक पहुंचना पड़ता है।

डर के साए में काम करने को मजबूर कर्मचारी

कार्यालय में पानी भरने से कर्मचारियों के बीच भी चिंता का माहौल बना रहता है। महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेज और फाइलें कार्यालय में रखी रहती हैं। ऐसे में पानी को लेकर चिंता बना रहता है , फाइलें खराब होने की आशंका बनी रहती है। कर्मचारियों को अपनी नियमित जिम्मेदारियों के साथ रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने की चिंता भी करनी पड़ती है।

स्थायी समाधान की जरूरत

ग्रामीण धनीराम चंद्रवंशी ने बताया कि जनपद पंचायत जैसे शासकीय कार्यालय में इस तरह जलभराव की स्थिति उत्पन्न होना व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के दौरान हर बार होने वाली इस समस्या का अस्थायी समाधान करने के बजाय इसका स्थायी निराकरण किया जाना चाहिए।

पवनी नपं में 252 हितग्राहियों को वितरित किए गए पीएम आवास योजना के भवन अनुज्ञा पत्र

पवनी/सारंगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के नगर पंचायत पवनी में सोमवार को प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत भवन अनुज्ञा पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर के 252 हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा पत्र प्रदान किए गए।

पार्षद करन साहू ने कहा कि सरकार की आवास योजना का लाभ पात्र परिवारों तक पहुंचाना प्राथमिकता है। अध्यक्ष कुलदीप साहू ने कहा कि नगर पंचायत पवनी में योजना के तहत लगातार हितग्राहियों को लाभ मिलने से नगर के जरूरतमंद परिवारों में भी उत्साह का माहौल है। उपाध्यक्ष नंदू साहू ने कहा कि जरूरतमंद लोगों का सपना होता है कि वह अपना पक्का मकान बना सके और इस सपना को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत साकार किया जा रहा है। कार्यक्रम में सीएमओ मजीद खान, पार्षद कमलेश साहू, पिंटू साहू, रामगोपाल साहू, नंदलाल साहू, गणेश साहू, रामकृष्ण साहू, लीलांबर साहू, लोकनाथ साहू, टीकम साहू, राजेश चौहान, अमित साहू उपस्थित रहे।

396 हितग्राहियों को मिला योजना का लाभ

नगर पंचायत पवनी में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद तथा नगर पंचायत में भाजपा समर्थित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों के निर्वाचित होने के बाद प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बड़ी संख्या में हितग्राहियों को लाभ मिलने की बात सामने आई है। अब तक 396 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभ मिल चुका है। वहीं, आने वाले दिनों में करीब 240 और हितग्राहियों की सूची जारी होने की उम्मीद जताई जा रही है।

सुविधा: कैशलेस जुर्माना भुगतान से लेकर डिजिटल कोर्ट फीस और एएफआर मोबाइल एप तक की सुविधा शुरू

दुर्ग कोर्ट में शुरू हुई 3 नई ई-सेवाएं, अब डिजिटल होगा कामकाज

दुर्ग/नवप्रदेश। न्यायिक प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सरल और डिजिटल बनाने की दिशा में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर ने जिला न्यायालयों के लिए तीन महत्वपूर्ण ई-सेवाओं की शुरुआत की है। मुख्य न्यायाधीश के निर्देश पर इन सेवाओं को दुर्ग जिला न्यायालय सहित अधीनस्थ न्यायालयों में लागू किया जा रहा है। इससे अधिवक्ताओं और पक्षकारों को न्यायालयीन कार्यों के लिए अधिक सुविधाजनक और त्वरित डिजिटल व्यवस्था उपलब्ध होगी।

इन नई सेवाओं में कैशलेस जुर्माना भुगतान सुविधा, एएफआर मोबाइल एप और कोर्ट फीस टिकट जनरेशन प्रणाली शामिल हैं। कैशलेस जुर्माना भुगतान के तहत अब न्यायालयों में लगाए गए जुर्माने का भुगतान डिजिटल माध्यम से किया जा सकेगा। इससे नकद लेन-देन कम होगा और भुगतान की प्रक्रिया के साथ उसका डिजिटल अभिलेख भी उपलब्ध रहेगा। इसी तरह एएफआर मोबाइल एप के माध्यम से अधिवक्ताओं और पक्षकारों को उच्च न्यायालय के रिपोर्टिंग के लिए स्वीकृत महत्वपूर्ण फैसलों, मामलों के संदर्भ और कानूनी व्याख्याओं तक आसानी से पहुंच मिल सकेगी। इससे अधिवक्ताओं को मामलों की तैयारी में सुविधा होगी और कागजी कार्यवाही में भी कमी आएगी। कोर्ट फीस टिकट जनरेशन प्रणाली के जरिए अधिवक्ता और पक्षकार ई-पे ई-कोर्ट तथा जीआरएएस प्रणाली के माध्यम से यूपीआई और नेट बैंकिंग द्वारा न्यायालय शुल्क जमा कर सकेंगे। भुगतान के बाद प्रणाली स्वतः जीआरएन और ई-चालान तैयार करेगी, जिसका सत्यापन न्यायालयीन पंजीयक आसानी से कर सकेंगे।

दुर्ग न्यायालय परिसर में कियोस्क और प्रिंटर की सुविधा

उच्च न्यायालय के निर्देशों के तहत दुर्ग जिला न्यायालय परिसर में कियोस्क मशीन के साथ विशेष प्रिंटर की व्यवस्था की जा रही है। इसके माध्यम से ई-कोर्ट फीस टिकट तत्काल मुद्रित किए जा सकेंगे। यह सुविधा पाटन, भिलाई-3 और धमधा तालुका न्यायालयों से जुड़े पक्षकारों के लिए भी उपयोगी होगी।

जनता और पक्षकारों को सुविधाओं की दी जानकारी

एएफआर मोबाइल एप के प्रचार-प्रसार के लिए डाउनलोड लिंक जिला अधिवक्ता संघ, दुर्ग तथा अधीनस्थ न्यायालयों को ईमेल और वाट्सऐप के माध्यम से भेजा गया है। वहीं, आम जनता और पक्षकारों को इन सुविधाओं की जानकारी देने के लिए न्यायालय परिसर के सूचना पटल तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग की आधिकारिक वेबसाइट पर भी जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि.शेड नं.74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 फोन : 0771-3526755, 6262188999